

7
भूमि सतीश पेडनेकर की...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 31 अंक 229 ■ जबलपुर मंगलवार 10 फरवरी 2026 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00



11
महिला सशक्तिकरण के...

# डिजिटल फ्रॉड सरासर डकैती...पूरे देश में लागू हो एसओपी

नई दिल्ली

देश में तेजी से बढ़ते डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए इसे डकैती या लूट करार दिया है। अदालत ने कहा कि अब तक 54,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि साइबर ठगी के जरिए निकाली जा चुकी है, जो बेहद गंभीर स्थिति को दर्शाता है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा तैयार किए गए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) को पूरे देश में औपचारिक रूप से लागू किया जाए, ताकि डिजिटल फ्रॉड पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों में बैंकों की लापरवाही या अधिकारियों की मिलीभगत की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने आरबीआई और बैंकों से कहा कि वे ऐसे मामलों में समय पर और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। सुनवाई के दौरान अदालत ने बताया कि आरबीआई ने पहले ही एक एसओपी तैयार किया है, जिसके तहत साइबर फ्रॉड की आशंका होने पर अस्थायी रूप से डेबिट कार्ड को होल्ड पर डालने जैसी त्वरित कार्रवाई का प्रावधान है। इसका उद्देश्य धोखाधड़ी से होने वाले नुकसान को तुरंत रोकना है। डिजिटल अपराधों से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक और अहम निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि अंतर-विभागीय एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल के लिए चार सप्ताह के भीतर एक ड्राफ्ट मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) तैयार किया जाए। अदालत ने साफ शब्दों में कहा हम केंद्र सरकार को निर्देश देते हैं कि वह आरबीआई की एसओपी को औपचारिक रूप से अपनाए और पूरे भारत में लागू करे, ताकि डिजिटल धोखाधड़ी से निपटने में एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय हो सके। अदालत ने सीबीआई को निर्देश दिया है कि वह देशभर में सामने आए डिजिटल अरेस्ट मामलों की पहचान करे और उनसे जुड़े तथ्यों की विस्तृत जांच की जाए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात और दिल्ली सरकारों से कहा है कि जिन मामलों की पहचान की जाए, उनमें जांच के लिए आवश्यक मंजूरी बिना देरी के प्रदान की जाए, ताकि जांच प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि आरबीआई, दूरसंचार विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियां आपस में समन्वय कर एक संयुक्त बैठक आयोजित करें। इस बैठक का उद्देश्य डिजिटल अरेस्ट के शिकार लोगों को मुआवजा देने के लिए एक स्पष्ट और प्रभावी ढांचा तैयार करना होगा।





### पीड़ितों के प्रति उदार दृष्टिकोण की जरूरत

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों में पीड़ितों को मुआवजा देते समय तकनीकी जटिलताओं में उलझने के बजाय एक व्यावहारिक और उदार रवैया अपनाया जाना चाहिए। अदालत के अनुसार, ऐसे अपराधों में आम नागरिक मानसिक और आर्थिक रूप से गहरा नुकसान झेलता है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### 2.5 करोड़ का कर्ज, बैंक कर्मी ने खुद को गोली मारी



**इंदौर।** विजय नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिनर्जी अस्पताल के पास सोमवार शाम एक को-ऑपरेटिव बैंक में कार्यरत कर्मचारी हेमंत ब्रह्मवंशी ने अपनी ही लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना शाम करीब साढ़े 5 बजे की बताई जा रही है जब वह अपने घर के कमरे में अकेला था। जानकारी के अनुसार हेमंत ने अपने मकान को गिरवी रखकर बैंक ऑफ महाराष्ट्र से ढाई करोड़ रुपये का कर्ज ले रखा था। बताया जा रहा है कि पिछले डेढ़ साल से वह बैंक की किश्तें चुकाने में असमर्थ था।

### मंदिर की छत गिरी, 3 बच्चियों की मौत

**मुरैना।** मुरैना जिले के अहरौली गांव में चामड़ माता के मंदिर की छत गिर गई। मलबे में दबकर 3 बच्चियों की मौत हो गई। 4 अन्य बच्चियां और एक दंपती घायल हैं। हादसा सोमवार दोपहर करीब दो बजे मंदिर में गुंबद निर्माण के लिए पुरानी छत तोड़ते वक्त हुआ। गांव में ही रहने वाले सतीश गौड पत्नी पृथ्वी के साथ मंदिर में प्रसाद चढ़ाने आए थे। उन्होंने प्रसाद देने के लिए कुछ बच्चियों को भी मंदिर के भीतर बुला लिया। इसी दौरान पुरानी छत की पटिया गिर गई और नीचे बैठीं बच्चियां मलबे में दब गईं।

### मंत्री विजय शाह मामले की सुनवाई टली

**भोपाल।** मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए विवादित बयान के मामले में 9 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। जैसे ही विजय शाह के मामले की सुनवाई का समय आया, कोर्ट का समय समाप्त हो गया। अब इस मामले में आगामी दिनों में सुनवाई होगी। हालांकि, राज्य सरकार की ओर से कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट पहले ही पेश की जा चुकी है। उम्मीद थी कि सुनवाई के दौरान मंत्री के खिलाफ अभियोजन की कार्यवाही को लेकर कोई निर्णय लिया जा सकता है।

### जेल में आतंकी अब्दुल रहमान की हत्या

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद की नीमका जेल में बंद आतंकी अब्दुल रहमान की सिर पर वार कर हत्या कर दी गई है. हत्या का आरोप जेल में ही बंद कैदी अरुण चौधरी पर लगा है, जिसे कुछ समय पहले जम्मू-कश्मीर से नीमका जेल शिफ्ट किया गया था. बताया गया है कि उस पर नुकीली चीज से हमला किया गया. पुलिस ने अब्दुल के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच जारी है. जेल सूत्रों के मुताबिक, देर रात इस वारदात को अंजाम दिया गया।

# प्रधानमंत्री सदन में आने से डर रहे : राहुल

## बोले- अगर हमलावर पता है तो तुरंत एफआईआर करें

नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में लगातार हंगामा देखने को मिल रहा है। सोमवार सुबह 11 बजे सदन शुरू होने के साथ ही हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जनरल नरवणे की किताब पर अपनी बात रखना चाहते थे, लेकिन पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने कहा कि बजट पर बोलना चाहते हैं तो बोल सकते हैं, लेकिन किसी और विषय पर बोलने के लिए कोई नोटिस नहीं मिला है। जिस पर फिर से हंगामा हुआ। इस पूरे घटनाक्रम पर राहुल गांधी की प्रतिक्रिया सामने आई है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि तीसरा मुद्दा हमारे सदस्यों का सस्पेंशन है और आखिरी मुद्दा, जिससे हम बहुत परेशान हैं, वह यह फैलाया जा रहा है कि सदस्य प्रधानमंत्री को धमकाने वाले थे। इसका कोई सवाल ही नहीं है। सच्चाई बहुत साफ है। प्रधानमंत्री सदन में आने से डर रहे थे, सदस्यों की वजह से नहीं, बल्कि मेरी बातों की वजह से। उन्होंने कहा कि वह अभी भी डरे हुए हैं क्योंकि वह सच्चाई का सामना नहीं कर सकते। हमारे सदस्यों द्वारा प्रधानमंत्री पर हमला करने का कोई सवाल ही नहीं है। उनमें आने की हिम्मत होनी चाहिए। मैंने यह भी कहा कि अगर किसी ने कहा है कि वह प्रधानमंत्री पर हमला करने वाला है, तो कृपया तुरंत एफआईआर करें। उस व्यक्ति को गिरफ्तार करें। आप ऐसा क्यों नहीं कर रहे हैं?



### रक्षा मंत्री ने झूठ कहा कि...

राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, कहानी कुछ दिन पहले शुरू हुई जब नरवणे की किताब का मुद्दा आया और सरकार नहीं चाहती थी कि मैं इस पर बिल्कुल भी बात करूं, इसलिए उन्होंने सदन को रोक दिया। उन्होंने मुझे बोलने नहीं दिया। ऐसा तीन या चार बार हुआ। पहले उन्होंने कहा कि मैं किसी किताब का हवाला नहीं दे सकता। मैंने कहा कि मैं किताब का हवाला नहीं दे रहा हूं, मैं एक मैगजीन का हवाला दे रहा हूं। फिर उन्होंने कहा कि आप मैगजीन का हवाला नहीं दे सकते। फिर मैंने कहा कि मैं इस बारे में बात करूंगा। फिर वे नहीं चाहते थे कि मैं इस बारे में बात करूं। रक्षा मंत्री ने झूठ कहा कि किताब पब्लिश नहीं हुई है। असल में किताब पब्लिश हो चुकी है और हमारे पास उसकी एक कॉपी भी है।

### एक सदस्य ने घटिया बातें कहीं

राहुल गांधी ने कहा कि यह एक बड़ा मुद्दा है, राष्ट्रपति के भाषण में विपक्ष के नेता और पूरे विपक्ष को बोलने की इजाजत नहीं दी जा रही है। दूसरा मुद्दा यह है कि उनके एक सदस्य ने किताबें, कई किताबें कोट करते हुए बहुत घटिया बातें कहीं। हमें यह बात पसंद नहीं है कि वे जब चाहें, जो चाहें कह सकते हैं, और विपक्ष नहीं कह सकता।

### राहुल गांधी के साथ मौजूद रहे ये नेता

स्पीकर के साथ गांधी की मुलाकात के दौरान टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी, डीएमके नेता टीआर बालू और समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव भी उनके साथ थे। विपक्षी नेताओं ने स्पीकर से गतिरोध खत्म करने के लिए लोकसभा के आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द करने का आग्रह किया।

### राहुल की ओम बिरला से मुलाकात

इसी बीच यह खबर भी सामने आ रही है कि, राहुल गांधी ने सोमवार को कुछ विपक्षी नेताओं के साथ लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की और उन्हें उन मुद्दों के बारे में बताया जिन्हें वह सदन में उठाना चाहते हैं। यह बैठक कुछ मिनटों तक चली और यह बैठक तब हुई जब निचले सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। सूत्रों ने बताया कि गांधी ने स्पीकर से कहा कि वह आठ कांग्रेस सांसदों के निलंबन और संसद से जुड़े अन्य मुद्दों को उठाना चाहते हैं, जिसमें महिला सांसदों पर लगाए गए आरोप भी शामिल हैं। बिरला ने पिछले हफ्ते सदन में कहा था कि उनके पास 'पक्की जानकारी' है कि कई कांग्रेस सदस्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीट की ओर बढ़ सकते हैं और 'कुछ अप्रत्याशित हरकत' कर सकते हैं, जिसके कारण उन्होंने उनसे राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देने के लिए सदन में न आने का अनुरोध किया था।




### नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक सोशल मीडिया पर लीक

#### दिल्ली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

नई दिल्ली

पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की आगामी किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के कथित रूप से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इस पुस्तक को अभी संबंधित प्राधिकरणों से प्रकाशन की आवश्यक अनुमति नहीं मिली है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि विभिन्न ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज फोरम पर ऐसी जानकारी सामने आई थी कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी इंटरनेट पर साझा की जा रही है। इन दावों के संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। शुरुआती जांच में पाया गया कि 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' शीर्षक से टाइपसेट की गई एक पीडीएफ कॉपी कुछ वेबसाइट्स पर उपलब्ध है। यह कॉपी कथित रूप से पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार की गई प्रतीत होती है। इसके अलावा कुछ ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म पर पुस्तक का फाइनल कवर भी इस तरह प्रदर्शित किया गया है, मानो वह बिक्री के लिए उपलब्ध हो। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, यह मामला एक ऐसी पुस्तक के संभावित लीक या गोपनीयता उल्लंघन से जुड़ा है, जिसे अभी आधिकारिक मंजूरी मिलना बाकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल सेल में केस दर्ज किया गया है और विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि पुस्तक की प्री-प्रिंट कॉपी ऑनलाइन कैसे पहुंची, इसमें किन लोगों या संस्थाओं की भूमिका हो सकती है, और क्या इसमें कॉपीराइट या अन्य कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन हुआ है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## फिर हिंसा की आग में सुलग उठा मणिपुर

### उखरुल में 21 घर जलाए, पुलिस स्टेशन के पास फायरिंग



**इंफाल।** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर के उखरुल जिले में सोमवार दोपहर को एक बार फिर हिंसा भड़क गई। अधिकारियों ने बताया कि यह हिंसा तब भड़की जब कथित तौर पर हथियारबंद बदमाशों ने लिटन सरेखोंग गांव में कई घरों को आग लगा दी। इस दौरान हमलावरों ने हवा में गोलियां भी चलाईं। इस डर से ग्रामीण अपना जरूरी सामान लेकर पड़ोसी जिले कांगपोकपी के सुरक्षित इलाकों में चले गए हैं। कई तांगखुल ग्रामीणों ने भी अपना घर छोड़ दिया है। इस हिंसा की शुरुआत शनिवार रात को हुई थी। तब लिटन गांव में सात-आठ लोगों ने तांगखुल नागा समुदाय के एक व्यक्ति पर हमला किया था। हालांकि, पीड़ित पक्ष और गांव के मुखिया ने आपसी सहमति से मामला सुलझा लिया था। रविवार को इस पर एक बैठक होनी थी, लेकिन वह बैठक नहीं हो पाई। इसके बजाय, पास के सिकिबुंग गांव के लोगों ने लिटन सरेखोंग के मुखिया के घर पर हमला कर दिया। खबरों के मुताबिक, ग्रामीणों ने पुलिस स्टेशन के पास फायरिंग भी की। रविवार रात को दो समूहों के बीच जमकर पत्थरबाजी हुई, जिसके बाद प्रशासन ने पाबंदी लगा दी। इसके बाद सोमवार आधी रात को तांगखुल नागा समुदाय के घरों में आग लगा दी गई। इसका आरोप कुकी उग्रवादियों पर लगा है। इसके बाद कुकी समुदाय के भी कुछ घर जलाए गए। राज्य मंत्री गोविंददास कोंथौजम ने बताया कि हालात बहुत तनावपूर्ण हैं। सोमवार सुबह तक 17 घर जले थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 21 हो गई है। उपमुख्यमंत्री एल डिखो मौके पर मौजूद हैं और लोगों से बात कर रहे हैं। शांति बहाल करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं।

**मुख्यमंत्री ने घायलों से की मुलाकात-** मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने अस्पताल जाकर घायलों का हाल जाना। उन्होंने सभी समुदायों से शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थिति अब नियंत्रण में है और घायलों को पूरी मदद दी जाएगी।

### बंगालः एसआईआर की डेडलाइन बढ़ी

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कई अहम निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने मतदाता सूची सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 14 फरवरी के बाद एक हफ्ते का अतिरिक्त समय दे दिया है। साथ ही, चुनाव प्रक्रिया में बाधा और फॉर्म जलाने की घटनाओं को लेकर राज्य के पुलिस महानिदेशक को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है।

## पैकेज्ड फूड के 33.6 प्रतिशत लेबल में नियमों का उल्लंघन

**नई दिल्ली।** भारत की एआई आधारित डिजिटल फूड लेबलिंग प्लेटफॉर्म कंपनी लेबलब्लाइंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड पंजीकृत के एक अध्ययन में सामने आया है कि देश में पैकेट बंद खाद्य पदार्थों पर किए गए दावों का बड़ा हिस्सा नियामकीय मानकों पर खरा नहीं उतर रहा है। 'लेबलिंग क्लेम्स इन इंडियाज पैकेज्ड फूड इंडस्ट्री 2025-26' नामक इस अध्ययन में 5,058 लेबल दावों का विश्लेषण किया गया, जिनमें से 33.6 प्रतिशत दावे नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए। इनमें 21.3 प्रतिशत सीधे तौर पर गैर-अनुपालन और 12.3 प्रतिशत दावों के समर्थन में पर्याप्त प्रमाण नहीं मिले। अध्ययन में 586 उत्पादों और 18 आम खाद्य श्रेणियों पर किया गया, जिनमें खाद्य तेल, घी, शहद जैसे घरेलू उपयोग के सामान से लेकर प्लांट-बेस्ड ड्रिंक, तैयार भोजन और पैकेट बंद स्नैक्स तक शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों में सबसे अधिक गड़बड़ियां सामने आईं। शहद पर किए गए 80 प्रतिशत स्वास्थ्य दावे, घी के 65.5 प्रतिशत, चाय और हर्बल पेय के 54.3 प्रतिशत तथा खाद्य तेलों के 52.9 प्रतिशत दावे नियामकीय जांच में सही नहीं पाए गए।

# साहब ! पुलिस को इतना मत बेचो...

## हेड कांस्टेबल के सुसाइड नोट से हिला पुलिस विभाग

नीमच

नीमच की कनावटी पुलिस लाइन में हेड कॉन्स्टेबल होशियार सिंह ने आला अधिकारियों पर प्रताड़ना और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मौत से पहले लिखे 3 पन्नों के सुसाइड नोट में उन्होंने रक्षित निरीक्षक विक्रम सिंह भदौरिया और हेड कॉन्स्टेबल प्रणव तिवारी पर सीधा निशाना साधते हुए खुलासा किया कि पुलिस लाइन में ड्यूटी लगाने और रोजनामा लिखने के नाम पर 5 से 10 हजार रुपये की अवैध वसूली की जा रही है। 50 वर्षीय होशियार सिंह ने नोट में अपना दर्द व्यक्त करते हुए लिखा कि विभाग में ईमानदार आदमी का नौकरी करना मुश्किल हो गया है और भ्रष्टाचार का विरोध करने पर बड़े अधिकारियों के नाम का डर दिखाकर प्रताड़ित किया जाता है। सुसाइड नोट में होशियार सिंह ने निरीक्षक और हेड कॉन्स्टेबल पर सीधे आरोप लगाए और डीजीपी को लिखा, मेरा आवेदन वायरल होने पर पुलिस विभाग मुझे मार सकता है।



एसपी साहब के ससुर का टिकट 10 हजार रुपए में आरआई साहब बनवाते हैं। एसपी साहब यहां खेलने आते हैं तो रोजाना खर्चा आरआई साहब और अन्य उठाते हैं। नीमच में सब कुछ बिक रहा है। जो लाइन में पैसे देगा, उसके प्रति सहानुभूति रहेगी। मुझे आत्महत्या करने की स्वीकृति प्रदान करें...। होशियार सिंह के शव को पोस्टमार्टम के बाद हरियाणा स्थित पैतृक गांव में परिवार के साथ अंतिम संस्कार के लिए भेज दिया गया है। लेकिन अगर मृतक होशियार सिंह की बेटी ने रोते-रोते पिता की व्यथा बताई। मृत हेड कॉन्स्टेबल की बेटी अर्पिता ने कहा, पिताजी का ऑपरेशन हुआ था और वह लगातार परेशान चल रहे थे और जानबूझकर उनकी ड्यूटी लगाई जाती थी। पिताजी ड्यूटी को कम करने की बोलते, लेकिन उन्हें प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता था।

### भ्रष्टाचार का कच्चा चिट्ठा खुला

दरअसल, रविवार दोपहर जहर खाने के बाद होशियार सिंह खुद चलकर कंट्रोल रूम पहुंचे थे, जहां से उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इस घटना और सोशल मीडिया पर वायरल हुए सुसाइड नोट ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### हैंड राइटिंग की जांच करवाएंगे : एसपी

इधर, आरोप के जवाब पर नीमच एसपी अंकित जायसवाल ने कहा कि मृत होशियार सिंह ने नशे की हालत में जहर पिया होगा। उन्होंने होशियार सिंह के कार्यकाल की कमियां बताते हुए प्रश्न चिन्ह लगा दिया। साथ ही कहा कि सुसाइड नोट के हैंड राइटिंग की जांच करवाएंगे। साथ ही एसपी ने कहा कि होशियार पहले भी कई बार अनियमित के चलते सवालों में रहे। हालांकि, एसपी ने हेड कॉन्स्टेबल की मौत पर संवेदना कहते हुए जांच की बात कही।

# केंद्रीय बजट 2026-27 पर भाजपा की पत्रकार वार्ता

## विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला बजट : दिलीप जायसवाल





डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय डिंडोरी में केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल मुख्य वक्ता रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने की। पत्रकारों को संबोधित करते हुए मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि बजट 2026-27 हर नागरिक के सपनों, आकांक्षाओं और भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला बजट है। यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और उद्यमियों के सशक्तिकरण की स्पष्ट दिशा तय करता है।

उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाला, किसानों के विश्वास को मजबूत करने वाला, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाला तथा गरीब और मध्यम वर्ग को सशक्त करने की सोच को आगे बढ़ाने वाला है। बजट 2026-27 को विकसित भारत के संकल्प को ठोस आधार देने वाले बजट के रूप में याद किया जाएगा। मंत्री जायसवाल ने कहा कि यह इस शताब्दी के दूसरे क्वार्टर का पहला बजट है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार नौवीं बार संसद में बजट प्रस्तुत किया जाना भारतीय संसदीय इतिहास का गौरवपूर्ण क्षण है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाएं केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि भारत की ग्रोथ इंजन हैं। बजट 2026 में महिला सशक्तिकरण को नीति और नीयत दोनों का हिस्सा बनाया गया है, जिसमें महिला की गरिमा, सुरक्षा, स्वावलंबन और नेतृत्व क्षमता को केंद्र में रखा गया है।

### मध्यम वर्ग को मिली बड़ी राहत

मंत्री जायसवाल ने बताया कि बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी गई है। कैंसर की 17 जीवनरक्षक दवाओं पर सीमा शुल्क शून्य या न्यूनतम किया गया है। जिला स्तर पर बायोफार्मा और आयुष केंद्रों के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। विदेश यात्रा के टूर पैकेज पर टीसीएस को 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत कर दिया गया है।

### युवा, महिला और रोजगार केंद्रित बजट

युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के लिए एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब, स्किल इंडिया, डिजिटल स्किल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ग्रीन टेक्नोलॉजी पर विशेष फोकस किया गया है। महिला सशक्तिकरण के तहत प्रत्येक जिले में महिला छात्रावास, केयरगिवर्स और स्वास्थ्य पेशेवरों के प्रशिक्षण तथा महिला उद्यमिता के लिए एसएमई ग्रोथ फंड का प्रावधान किया गया है। बजट में कृषि को आधुनिक बनाने के लिए एआई आधारित 'भारत-विस्तार' टूल, पशुपालन, मछली पालन, प्राकृतिक फाइबर और सहकारी संस्थाओं को बढ़ावा दिया गया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में बायोफार्मा शक्ति योजना, नए निपर संस्थान, मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों के विस्तार और एक लाख स्वास्थ्य पेशेवरों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

### राष्ट्र निर्माण का विजन दस्तावेज

मंत्री जायसवाल ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने वाला विजन पत्र है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि बजट को राजनीति के चश्मे से नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के दृष्टिकोण से देखें। उपस्थित रहे पत्रकार वार्ता में केंद्रीय बजट जिला संयोजक सुधीर दत्त तिवारी, सह संयोजक मालती तिवारी, मीडिया समन्वयक अनूप गुप्ता, चंद्रशेखर नायक, अविनाश छावड़ा, जिला महामंत्री बद्री साहू, लक्ष्मण ठाकुर, उपाध्यक्ष ज्ञानदीप त्रिपाठी, संतोष साहू, जय सिंह राजपूत, महेश सिंह धूमकेतु, जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एनएसयूआई शहडोल ने पण्डित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल के कुलपति को छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा



**शहडोल।** एनएसयूआई शहडोल द्वारा जिला अध्यक्ष सौरभ तिवारी के मार्गदर्शन एवं जिला उपाध्यक्ष आशीष द्विवेदी के नेतृत्व में आज पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन का ध्यान छात्रहित से जुड़ी गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित कराया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों का रिवाल्यूएशन परिणाम शीघ्र घोषित करने की मांग की गई, जिसका मुख्य परिणाम लगभग तीन माह पूर्व आ चुका है। साथ ही लगभग तीन वर्ष पूर्व उत्तीर्ण छात्रों को अब तक मार्कशीट/परिणाम की हार्ड कॉपी उपलब्ध न कराए जाने पर गहरी नाराजगी जताते हुए इसे तत्काल प्रदान करने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त ओल्ड कैंपस में छात्रों की सुविधा हेतु स्वच्छ पेयजल के लिए नए वाटर कूलर स्थापित किए जाने, ओल्ड कैंपस स्थित वॉशरूम एवं गर्ल्स कॉमन रूम की नियमित साफ-सफाई एवं उचित रख-रखाव सुनिश्चित करने की मांग रखी गई। छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ओल्ड एवं न्यू कैंपस दोनों में प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। ज्ञापन में विश्वविद्यालय में लगे जर्जर ब्लैक बोर्ड हटाकर नए बोर्ड लगाए जाने, ओल्ड कैंपस की जर्जर स्थिति को सुधारते हुए साफ-सफाई व पुताई कराकर परिसर को सुव्यवस्थित करने तथा विश्वविद्यालय पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति से संबंधित आवश्यक पुस्तकों की तत्काल व्यवस्था किए जाने की मांग शामिल रही। एनएसयूआई शहडोल ने चेतावनी दी कि यदि उक्त मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन छात्रहित में आंदोलन करने को बाध्य होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से सौरभ तिवारी, आशीष द्विवेदी, सिमरन कौर, विश्विद्यालय अध्यक्ष दीपांशु गुप्ता, महेंद्र यादव, ओम साहू, शुभम सेन, कृतेन्द्र, देवराज, अजय बैगा, पियूष सिंह बघेल, अर्पित सेन, हर्षित श्रीवास्तव, धनंजय सिंह, लकी गुप्ता सहित काफी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंप में 300 छात्राओं के बनाए गए लर्निंग लाइसेंस

### यातायात नियमों का पालन एवं सुरक्षित ड्राइविंग करने की छात्राओ को दी गई समझाइश



शहडोल (स्वतंत्र मत)

संभागीय मुख्यालय के शासकीय इंदिरा गांधी गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय शहडोल में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए महिला बाल विकास विभाग एवं परिवहन विभाग के समन्वय से च्च्पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंपज्ज का आयोजन किया गया। आयोजित कैंप में जिला परिवहन अधिकारी अनपा खान ने उपस्थित छात्राओ एवं महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया एवं यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम च्च्सारथी पोर्टलज्ज के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है, जिसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होना आवश्यक है। इसके पश्चात 30 दिनों के बाद तथा 180 दिनों के भीतर आरटीओ में ड्राइविंग टेस्ट देकर स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया जा सकता है। उन्होंने छात्राओ से यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित ड्राइविंग करने की अपील भी की। च्च्पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंपज्ज में लार्निंग लाइसेंस 300 बनाएं गए। कैंप में अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति कल्याणी बाजपेई, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग संजीता भगत, डॉ0 सुनीता सिंह मरकाम, डॉ0 यमुना धुर्वे, सविता बैगा सहित महाविद्यालय के अन्य प्रोफेसर एवं छात्राएं उपस्थित रही।

## बुढार उत्कृष्ट विद्यालय को यथावत रखने की मांग, जैतपुर विधायक ने मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र

**शहडोल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के धनपुरी आगमन पर आयोजित वाटरपार्क लोकार्पण समारोह के दौरान जैतपुर विधायक ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बुढार (डाइस कोड 23160318805) को नगर परिषद बुढार के वार्ड क्रमांक-7 में यथावत संचालित रखने की मांग उठाई। विधायक ने मुख्यमंत्री के समक्ष आग्रह रखा कि विद्यालय को नगरीय क्षेत्र से 6-7 किलोमीटर दूर ग्रामीण क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत कटकोना में निर्माणाधीन संदीपनी स्कूल भवन में स्थानांतरित न किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आसपास के विद्यालयों का विलय कर उक्त ग्रामीण क्षेत्र में निर्मित हो रहे सांदीपनि स्कूल भवन में संचालन किए जाने के प्रस्ताव पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाए। इस संबंध में विधायक द्वारा एक विस्तृत ज्ञापन भी मुख्यमंत्री को सौंपा गया, जिसमें बुढार नगर के विद्यार्थियों की सुविधा, आवागमन की समस्या तथा उत्कृष्ट विद्यालय के लंबे समय से नगर में संचालित होने , और इसके ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख किया गया है। कार्यक्रम में शहडोल कलेक्टर भी उपस्थित रहे। विधायक ने अपेक्षा जताई कि विद्यार्थियों और अभिभावकों के हितों को ध्यान में रखते हुए शासन स्तर पर त्वरित सकारात्मक निर्णय लिया जाये



## लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश, लापरवाह अधिकारियों पर सख्ती

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक संपन्न



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत, एसडीएम शहपुरा, एसडीएम बजाग, एसडीएम डिंडौरी, डिप्टी कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। और 50-100 दिवस से अधिक लंबित प्रकरणों को दो दिवस के अदंर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण न करने एवं बिना बताये अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री और समय सीमा बैठक में विभागीय जानकारी लेकर न आने पर सहायक यंत्री श्री अमित उइके को सख्त निर्देश देते हुए बैठक से जाने को कहा। और साथ ही जिला परिवहन अधिकारी को समय सीमा बैठक में अनुपस्थित रहने पर अपर को कलेक्टर को पत्र जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए है की जो भी अधिकारी किसी अन्य कार्यक्रम में व्यस्त है तो आप किसी अन्य अधिकारी को भेजे और मेसेज के माध्यम से अनुपस्थित रहने का कारण बताए। कलेक्टर ने समस्त सीईओ को ग्रामीण अंचलों में जनप्रतिनिधियों के द्वारा किये गए भूमिपूजन विकास कार्यो में शीघ्रता से कार्य में प्रगति लाए और बरसात के पहले निमार्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान और जनजातीय कार्य विभाग अधिकारियों को सक्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले के शैक्षणिक संस्थाओं में पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई और विद्युत व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। ताकि छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने राष्ट्रीय सडक प्राधिकरण के द्वारा सडक निमार्ण एजेंसी जबलपुर से अमरकटंक एनएच-45 का निमार्ण किया जा रहा है जिसके द्वारा सडक के किनारे बिछी पेयजल पाइपलाइन को ग्राम पंचायत शक्का, कचनारी, कसईसोडा, विक्रमपुर, किसलपुरी, मोहतरा आदि ग्रमों में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त करने से ग्रामवासियों के पेयजल की समस्यां आने पर जनहित को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने नेशनल हाईवे निमार्ण एजेंसी पर मरम्मत न करने पर एफआईआर करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने की समय-सीमा पत्रों की समीक्षा

शहडोल (स्वतंत्र मत)



कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निराकरण केवल औपचारिक न होकर संतोषजनक एवं उच्च गुणवत्ता का होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित मॉनिटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें तथा शिकायतों के निराकरण से संबंधित जवाब एल-1 अधिकारियों के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे, इसके लिए मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपा जाए।

## मुख्यमंत्री के शहडोल आगमन पर कांग्रेस ने किया विरोध, हुई गिरफ्तारी

**शहडोल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के शहडोल आगमन के दौरान स्थानीय जन समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में किया गया। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री धनपुरी में वाटर पार्क के उद्घाटन हेतु शहडोल आ रहे हैं, लेकिन धनपुरी नगरपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार पर शासन-प्रशासन द्वारा कोई सुध नहीं ली जा रही है। नगर पालिका में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है, जिससे आम जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि शहडोल जिले में कोयले का बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन एवं प्रतिदिन करोड़ों रुपये के अवैध कोयले का व्यापार हो रहा है। अवैध खदानों में कार्यरत श्रमिकों की जान तक जा रही है, किंतु शासन और प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। जिम्मेदार अधिकारी केवल अपने हिस्से के मुनाफे की चिंता कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि स्थानीय लोगों को रोजगार मे वरीयता प्रदान नहीं की जा रही, जिले में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। दूषित पेयजल की समस्या, गौ-तस्करी, अवैध रेत उत्खनन, कबाड़ का अवैध कारोबार, किसानों को खाद की गंभीर समस्या, जुआ एवं सट्टा जैसे अवैध धंधे अपने चरम पर हैं। जिम्मेदार अधिकारी कमीशन की पट्टी आंखों पर बांधकर जनता की समस्याओं से मुंह मोड़े बैठे हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी ज्वलंत जन समस्याओं की ओर शासन का ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के शहडोल आगमन के दौरान कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया।जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारे द्वारा किए जा रहे शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर, पुलिस ने बर्बरतापूर्वक गिरफ्तारी की और थाने ले जाकर के अपराधियों जैसा बर्ताव किया, जो कि पुलिस प्रशासन के ऊपर सत्ता का आदेशात्मक दबाव प्रदर्शित करता है।



## सेवोत्तम अंतर्गत एमपी ई-सेवा पोर्टल व मोबाइल एप एवं सिंगल साइन-ऑन पोर्टल का दिया गया प्रशिक्षण

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)




कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभा कक्ष में एमपी ई-सेवा व सिंगल साइन-ऑन पोर्टल का प्रशिक्षण दीपक चौबे वरिष्ठ प्रशिक्षक ई दक्ष के द्वारा दिया गया। राज्यम शासन की डिजिटल पहल एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं मोबाईल एप पर नागरिक घर बैठे ही सभी विभागों की सेवाएं एक ही प्लेटफार्म पर प्राप्त कर सकेंगे। एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं मोबाईल एप का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर शुभारंभ किया था। इस एकीकृत नागरिक सेवा मंच पर राज्यत शासन के सभी विभागों की सरकारी सेवाओं और योजनाओं को एक ही डिजिटल विंडो पर उपलब्ध कराया गया है।

जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी, के प्रबंधक दीपक साहू से प्राप्ता जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के सेंटर फॉर एक्सीलेंस द्वारा विकसित एमपी ई-सेवा पोर्टल पर राज्य शासन के 56 विभागों की 1700 से अधिक नागरिक सेवाओं को एकीकृत किया गया है। नागरिकों को इन सेवाओं को प्राप्त करने के लिए अलग वेबसाइट पर लॉगइन करने और बार-बार दस्तावेज़ जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। नागरिक घर बैठे इन सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा और मोबाइल ऐप के माध्यम से सभी सेवाओं के लिए अपनी पात्रता की जांच कर सकेंगे तथा आवेदन का स्टेटस भी देख सकेंगे। एमपी ई-सेवा पोर्टल पर लॉगइन करने के लिए नागरिकों को अपना प्रोफाईल पंजीयन करना होगा। पोर्टल के माध्यसम से नागरिकों को चाही गई सेवाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्धो होगी।

जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी प्रबंधक ने बताया कि पोर्टल पर सभी चरण आधार आधारित प्रमाणीकरण, ई-साइन और डिजिटल प्रमाणपत्र से सुरक्षित होंगे। 'एमपी ई-सेवा' और 'समग्र पोर्टल' का एकीकरण 'एमपी ई-सेवा' को समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के समग्र पोर्टल से जोड़ा गया है। प्रत्येक परिवार को 8-अंकीय परिवार आईडी और हर सदस्य को 9-अंकीय सदस्य आईडी दी गई है। यह एकीकरण नागरिकों की ऑटो-वेरिफिकेशन प्रक्रिया को सक्षम बनाता है, जिससे पात्रता की पहचान स्वत: ही हो जाती है और दोहराव अथवा देरी नहीं होती है। एमपी ई-सेवा में नागरिकों को बार-बार दस्तावेज़ अपलोड नहीं करने पड़ते। ऑटो-फेचिंग डॉक्युमेंट्स इसकी प्रमुख विशेषता है। इससे एक बार अपलोड किए गए दस्तावेज़ आगे की सभी सेवाओं में स्वत: उपलब्ध हो जाते हैं। सुगम, सुरक्षित और नागरिक केंद्रित ऐप डिज़ाइन एमपी ई-सेवा पोर्टल का इंटरफ़ेस मोबाइल-फर्स्ट दृष्टिकोण पर आधारित है। इसमें बहुभाषीय सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सिंगल साइन-ऑन (एसएसओ) एक प्रमाणीकरण प्रणाली है जो उपयोगकर्ताओं को एक ही क्रेडेंशियल का उपयोग करके कई सरकारी अनुप्रयोगों (एमपीएसएसओ डैशबोर्ड में कॉन्फ़िगर किए गए) तक पहुंचने की अनुमति देती है। एक बार लॉग इन करने के बाद, उपयोगकर्ता एसएसओ डैशबोर्ड से सभी ऑनबोर्ड किए गए अनुप्रयोगों तक पहुंच सकते हैं।

यह एक सुरक्षित, टोकन-आधारित प्रमाणीकरण तंत्र है जो उपयोगकर्ताओं को निम्न कार्य करने की अनुमति देता है-

ऑनबोर्ड किए गए अनुप्रयोगों की सूची से एसएसओ डैशबोर्ड पर नए अनुप्रयोग जोड़ना। पार्टनर पोर्टल लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके एक बार प्रमाणीकरण करना। एमपीएसएसओ डैशबोर्ड से क्रेडेंशियल दोबारा दर्ज किए बिना एकीकृत अनुप्रयोगों तक पहुंचना।सिंगल साइन-ऑन (एसएसओ) एक प्रमाणीकरण प्रणाली है जो उपयोगकर्ताओं को एक ही क्रेडेंशियल का उपयोग करके कई सरकारी अनुप्रयोगों (एमपीएसएसओ डैशबोर्ड में कॉन्फ़िगर किए गए) तक पहुंचने की अनुमति देती है। एक बार लॉग इन करने के बाद, उपयोगकर्ता एसएसओ डैशबोर्ड से सभी ऑनबोर्ड किए गए अनुप्रयोगों तक पहुंच सकते हैं। ऑनबोर्ड किए गए अनुप्रयोगों की सूची से एसएसओ डैशबोर्ड पर नए अनुप्रयोग जोड़ना। पार्टनर पोर्टल लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके एक बार प्रमाणीकरण करना। एमपीएसएसओ डैशबोर्ड से क्रेडेंशियल दोबारा दर्ज किए बिना एकीकृत अनुप्रयोगों तक पहुंचना। बैठक में अपर कलेक्टर, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत, एसडीएम शहपुरा, एसडीएम बजाग, एसडीएम डिंडौरी, डिप्टी कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्कूल, कॉलेजों में बनी पानी की टंकियों की नियमित करें सफाई : कलेक्टर

## प्रकरणों की समीक्षा बैठक में विभिन्न मुद्दों पर दिए गए निर्देश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बरगी बांध की नहरों की साफ-सफाई एवं रखरखाव की ओर विशेष ध्यान देने के निर्देश नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को दिये हैं ताकि आखिरी छोर तक खेतों की सिंचाई के लिये बिना रुकावट के पानी पहुंच सके। सोमवार को समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कलेक्टर श्री सिंह ने नहरों के रखरखाव की जरूरतों को ध्यान में रखते हुये बरगी बांध की दाईं और बाईं तट नहर के अधिकारियों की जल्दी ही बैठक बुलाने के निर्देश भी नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को दिये। कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, जिला पंचायत के सीईओ



अभिषेक गहलोत एवं सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने आम नागरिकों से जुड़े मुद्दों के निराकरण को प्राथमिकता देने की हिदायत अधिकारियों को दी। उन्होंने समय सीमा प्रकरणों के साथ ही सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों तथा संकल्प से समाधान अभियान के तहत राज्य एवं केंद्र शासन की विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं से संबंधित नागरिकों से प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण की विभागवार समीक्षा भी की।

### अवैध मार्गों को किया जाए बंद

श्री सिंह ने बैठक में नहर किनारे खनन कारोबारियों द्वारा अवैध सड़क बनाकर भारी वाहनों से खनिज का परिवहन करने की मिल रही शिकायतों की भी जांच करने के निर्देश नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे अवैध मार्गों को बंद कराया जाए और प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई जाये।

कलेक्टर ने स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों और शासकीय कार्यालयों की पानी की टंकीयों की नियमित साफ-सफाई पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि टंकियों कि सफाई का कार्य शीघ्र पूरा कर इसकी रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को दी जाये। कलेक्टर ने जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे पानी के बॉटलिंग प्लांट की जांच करने तथा बिना विधिवत अनुमित के संचालित पाये जाने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये।

### अतिक्रमणों को हटाने के निर्देश

बैठक में निजी क्लीनिक और पैथालॉजी सेंटर्स से निकल रहे दूषित पानी को नालों में बहाए जाने की शिकायत, उठाव केंद्रों से राशन दुकानों पर कम मात्रा में खाद्यान्न पहुंचने की शिकायत तथा वर्धाघाट में परियट नदी के नो कंस्ट्रक्शन जोन में अवैध निर्माण की शिकायत की जांच करने के निर्देश भी दिये गये। बाईपास मार्गों की सर्विस रोड से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करने कहा गया। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का आवेदक की संतुष्टि के साथ ही निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये तथा पचास दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण को प्राथमिकता देने की हिदायत दी। एसआईआर के तहत नोटिसों की सुनवाई तथा प्रारूप मतदाता सूची पर प्राप्त दावे आपत्तियों के निराकरण की स्थिति का ब्यौरा भी बैठक में लिया।



# शराब के नशे में चूर आधी रात गानों में झूम रहे थे युवक-युवतियां

### शहर के 3 पबों और बार्स में पुलिस की दबिश, मची अफरा-तफरी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शहर के तीन पबों डिकासा, लार्ड ऑफ ड्रिंक और ओपियम में रविवार देर रात तक जाम झलक रहे थे। पुलिस ने रात एक बजे इन पबों पर दबिश दी। नियमों की अनदेखी कर देर रात तक शराब परोस रहे इन पबों पर कार्रवाही करने की बजाय पुलिस ने समझाइश देकर इन्हें छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि सीएसपी रितेश शिव के साथ पुलिस टीम दीनदयाल चौक स्थित डिकासा पब पहुंची थी यहां कुछ दिन पहले विवाद के बाद एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है। इसके बाद भी यहां देर रात तक शराब पार्टी चल रही है। यहां युवक युवती तेज आवाज डीजे में शराब के नशे में थिरकते हुए पाए गए।

### चेतावनी देकर छोड़ा

वहीं दूसरी कार्रवाही डीएससी बीएस गोठरिया की टीम ने बिलहरी रोड पर लार्ड ऑफ ड्रिंक पर की। यहां रात 12.17 बजे पहुंची पुलिस की टीम ने देखा कि सौ से अधिक युवक युवतियां शराब के नशे में झूम रहे हैं। पुलिस ने मैनेजर को रात 12 पब बंद करने की हिदायत देकर छोड़ दिया। वहीं तीसरी कार्रवाही केंट सीएसपी उदयभान बागरी के नेतृत्व में की गई।

टीम रात 12.45 बजे मदन महल स्थित ओपियम बार पहुंची थी। बार खुला था और लोग शराब पी रहे थे। जब शराब परोसने और डीजे संचालन की अनुमति के दस्तावेज माँगे गए तो पब मैनेजर के पास इसके कोई दस्तावेज नहीं मिले। इसके बाद कार्रवाही ना करते हुए सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

# लेबर कोड के खिलाफ एकजुट हुए निर्माणी कर्मचारी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

ऑल इंडिया डिफेंस एम्पलाइज फेडरेशन के चार लेबर कोड के खिलाफ आंदोलन की शुरूआत की गई। सोमवार को जीसीएफ में शुरू हुई आंदोलन में लेबर कोड को निरस्त करना, ओल्ड पेंशन स्कीम बहाली करना, रिक्त पड़े पदों को भरना, निगमीकरण को निरस्त करना अनुकंपा नियुक्ति हंड्रेड परसेंट प्रदान करना मुख्य था। कार्यक्रम के पहले दिन द्वारा सभा एवं कल दिनांक 10 फरवरी काला बैच धारण कर विरोध प्रकट किया जाएगा। 11 फरवरी निर्माणी के ड्यूटी लगाते समय समस्त कर्मचारियों में जागरूकता फैलाना एवं 12 फरवरी को एक घंटा विलंब से निर्माणी में उपस्थिति दर्ज कर उक्त आंदोलन को मजबूती प्रदान करना रहेगा। कार्यक्रम के पहले चरण में जीसीएफ के




विद्यानगर गेट पर 7.30 बजे से द्वार सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजा पांडे, अमित चंदेल, विवेक शुक्ला एवं देवेंद्र प्रताप कार्यकारिणी सदस्य राजा पांडे द्वारा निर्माणी की समस्याओं एवं निदान पर जोर दिया गया। वहीं अमित चंदेल द्वारा लेबर कोड की विसंगतियों के बारे में मंच से चर्चा किया गया। कर्मचारियों द्वारा एक फेडरेशन द्वारा लेबर कोड के समर्थन देने को लेकर नाराजगी व्यक्त दर्ज कराई गई। मजदूर संघ हथोड़ा के अध्यक्ष विनय गुप्ता ने कहा कि ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन कर्मचारियों के हितों में सदैव अग्रणी रहा और रहेगा। कार्यक्रम में सचिव जेसीएम काउंसिल उत्तम विश्वास, सैकत बनर्जी, कृष्ण कुमार शर्मा, कार्य समिति सदस्य बीरबल सिंह, आशीष विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

### 2 सुअरमार बमों के साथ बदमाश गिरफ्तार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि बगिया टोला पानी की टंकी के सामने एक लड़का किसी के घर पर बम फैंकने की बात कर रहा है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई, जहां मुखबिर के बताये हुलिये का युवक खडा दिखा, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। घेराबंदी कर पकड़ने पर अपना नाम अंशु मलिक उर्फ यश पिता अनिल मलिक उम्र 22 वर्ष निवासी यादव पान भंडार के पास गंगामैया रांझी बताया। आरोपी की तलाशी लेने पर संदेही अंशु मलिक उर्फ यश अपनी पहनी हुयी जैकेट की दोनों जेबों में 1-1 सुअर मार बम रखे मिला। पुलिस ने आरोपी अंशु मलिक उर्फ यश के कब्जे से 2 सुअरमार बम जब्त करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्री शिव महापुराण कथा

### स्व दादा ईश्वरदास रोहाणी की पुण्य स्मृति में आयोजन का शुभारंभ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

स्व दादा ईश्वरदास रोहाणी की पुण्य स्मृति में दादा ईश्वरदास रोहाणी सेवा समिति के द्वारा श्री शिव महापुराण कथा, श्री शिवमहायज्ञ एवं असंख्य रूद्री (शिवलिंग) निर्माण का आयोजन कथा प्रवक्ता आचार्य स्वामी अशोकानंद महाराज के मंगल सानिध्य में 9 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल प्रांगण, रांझी में



आयोजन होना है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस भव्य कलश शोभायात्रा का शुभारंभ श्री शिव महापुराण कथा स्थल सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल प्रांगण, रांझी से प्रारंभ होकर बड़ा पत्थर, किशन होटल, राधाकृष्ण मंदिर, मस्ताना चैक, जैन मंदिर रोड से नरसिंह नगर कछियाना होते हुए सत्यम टॉवर होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण कथा स्थल पहुंची। इस शोभायात्रा में हजारों संख्या में महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण किए हुए शोभायात्रा में शामिल हुई जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत हुआ। जगह-जगह कथा प्रवक्ता आचार्य स्वामी अशोकानंद महाराज का आरती एवं श्रीफल से स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वामी अशोकानंद महाराज ने कहा कि शिव की आराधना से स्वर्ग की प्राप्ति होती है, कल दिनांक 9 फरवरी से 14 फरवरी 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 09 बजे से दोपहर 12 बजे तक रूद्री (शिवलिंग) निर्माण, दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक भण्डारा, दोपहर 02 बजे से श्री शिव महापुराण कथा के महत्व का वाचन होगा। इस अवसर पर केंट विधायक अशोक रोहाणी, रिंकु विज, पुष्पराज सिंह सेंगर, दामोदर सोनी, आशीष राव, अनुराग दाहिया, निशांत झारिया, संतोषी ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### लाठी से हमला कर किया घायल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गोरखपुर थाने में हीरा चक्रवर्ती उम्र 32 वर्ष निवासी युवा भवन ने रिपोर्ट दर्ल कर बताया कि सोमवार सुबह अपने घर के सामने खडा था। उसका भाई शनि चक्रवर्ती अचानक उसके साथ गालीगलौज करने लगा। उसके द्वारा गालीगलौज करने से मना करने पर लाठी से हमला कर सिर मे चोट पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## गंदे पानी से खेतों की सिंचाई पर प्रतिबंध लगाने टीम का गठन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर के नालों के गंदे पानी से उगाई जा रही फसलों और सब्जियों के खिलाफ कार्यवाही करने जिला प्रशासन द्वारा टीम का गठन किया गया है। कलेक्टर द्वारा गठित समिति में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को शामिल किया गया है, जो संयुक्त रूप से फील्ड पर उतरकर कार्रवाई करेंगे। जिसमें समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अध्यक्ष, मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय अधिकारी को सदस्य सचिव एवं जिला उद्योग केन्द्र जबलपुर महाप्रबंधक, अतिक्रमण अधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी आदि को सदस्य बनाया गया है।




# सोशल मीडिया पर अपलोड की मॉडीफाई सायलेंसर वाली बाइक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

एक युवक द्वारा मॉडीफाई सायलेंसर वाली मोटर साइकिल चलाने का वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड किए जाने पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई। सोशल मीडिया सेल टीम द्वारा पतासाजी करते हुये विश्वमोहन अरखेल उम्र 26 वर्ष निवासी व्योहारबाग



बेलबाग को मॉडीफाई सायलेंसर लगी मोटर सायकिल सहित पकडा गया। जिसे थाना बेलबाग पुलिस द्वारा थाना लाकर नियमानुसार चालानी कार्यवाही करते हुये 1 हजार रूपये समन शुल्क वसूला गया तथा वाहन में लगा मॉडीफाई सायलेंसर निकलवाया गया।

# जेनको क्रिकेट लीग और खेल प्रतियोगिता उद्घाटित



जबलपुर

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के तत्वावधान में आज से रामपुर परिसर स्थित पाण्डुताल मैदान में जेनको क्रिकेट लीग और खेल प्रतियोगिता प्रारंभ हो गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने की। इस अवसर पर पावर जनरेटिंग कंपनी के डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम, डायरेक्टर कॉमर्शियल मिलिन्द भान्दक्कर, मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कश्यप आदि उपस्थित थे। सुनील तिवारी व मनजीत सिंह ने जेनको क्रिकेट लीग की ट्राफी का अनावरण कर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की। जेनको क्रिकेट लीग में 10 टीमें भाग ले रही हैं। जेनको लीग का उद्घाटन मैच टाइटन व चेलेंजर्स टीम के मध्य खेला गया, जिसमें टाइटन टीम 9 विकेट से विजयी रही। वहीं महिला वर्ग के अंतर्गत में पावर एंजल्स ने वंडर वुमन को भी 9 विकेट से पराजित किया।

# एमपी ट्रांसको के नवाचार को मिली देश के पावर सेक्टर में ख्याति

### इंजीनियरों द्वारा विकसित नवाचार को राष्ट्रीय स्तर पर मिली मान्यता

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस इंजीनियरों द्वारा विकसित एक नवाचार को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण मान्यता प्राप्त हुई है। इस टीम में जबलपुर के इंजी जितेंद्र तिवारी भी शामिल है। भारत सरकार के केंद्रीय सिंचाई एवं विद्युत बोर्ड (सीबीआईपी) तथा पेरिस स्थित इंटरनेशनल काउंसलिंग आन लार्ज इलेक्ट्रिकल सिस्टम (सिगरे) की भारतीय इकाई, सिगरे इंडिया द्वारा विकास भवन, नई दिल्ली में आयोजित नेशनल कांफ्रेंस में इस नवाचार से संबंधित शोधपत्र एमपी ट्रांसको जबलपुर के जितेन्द्र तिवारी




के अलावा सिवनी के विकास भारिया एवं इटारसी के आशुतोष राय ने प्रस्तुत किया। एमपी ट्रांसको द्वारा विकसित यह नवाचार ट्रांसमिशन लाइनों पर पिट आधारित अर्थिंग से संबंधित है। इस तकनीक के माध्यम से लगभग 35 वर्षों से अधिक पुरानी ट्रांसमिशन लाइनों पर दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में आकाशीय बिजली (लाइटनिंग) के दौरान होने वाली ट्रिपिंग एवं ब्रेकडाउन की घटनाओं को सीमित करने में उल्लेखनीय सफलता मिली है।

यह नवाचार ट्रांसमिशन लाइनों की विश्वसनीयता और निरंतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। अर्थिंग के विशेषज्ञों ने कम चर्चित विषय पर इस प्रकार का शोध किये जाने पर भूरि भूरि प्रशंसा कर अन्य पावर संस्थानों के लिए अनुकरणीय बताया।

### ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई

कॉन्फ्रेंस में एमपी ट्रांसको के अनीश कांत दुबे,राजेश्वर सिंह ठाकुर एवं विवेक मोजासिया भी शामिल हुए। एमपी ट्रांसको के इस प्रस्तुतीकरण एवं ट्रांसमिशन लाइनों के लिए अत्यंत उपयोगी इस नवाचार को देश के विभिन्न पावर सेक्टर संगठनों एवं राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा सराहना प्राप्त हुई है। एवं इस शोधपत्र को विश्व की प्रतिष्ठित पावर मैगजीन सिगरे इंडिया में प्रकाशन के लिए चयनित किया गया है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर एमपी ट्रांसको के इंजीनियरों को बधाई देते हुए कहा कि यह नवाचार न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे देश के पावर सेक्टर के लिए उपयोगी सिद्ध होगा और इससे ट्रांसमिशन सिस्टम की मजबूती बढ़ेगी।

# सीएम बोले- नक्सलियों आखरी सलाम 60 जवानों को क्रम से पूर्व पदोन्नति

### जवानों का हौसला बढ़ाए और जवानों के साथ बैठकर भोजन किए

### मुख्यमंत्री ने कहा अगली कृषि कैबिनेट बालाघाट में होगी

बालाघाट (स्वतंत्र मत)



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बालाघाट के नाम में ही बल है। इस जिले ने अपने आत्मबल के आधार पर ही हिमालय जैसी कठिन चुनौती का अंत करके दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देशभर में नक्सल उन्मूलन का माहौल बना। मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रभावशाली अभियान चलाकर नक्सलियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया और प्रदेश में लाल सलाम को आखरी सलाम किया। हम गर्व से कह सकते हैं कि मध्यप्रदेश की धरती अब नक्सलियों से मुक्त है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम में नक्सल मुठभेड़ में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले 60 जांबाज जवानों को क्रम से पूर्व पदोन्नति प्रदान की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले में 101 करोड़ रुपये की लागत के 27 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। इसके साथ ही उन्होंने सिंगल क्लिक के माध्यम से बालाघाट जिले के 32 पुलिस थानों एवं कार्यालयों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आईएसओ प्रमाणन प्रदान किया। यह उपलब्धि गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज की गई। इस अवसर पर बालाघाट जिले में विगत 35 सालों से चल रही नक्सली घटनाओं पर आधारित संस्मरण पुस्तिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, सांसद श्रीमती भारती पारधी, पूर्व मंत्री गौरी शंकर बिसेन, एडीजी नक्सल विरोधी अभियान वेंकटेश्वर राव, पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा सहित विधायक गण तथा जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित थे।

***मंत्री का नक्सलियों ने हत्या की थीं***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह खेद का विषय है कि बालाघाट में कभी तत्कालीन सरकार के मंत्री स्व. लिखीराम कावरे की सरेआम हत्या कर दी गई थी। हमारे लिए यह बड़ी चुनौती थी, क्योंकि मध्यप्रदेश की 836 किलोमीटर लंबी सीमा छत्तीसगढ़ से लगती है। मध्यप्रदेश ने 38 पुलिस जवान और 27 आम नागरिक को खोया है। बाबा महाकाल के आशीर्वाद से राज्य सरकार ने नक्सलवादियों को जड़ से खत्म करने में सफलता प्राप्त की है। हॉक फोर्स ने मेगाकासो रणनीति बनाकर नक्सलियों को खदेड़ा और 4 दुर्दांत नक्सलियों को मार गिराया गया। पिछले वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक 4104 नक्सल विरोधी अभियान संचालित किए गए, मानसून और जंगली जानवरों की चुनौतियों के बावजूद भी अभियान जारी रहे।

***अब रोजगार और स्कूलों का नवीनीकरण हुआ***- सीएम यादव ने कहा कि बालाघाट जिले में नक्सल प्रभावित 250 स्कूलों का नवीनीकरण किया गया है। स्थानीय नागरिकों के लिए एकल सुविधा केंद्र, जनजातीय समुदायों को वन अधिकार पट्टे, जाति प्रमाण पत्र और रोजगार के लिए शिविरों की शुरुआत की गई है। यह वर्ष कृषि कल्याण के लिए है। अब महाकौशल के बालाघाट में कृषि कैबिनेट आयोजित की जाएगी। नक्सल समस्या के निपटारे के साथ हमने पूर्व मंत्री स्व. लिखीराम कावरे की हत्या का बदला लिया है। बालाघाट में अमर जवान ज्योति नक्सल मुक्त अभियान का स्मारक बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस जवानों को नक्सल विरोधी अभियान की सफलता के लिए बधाई दी।

***अब रोजगार-विश्वास और शिक्षा का शंखनाद होगा***- पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आवश्वस्त किया कि जहां बंदूक की गोलियां गूंजती थीं वहां अब रोजगार-विश्वास और शिक्षा का शंखनाद होगा। उन्होंने कहा कि आज का दिन गौरव से परिपूर्ण है। 35 वर्ष पुरानी नक्सल चुनौती को 31 मार्च 2026 की डेडलाइन से पहले ही जड़ से खत्म कर दिया गया है। नक्सल मुठभेड़ में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले 60 जांबाज जवानों को क्रमोन्नति के रूप में पूर्व पदोन्नति मिली है। शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा आरंभ विद्यांजलि अभियान के अंतर्गत नक्सल प्रभावित इलाके के 280 से अधिक स्कूलों को सामाजिक सहयोग से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने का काम जारी है।

***यह हैं पदोन्नती पुलिसकर्मी***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदोन्नति पाने वाले जवानों में उप निरीक्षक से निरीक्षक के पद पर विपिन चंद्र खलको, इंदर सिंह विद्री, शुभम प्रताप सिंह तोमर, रत्नेश मीणा, नवदेश श्रीवास्तव को, सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक मुनेन्द् सिंह को, प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर रूद्रीचंद जखमोला, अनिल सिंह भदौरिया, मत्ते सिंह मरावी, उज्जवल घोरमारे, मनोज कुमार यादव, देवेन्द्रे धुर्वे, रवेन्द्र कुशवाह, हरेन्द्र सिंह, प्रदीप गोसाई, विनोद कुमार मर्सकोले, उमेश कुमार पटेल, विकाश कुमार राजपूत, मुकेश सगर, विवेक परस्ते, राघवेन्द्र सिंह गुर्जर, आशीष रजक, शिवहरी मरावी, प्रवीण धुर्वे, टीकाराम ढकाल, प्रवीण कुमार, असित यादव, रामआशीष यादव, संदीप शर्मा, लोकपाल धाकड़, कृष्णा श्रेष्ठ, जितेन्द्र सिंह पटेल और वीर सिंह को पदोन्नत किया गया। शकरचंद सरयाम, सुनील परियार, चन्द्रकांत पांडेय, सत्यम द्ववेदी, सुनील यादव, देवराज कलमें, सुरेन्द्र सिंह मार्को, सुशील उईके, रामलाल भील, उमेश चन्द्र दुबे, संतोष कुमार मरावी, प्रदीप कुमार परते, राजा मालवीय, विशाल कुमार सिंह, दीपक पवार, कन्हैया मरकाम, सुनील सिंह कुशवाह, मुलायम सिंह, वरूण देव सिंह चाहर, मुनीष कुमार द्विवेदी, नीलेश, महेन्द्र सिंह, रवि कुमार यादव, छुठु यादव, सलेश कुमार द्विवेदी, संजू शर्मा एवं जिला पुलिस बल के नरेन्द्र सोनवे को भी आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। कार्यक्रम में हॉक फोर्स एवं पुलिस जवान एवं शहीद जवानों के परिजन उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया 101 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 09 फरवरी को पुलिस लाईन बालाघाट में नक्सल उन्मूलन अभियान में अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय देने वाले हॉक फोर्स के 60 जवानों को आउट आफ टर्न पदोन्नति समारोह में बालाघाट जिले की 101 करोड रुपए की लागत के 27 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें 31 करोड 60 लाख रुपए की लागत के 07 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं 70 करोड रुपए की लागत के 20 निर्माण कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक गौरव सिंह पारधी, राजकुमार कर्राहे, मधु भगत, विवेक विक्की पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, पूर्व मंत्री गौरी शंकर बिसेन, प्रदीप जायसवाल, रामकिशोर कावरे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक निर्माण विभाग द्वारा शासकीय पालीटेक्निक कॉलेज बालाघाट में 04 करोड 73 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 03 क्लास रूम एवं 05 प्रयोगशाला, आंजनदेवी-रामजीटोला-जामुनटोला-चाकाहेटी-जामरापानी 8.50 किमी लंबाई की 06 करोड 74 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सडक, 13 करोड 42 लाख रुपए की लागत से महदुली-पैनिया सडक, सादाबोडी-बोनकट्टा सडक, चौखंडी-धनकोसा सडक, वरूड-सिरपुर सडक, वरूड-तेकाडी सडक, मोहगांव-सुखडीघाट सडक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 1.32 करोड रुपए की चरेगांव नलजल योजना, 1.17 करोड की भीमा-चिचरूंगपुर नलजल योजना एवं प्रधामंत्री ग्रामीण सडक विकास प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन ईकाई क्रमांक 1 द्वारा 1.94 करोड रुपए की लागत से बनायी जाने वाली कंदई से बैगाटोला 3.20 किमी लंबाई की सडक व 1.75 करोड रुपए की लागत से बनायी जाने वाली 3 किमी लंबाई की दलदला से नक्काटोला-बैगाटोला सडक के लिए भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खुरमुंडी में 1.23 करोड रुपए की लागत से निर्मित हायर सेकेण्डरी स्कूल के 04 अतिरिक्त कक्ष व 03 प्रयोगशाला, बकोडा में 1.47 करोड रुपए से निर्मित हाईस्कूल भवन, परसवाडा में 33 लाख रुपए की लागत से निर्मित आयुष औषधालय भवन, बालाघाट में 5.57 करोड रुपए की लागत से निर्मित एएनएम प्रशिक्षण केंद्र व 240 सीटों के छात्रावास भवन, परसवाडा में 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित ब्लाक पब्लिक यूनिट, खारा, पादरीगंज, सरेखा, खुरमुंडी, चंदना, लिंगा, झांगुल में 47-47 लाख रुपए की लागत से निर्मित आयुष औषधालय भवन, रामपायली में 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन, 80 लाख रुपए की लागत से निर्मित आरंभा से भेण्डारा तक 1500 मीटर की बीटी सडक, रामपायली बिठली मार्ग पर चंदन नदी पर 09 करोड 41 लाख रुपए की लागत से निर्मित पुल, झालीवाडा से महदुली मार्ग पर चंदन नदी पर 12 करोड 02 लाख रुपए की लागत से निर्मित पुल, 08 करोड 47 लाख रुपए की लागत से निर्मित भैंसवाही-जल्दीदांड 14 किमी सडक, 10.68 करोड रुपए की लागत से नेवरवाही से लोडामा मार्ग पर सोन नदी पर निर्मित पुल, 7.56 करोड रुपए की लागत से सुक्कलदण्ड से नंदोरा मार्ग पर देवनदी पर निर्मित पुल एवं 08 करोड रुपए की लागत से निर्मित कलकत्ता-बोदालझोला मार्ग पर देवनदी पर निर्मित पुल का लोकार्पण किया।

## एसीसी सोनपुरी ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला

उकवा(स्वतंत्र मत)



विगत आठ वर्षों से उकवा मैदान की पावन धरा पर स्व. राजू चौकसे की स्मृति मे दो दिवसीय सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शांतिपूर्ण एवं बड़े ही धूमधाम से आयोजित कराया जाता है । मुख्य अतिथि के रूप मे लांजी क्षेत्र के लाडले विधायक राजकुमार कर्राहे अपर कलेक्टर आदित्य नारायण तिवारी बैहर, एसडीएम परसवाड़ा सुशील व्यासी श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष इंद्रजीत भोज एवं डॉक्टर बी गौतम की गरिमामयी उपस्थिति में आ अब लौट चले गांव की ओर,मेरा गांव मेरा तीर्थ की तर्ज पर खेला गया सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला एसीसी सोनपुरी एवं डॉक्टर इलेवन उकवा के मध्य खेला गया जिसमे एसीसी सोनपुरी की टीम ने 8 ओवरों में चार विकेट खोकर 104 रन बनाकर उकवा की टीम को 105 रनो का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए डॉक्टर इलेवन उकवा की टीम 6 विकेट खोकर आठ ओवर में 84 रन ही बना सकी और परास्त हो गई। दशकों से खचाखच भरे सूर्या मैदान में जब एसीसी सोनपुरी की टीम ने अपनी जीत का परचम लहराया तो गगनचुंबी आतिशबाजियों से पूरा आसमान रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा, चियर्स लीडर के रूप मे आए किन्नरो के साथ मैदान में मौजूद सभी लोगों ने जमकर ठुमके लगाए । डॉ ओंकार साहू ( मृदुल ) एवं उनके सह लेखक जिनमे 14 वर्षीय बालक की भी भूमिका शामिल है । छंद बद्ध भारत का संविधान ,जिसका विमोचन कार्यक्रम में उपस्थित लांजी विधायक राजकुमार कर्राहे एवं अतिथियों के द्वारा किया गया ।

## बालाघाट में दबंगों का आतंक, बीच सड़क युवक की लोहे के पाइप से कर दी बेरहमी से पिटाई

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

बालाघाट में दबंगों का आतंक देखने को मिल रहा है। दबंगों के हौसले इतने बुलंद है कि बीच सड़क में बेरहमी से लोहे के पाइप से युवक की पिटाई कर रहे है। यह पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो के बाद से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। वीडियो में लोहे के पाइप से मारते हुए दिख रहा शख्स सैम हुसैन है। किरनापुर थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम रजेगांव में देर रात दबंगों का आतंक देखने को मिला है,,, जंहा रेत ठेकेदार के करीबी लड़कों द्वारा रजेगांव के लड़कों पर लोहे के पाइप एंव डंडो से हमला करते हुए जमकर मारपीट की गई है। रजेगांव के ग्रामीणों ने बताया कि रेत ठेकेदार अनुराग चतुरमोहता के करीबी सेम हुसैन एंव जुनैद ने गाड़ी टकराने को लेकर हुए ग्राम रजेगांव के लड़कों से पैदा हुए विवाद को लेकर अपने साथियों के साथ देर रात्रि में रजेगांव के पास हवा पंचर की दुकान के पास खड़े ट्रक के नजदीक कुछ लोहे के पाइपों एंव डंडो से गाली गलौज के साथ मारपीट की, जबकि बस स्टेंट रजेगांव में बैठे बाबा भाई पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने रेत ठेकेदार के लड़कों का पीछा करते हुए पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही किरनापुर पुलिस ने रेत ठेकेदार के करीबी सेम हुसैन एंव जुनैद को पकड़कर थाने में ला लिया है और मामले की जांच कर रही हैं।

## मानपुर विधायक ने पौने चार करोड़ से बनने वाले छात्रावासों का किया भूमि पूजन

**मानपुर (स्वतंत्रमत)**। रविवार 8 फरवरी को मानपुर विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक, मप्र शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुश्री मीना सिंह जी ने बालिका के 50 और बालक के 50 सीटर वाले छात्रावास का भूमि पूजन किया, जो प्रधानमंत्री जन-मन योजना के मद से सांदीपनी स्कूल में पढ़ने वाले बैगा जाति के लिये 100 सीटर छात्रावास भवन का निर्माण होना है, जिस का निर्माण 3 करोड़ 71 लाख के लागत से बनना है।

## रफ्तार बनी काल, पुलिया के नीचे गिरी बाइक, युवक की हुई मौत

उमरिया (स्वतंत्रमत)



सोमवार 9 फरवरी को जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में ताला.मानपुर स्टेट हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसे में युवक की जान चली गई। ग्राम धमोंखर के पास स्थित पुलिया के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पहले पेड़ से टकराई और फिर पुलिया के नीचे जा गिरी। हादसा इतना गंभीर था कि बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

ताला चौकी प्रभारी अमर बहादुर सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान मनीष सिंह के रूप में हुई है। वह ग्राम जगुआ करेला, जिला कटनी का निवासी था और मानपुर में रहकर जियो कंपनी में कार्य करता था। बताया गया कि मनीष अपनी बाइक से नौरोजाबाद की ओर जा रहा था। जैसे ही वह धमोंखर के पास पुलिया के समीप पहुंचा, बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। संतुलन बिगड़ने से बाइक सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराई और इसके बाद सीधे पुलिया के नीचे जा गिरी।

हादसे के समय मार्ग पर आवाजाही कम होने के कारण किसी को तुरंत घटना की जानकारी नहीं मिल सकी। कुछ समय बाद राहगीरों की नजर पुलिया के नीचे पड़ी क्षतिग्रस्त बाइक और शव पर पड़ी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही ताला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को भी दी गई, जिसके बाद परिवार में शोक का माहौल बन गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। युवक की असमय मौत से गांव और कार्यस्थल दोनों जगह शोक व्याप्त है। प्राथमिक जांच में हादसे का कारण बाइक का अनियंत्रित होना माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। यह भी देखा जा रहा है कि दुर्घटना में तेज रफ्तार, सड़क की स्थिति या किसी अन्य तकनीकी कारण की भूमिका तो नहीं रही। जांच पूरी होने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। पुलिया के आसपास पर्याप्त संकेतक और सुरक्षा इंतजाम नहीं होने से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के उपाय मजबूत करने और चेतावनी संकेत लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## खनिज विभाग की टीम ने अवैध रेत परिवहन करते दो हाइवा पकड़ा

**उमरिया (स्वतंत्रमत)**। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए है। चंदिया क्षेत्र में रविवार रात दबिश के दौरान खनिज विभाग की टीम ने अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए एक हाइवा और एक डंपर को जब्त किया। निर्देश के परिपालन में प्रभारी अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस. आर्मो की टीम द्वारा कुल 2 वाहनों को जप्त किया गया है, जिसमें तहसील चंदिया अंतर्गत गणेशपुर मार्ग खैरभार रोड पर वाहन क्रमांक एमपी 21 जी 1800 जिसके वाहन चालक सोमनाथ यादव पिता नन्दीलाल यादव पता ग्राम बसाडी थाना बडवारा जिला कटनी (म.प्र.) एवं वाहन क्रमांक ओडी 35 ई 7722 जिसके वाहन चालक मनोज महोबिया पिता लख्खूलाल महोबिया, निवासी ग्राम निपनिया तहसील पनागर जिला जबलपुर (म.प्र.) को मय खनिज रेत के अवैध परिवहन में जप्त किया गया।

## भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार चार मजदूर गंभीर

उमरिया (स्वतंत्रमत)



नौरोजाबाद थाना अंतर्गत जीएम ऑफिस के आगे इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास रविवार की शाम दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में बाइक और कार की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार चार मजदूर युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में देवगवां निवासी राजकुमार कोल (45 वर्ष), शिवा कोल (31 वर्ष),शंभू यादव (48 वर्ष) एवं अनिल कोल (17 वर्ष) गंभीर रूप से घायल बताये जा रहे है,ये सभी घायल युवक मजदूर थे,मजदूरी कर शाम को वापस घर जा रहे थे,तभी हादसा कारित हुआ है।घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने घटना की सूचना 108 एम्बुलेंस को दी।जिसके बाद मौके पर 108 एम्बुलेंस पहुंची और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन धर्मेंद्र साहू एवं पायलट गंगा प्रसाद साहू ने घायलों को मौके पर प्राथमिक उपचार प्रदान किया।इसके बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय लाया है।

## युवाओं के जीवन में परिवर्तन लाने और युवा रोजगार से परिपूर्ण है यह केंद्रीय बजट : श्याम टेलर

उमरिया (स्वतंत्रमत)




रविवार 8 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के कार्यालय में केंद्रीय बजट पर आधारित युवा संवाद का कार्यक्रम रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष और भाजपा के उपाध्यक्ष अमित सिंह, महामंत्री दीपक छतवानी, राधे लाल कोल, उपाध्यक्ष धनुषधारी सिंह, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष पुष्पेंद्र गौतम और नगर मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह मंचासीन थे। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर जहां युवाओं में भरी जोश देखा गया, वहीं चंदिया स्थित जिले के बॉर्डर से रैली के रूप में भाजपा कार्यालय तक जुलूस के माध्यम से लाया गया। जिले के युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। भाजपा कार्यालय में आयोजित केंद्रीय बजट पर युवा संवाद को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर उन्हें प्रदेश के तमाम जिलों में केंद्रीय बजट पर युवा संवाद करने का अवसर प्रदान किया गया है जिसके लिए वह यहां पर पहुंचे हुए हैं। इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के स्वागत और अभिनंदन से वह अभिभूत है। केंद्रीय बजट को लेकर उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं के जीवन में परिवर्तन लाने और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने वाला है। उन्होंने बताया कि सन 2014 के बाद से जिस कदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा हर क्षेत्र में बजट में वृद्धि की गई है निश्चित ही आने वाले समय में उसकी तस्वीर दिखाई देगी। रक्षा के क्षेत्र में बजट की बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए कहा कि 2014 के पहले रक्षा बजट काफी कम रहता था जिस कारण हमारी सेनन के पास ना तो आधुनिक हथियार थे और ना ही व्यवस्थाएं थी। लेकिन 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा के क्षेत्र में बजट पर भारी वृद्धि की है यही वजह है कि अब भारतीय सेना के पास एक से बढ़कर एक आधुनिक हथियार, टैंक, गोला बारूद और आधुनिक मिसाइले से लैस हो गई है। अब हमारी सेना किसी भी ऑपरेशन या हमले के विरुद्ध मुंह तोड़ जवाब देते हुए सफल अंजाम दे रही है। श्री श्याम टेलर ने बजट को लेकर बिंदुवार चर्चा करते हुए जिले की युवाओं से आवाहन किया है कि बजट की जानकारी और चर्चा हर एक जगह और आम आदमी तक पहुंचनी चाहिए जिससे 2014 के पूर्व की स्थिति और अब की स्थिति में लोगों को जानकारी हो सके। उन्होंने बजट की बिंदुवार जानकारी देते हुए बताया कि बजट प्रदेश के आर्थिक-औद्योगिक और सामाजिक विकास का ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा। पूंजीगत व्यय में वृद्धि से शहरी व लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम का विकास प्रदेश के लिए वरदान साबित होगा।केंद्रीय बजट सतत आर्थिक विकास के साथ जन अपेक्षाओं को पूरा करने वाला है। यह बजट उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ अलग-अलग क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करेगा, प्रधानमंत्री जी ने देश को सशक्त बनाने के साथ दुनिया को भारत की ताकत का अहसास कराया। बजट सभी वर्गों की आशा-आकांक्षाओं को पूरा करने एवं सशक्त बनाने में निर्णायक सिद्ध होगा। बजट में गरीब, युवा, नारी शक्ति और अन्नदाता के साथ हर वर्ग के कल्याण के प्रावधान हैं। यह बजट आने वाले वर्षों में भारत की दिशा तय करने वाला सिद्ध होगा।

# कब होगा सौ वर्ष पुराना रेलवे स्टेशन का विद्युतीकरण ब्रॉडगेज विस्तार और आधुनिकीकरण, लोगों में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

मण्डला(स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल मण्डला लोकसभा क्षेत्र में स्थित एकमात्र रेलवे स्टेशन मण्डला फोर्ट की बदहाल स्थिति और लंबी दूरी की रेल सुविधाओं के अभाव को लेकर सोमवार को राष्ट्रीय रेलवे संघर्ष समिति के बैनर तले एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया यह धरना मण्डला फोर्ट रेलवे स्टेशन उपनगर महाराजपुर में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ जिसमें क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता व्यापारी विद्यार्थी किसान एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे धरना प्रदर्शन के माध्यम से रेल मंत्रालय का ध्यान वर्षों से लंबित मांगों की ओर आकर्षित करते हुए रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को स्टेशन अधीक्षक मण्डला फोर्ट के माध्यम से एक विस्तृत ज्ञापन प्रेषित किया गया ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मण्डला फोर्ट रेलवे स्टेशन की स्थापना वर्ष 1909 में हुई थी। देश में रेलवे नेटवर्क के 100 वर्ष से अधिक के विकास विद्युतीकरण ब्रॉडगेज विस्तार और आधुनिकरण के बावजूद यह स्टेशन आज भी अत्यंत पिछड़ी अवस्था में है। वर्तमान में यहां से केवल लगभग 40 किलोमीटर दूर नैनपुर तक ही यात्री रेल सेवा संचालित है जिससे मण्डला जिले की लाखों की आबादी को भारी असुविधा




का सामना करना पड़ रहा है क्षेत्र वासियों का कहना है कि रेल संपर्क के अभाव में उन्हें शिक्षा रोजगार व्यापार और इलाज के लिए जबलपुर नागपुर भोपाल अथवा इंदौर जाने हेतु सड़क मार्ग पर निर्भर रहना पड़ता है जो समय-साध्य और खर्चीला है। राष्ट्रीय रेलवे संघर्ष समिति ने अपने ज्ञापन में बताया कि इससे पूर्व अनेक बार धरना प्रदर्शन ज्ञापन और प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराया गया किंतु आज तक न तो किसी ठोस कार्यवाही की गई और न ही जनता को कोई राहत मिली इसी उपेक्षा और निराशा के चलते क्षेत्र की जनता में गहरा आक्रोश व्याप्त है जिसे सांकेतिक धरने के माध्यम से लोकतांत्रिक तरीके से व्यक्त किया गया ज्ञापन की पहली और प्रमुख मांग यह है कि जुलाई 2025 में इंदौर से नैनपुर तक प्रारंभ की गई पैंचवेली एक्सप्रेस को मण्डला फोर्ट तक विस्तारित किया जाए। इससे मण्डला क्षेत्र के व्यापारियों विद्यार्थियों और गंभीर रोगियों को इंदौर जैसे महानगर तक सीधी रेल सुविधा मिल सकेगी समिति का तर्क है कि मण्डला फोर्ट स्टेशन पर रेलगाड़ी को खड़ा रखने उसकी सफाई एवं रखरखाव के लिए पर्याप्त अतिरिक्त रेलवे ट्रैक तथा जल सुविधा उपलब्ध है। अत: इस विस्तार से रेलवे को भी अच्छी राजस्व प्राप्ति होगी। दूसरी प्रमुख मांग शाम के समय मण्डला से नागपुर तक सीधी रेलगाड़ी चलाने की है। इससे महाराष्ट्र से जुड़े विद्यार्थी नौकरीपेशा लोग व्यापारी



एवं मरीजों को सीधी सुविधा मिलेगी तीसरी मांग मण्डला से दिल्ली के लिए सीधी रेल सेवा प्रारंभ करने की है। समिति का कहना है कि आदिवासी बहुल मण्डला क्षेत्र को देश की राजधानी से जोड़ना सामाजिक शैक्षणिक और प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है ज्ञापन में मण्डला फोर्ट से रायपुर भोपाल और पुणे जैसे प्रमुख शहरों के लिए भी रेल सेवाएं प्रारंभ करने की मांग की गई है जिससे क्षेत्र की जनता देश के विभिन्न हिस्सों से सीधे जुड़ सके और व्यापार शिक्षा एवं रोजगार के अवसर बढ़ सके ज्ञापन में पेंड्रा से डिंडौरी मण्डला होते हुए गोटेगांव तक पहले से स्वीकृत सर्वे के अनुसार रेल लाइन का शीघ्र निर्माण प्रारंभ करने की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त मण्डला से घंसौर की दूरी मात्र 30 किलोमीटर बताते हुए घंसौर तक रेलवे लाइन जोड़ने का प्रस्ताव रखा गया है। इससे लगभग 70 किलोमीटर लंबा बाईपास ट्रैक उपलब्ध होगा जिससे विपरीत दिशा की गाड़ियों को क्रॉस करने में लगने वाला समय बचेगा और परिचालन क्षमता बढ़ेगी समिति ने बिलासपुर-पंडरिया-डोंगरगढ़ रेल लाइन के निर्माण का उल्लेख करते हुए मांग की कि इसी क्रम में पंडरिया से बिछिया मण्डला फोर्ट, घंसौर होते हुए जबलपुर तक रेल लाइन का निर्माण तत्काल प्रारंभ किया जाए यह रेल लाइन मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ तथा देश के उत्तर-दक्षिण हिस्सों को जोड़ने में सेतु का कार्य करेगी और व्यापार पर्यटन व कृषि क्षेत्र को व्यापक प्रोत्साहन देगी मण्डला फोर्ट स्टेशन को टर्मिनल स्टेशन बताते हुए यहां ट्रेन वाशिंग एप्रोन फिट लाइन कोचिंग डिपो और स्टेबलिंग लाइन की स्थापना की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेख है कि स्टेशन से मात्र 1 किलोमीटर की दूरी पर नर्मदा नदी बहती है जिससे जल उपलब्धता कोई समस्या नहीं है इन सुविधाओं के विकसित होने से मण्डला से देश के विभिन्न भागों के लिए सीधी यात्री रेलगाड़ियां प्रारंभ की जा सकती हैं। ज्ञापन में बताया गया कि मण्डला फोर्ट रेलवे स्टेशन के समीप लगभग 70 एकड़ रेलवे भूमि उपलब्ध है जहां अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवास एवं विश्रामगृह का निर्माण शीघ्र कराया जाना चाहिए साथ ही यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्टेशन परिसर में रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ थाना एवं पर्याप्त स्टाफ की तैनाती की मांग भी की गई है धरना-प्रदर्शन के अंत में संघर्ष समिति ने आशा व्यक्त की कि रेल मंत्रालय इस बार मण्डला क्षेत्र की जनता की वास्तविक जरूरतों को समझते हुए मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेगा और वर्षों से चली आ रही उपेक्षा को समाप्त करेगा क्षेत्र वासियों का कहना है कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई तो भविष्य में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## एक लाख रूपए का अवैध शराब जप्त

मण्डला(स्वतंत्र मत)। कलेक्टर के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में शहर के समीप स्थित ग्राम खड़देवरी के किनारे नर्मदा नदी के कछार क्षेत्र में दबिश की कार्रवाई की गई जिसमें मदिरा का निर्माण अवैध रुप से करने वाले अड्डों पर लगभग 95 डब्बे महुआ लाहन के मिले। नदी के पास रेत में डिब्बे दबाकर रखे हुए पाए गए थे। प्रत्येक डिब्बा में लगभग 10 किलो महुआ लाहन भरा था इस प्रकार कुल 950 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया आबकारी बल द्वारा महुआ लाहन के डब्बों को घटनास्थल पर नष्ट किया गया अड्डों से लगभग 75 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त की गई दबिश की कार्यवाही के दौरान आबकारी विभाग की टीम को देख आरोपी भाग गए मदिरा का निर्माण करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया जप्त मदिरा एवं नष्ट महुआ लाहन की अनुमानित कीमत 1 लाख 6 हजार 250 रूपए है।

## पुलिस ने लगाई चौपाल

मण्डला(स्वतंत्रमत)। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में माइक्रो बीट पुलिस चौपाल आयोजित कर ग्रामीण नागरिकों को हेलमेट की अनिवार्यता, यातायात नियमों के पालन नशा मुक्ति साइबर अपराध से बचाव तथा महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया अभियान के अंतर्गत थाना निवास बबलिया, थाना कोतवाली आमानाला, थाना घुघरी डोंगरमंडला, थाना बीजाडांडी भौंडी, थाना मवई करेली एवं चौकी अंजनिया, चौकी पिंडरई बीजेगांव, चौकी टाटरी भरवेली, चौकी चाबी झंडाटोला क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

## हम फाउंडेशन की बैठक संपन्न

मण्डला(स्वतंत्रमत)। विगत दिवस के कारीकौन तिराहा महाराजपुर में विवेकानंद शाखा हम फाउंडेशन की मासिक बैठक का आयोजन अपरान्ह 3 बजे से पुहुपसिंह भारत अध्यक्ष विवेकानंद शाखा की अध्यक्षता में तथा एचपी झरिया जिलाध्यक्ष हम फाउंडेशन तथा बीके राय प्रदेश संरक्षक हम फाउंडेशन के विशिष्ट अतिथि में संपन्न हुई। बैठक में पारित प्रस्ताव में 28 जनवरी को ग्राम मलारा में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया। कोषाध्यक्ष एसके पटेल ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया विवेकानंद शाखा के एक प्रस्ताव के अनुसार प्रतिमाह अंशदान दिए जाने का प्रस्ताव आया जिसे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

## छिवलाटोला में बुजुर्ग ने लगाई फांसी

मण्डला/घुघरी(स्वतंत्रमत)। जिले के घुघरी थाना अंतर्गत एक 60 वर्षीय बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पूरा मामला घुघरी थाना क्षेत्र के ग्राम छिवलाटोला का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग ने अपने ही घर के आंगन में स्थित आम के पेड़ पर फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने जब बुजुर्ग को आंगन में फंदे पर लटका देखा तो गांव में हड़कंप मच गया। तत्काल इसकी सूचना घुघरी थाना पुलिस को दी गई बताया जा रहा है कि मृतक बुजुर्ग लंबे समय से पेट दर्द की गंभीर बीमारी से परेशान था। बीमारी के चलते वह मानसिक रूप से भी काफी तनाव में बताया जा रहा है। हालांकि आत्महत्या के पीछे के वास्तविक कारणों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी सूचना मिलते ही घुघरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

# प्रो.खरे को मिला अलंकरण सम्मान



मण्डला(स्वतंत्रमत)। देश की सुप्रसिद्ध साहित्य संस्था वर्तिका ने जबलपुर के आर्य समाज भवन में वार्षिकोत्सव व राष्ट्रीय अलंकरण समारोह आयोजित किया जिसकी अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवंत दुबे ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में बार कौंसिल अध्यक्ष अशोक मनोध्या उपस्थिति रहे सारे देश से चयनित कुछ साहित्यकारों में मंडला के वरिष्ठ साहित्यकार शिक्षाविद व शासकीय जगन्नाथ मुन्नालाल चौधरी महिला महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. शरद नारायण खरे का चयन भी हुआ जिन्हें वर्तिका ज्ञानश्री राष्ट्रीय अलंकरण से सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन करते हुए वर्तिका के अध्यक्ष संतोष नेमा व राजेश पाठक प्रवीण ने प्रो. शरद नारायण खरे की पांच दशकीय साहित्य सेवा पर विस्तृत प्रकाश डाला तथा सृजन व क्रियाशीलता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। आयोजन में जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नरसिंहदेव आचार्य की विशेष उपस्थिति रही संयोजक विजय नेमा अनुज रहे।

# ब्रेन चाइल्ड के वार्षिक उत्सव में पहुंचे कलेक्टर

मण्डला(स्वतंत्रमत)

ब्रेन चाइल्ड एकेडमी का वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर ने छात्रों और अभिभावकों को पढ़ाई और जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। कलेक्टर ने वार्षिक उत्सव आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि उत्सव उड़ान 2026 अपने आप में यूनिक है। इसके बाद भजन जामिंग प्रस्तुत किया गया जिसमें छात्रों ने अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में स्वर कोकिला स्व लता की जीवन यात्रा पर आधारित एक सुंदर नृत्य प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। बच्चों ने इन्क्रीडिबल इंडिया थीम पर आधारित नृत्य ने भारत की विविधता और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया हनुमान चालीसा एक्रोबैटिक्स ने दर्शकों को हैरान कर दिया वहीं अभिनेता स्व धर्मेंद्र श्रद्धांजलि देते हुए प्रस्तुत नृत्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया। वहीं एडमेन पीयूष पांडे के



योगदान को विभिन्न विज्ञापनों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया जिसने सभी माता-पिता के बचपन की यादों को ताजा कर दिया भारत की शान पर आधारित शास्त्रीय नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया जबकि सिंडरेला फैंटेसी एक्ट ने सभी अभिभावकों को आकर्षित किया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा एनएसजी ऑपरेशन्स का प्रदर्शन अत्यंत रोमांचक रहा बीसीए कॉमेडी शो ने दर्शकों को हंसाया वहीं ऑपरेशन सिंदूर और नरसिंह अवतार नृत्य नाटकों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया जो कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा अंत में वायु सेना पायलट शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा पर आधारित तिरंगा ऑन स्पेस स्टेशन एक्ट ने समारोह का समापन किया। कार्यक्रम के आयोजन में ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के निर्देशक निशांत शुक्ला, प्रिंसिपल डॉ दिव्या शुक्ला, सीनियर कोऑर्डिनेटर सोनिया जैन, राजुल सिंहानी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कलेक्टर ने योजनाओं पर की समीक्षा

मण्डला(स्वतंत्रमत)

कलेक्टर की अध्यक्षता में योजना भवन में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने प्रदेश सरकार की प्राथमिकता वाले संकल्प से समाधान अभियान सहित सीएम हेल्पलाइन और विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि नगरीय निकायों और जनपदों में आयोजित शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाएं। आवेदनों के निराकरण की स्थिति प्रतिदिन ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की जाए। यदि किसी आवेदन का निराकरण संभव न हो तो उसका स्पष्ट कारण पोर्टल पर उल्लेखित करें। सीएम हेल्पलाइन



की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जनपद और ग्राम पंचायतवार लक्ष्य निर्धारित कर संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। आगामी एक सप्ताह के भीतर लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत समाधान करने के निर्देश दिए गए कलेक्टर ने श्रम विभाग को निर्देशित किया कि जिले से होने वाले पलायन पर नजर रखें और विशेष अभियान चलाकर मजदूरों का संबल योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करें पीएम आवास योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अगले 3 सप्ताह के भीतर जिले के सभी स्वीकृत और अधूरे आवासों को पूर्ण कराया जाए कलेक्टर ने नगरीय प्रशासन को शहर के अग्निशमन वाहनों की तत्काल मरम्मत कराने तथा जिला आपूर्ति अधिकारी को जिले के पटाखा गोदामों की सघन जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों और समय सीमा के पत्रों का जवाब 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। बैठक में सीएम मॉनिट, आयुष्मान भारत स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आवंटित भूमि के प्रकरण, मध्यान्हभोजन एवं सांझा चूल्हा का संचालन, वनग्राम पोर्टल एवं वनग्राम को राजस्व ग्राम में परिवर्तन, अवमानना के प्रकरण, अंतर्विभागीय बिन्दु, मनरेगा लेबर बजट एवं कार्यपूर्णता, ड्रॉप मोर क्रोप योजना, प्रगति खेती के अंतर्गत बीआरसी की स्थापना सहित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

# शकुन को कुष्ठ रोग से मिली मुक्ति

मण्डला(स्वतंत्रमत)



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहंती ने बताया कि कार्यालय जिला कुष्ठ अधिकारी से श्रीमती शकुन कतिया पति स्व. माहेनलाल कतिया उम्र 40 वर्ष निवासी स्वामी सीताराम वार्ड 22 नवंबर 2016 में पंजीकृत की गई थी और एक साल एमडीटी बहु औषधी उपचार लेने पश्चात् कुष्ठ रोग से मुक्त हो गई और पूर्णत: स्वस्थ होकर सामान्य जीवन यापन कर रही है जब मरीज पंजीकृत की गई थी उस समय उसका जीवन का सहारा देहाड़ी मजदूरी थी पति का स्वर्गवास हो जाने के कारण घर में कमाने वाला कोई न था वह अपने जीवन में खुश थी परन्तु अचानक शरीर में परीवर्तन आना प्रारम्भ हुआ और बीमारी के कारण काम में जाना बन्द हो गया दिनचर्या असहनीय हो गई बड़े-बड़े दाग पूरे शरीर में उभर आये जिनमें सुन्नपन था ठण्डा-गर्म का अहसास नहीं होता था अचानक हमारे कार्यकर्ता ने इन्हें पहचाना और एमडीटी की 12 माह तक नियमित पूरी खुराक खिलाई जल तेल उपचार और व्यायाम नियमित करवाये गये मरीज का सहयोग आशानुकूल सराहनीय था परिणाम आज शकुन बाई पूर्णत: स्वस्थ हैं और पहले की भांति काम कर अपना सामान्य जीवन जी रही है जिला चिकित्सालय में भी कार्यालय जिला कुष्ठ अधिकारी में उपस्थित होकर शंका का समाधान करवाया जा सकता है इसका इलाज व जॉच सभी स्वास्थ केन्द्रों में मुफ्त होता है।

## वन अधिकार समिति की बैठक

मण्डला(स्वतंत्र मत)। कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में वनाधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि वनाधिकार से जुड़े प्रकरणों का समय पर परीक्षण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि नैनपुर के अतिरिक्त अन्य संबंधित खण्ड स्तरीय समितियां प्रकरणों को समय पर जिला टीम को उपलब्ध कराएं। नैनपुर से प्राप्त 12 प्रकरणों की प्रकरणवार जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि समिति द्वारा मान्य किए गए प्रकरणों में उपवन मंडलाधिकारी की टीम सहित प्रकरणों को जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करें।

## सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रेम नारायण बारेश्वा ने कांग्रेस की सदस्यता ली

नैनपुर। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता एंव मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ के निज



निवास छिंदवाड़ा में ई. एफ. ए. स्कूल सिवनी से सेवानिवृत हुए प्राचार्य प्रेम नारायण बारेश्वा ने कांग्रेस की सदस्यता लिया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सरजू प्रसाद तिवारी, पूर्व जिला संगठन सचिव प्रमोद झरिया, पूर्व जिला संगठन मंत्री एंव पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेश तिवारी, जनपद सदस्य बीरबल सिंह परते सहित अन्य की उपस्थिति रही। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा निरन्तर सक्रियता के साथ संगठन एवं जनता के बीच कार्य करें, कांग्रेस के लक्ष्यों के लिए भरसक प्रयत्न करें। जनता को कांग्रेस की नीतियों और कार्यों को जानकारी दे, युवाओं को जागृत करें और उन्हें जोड़ें। इसी दौरान युवा नेता, पूर्व सांसद नकुल नाथ ने भी कहा कि कांग्रेस पार्टी में शामिल होने एवं कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर कांग्रेस पार्टी में आपका स्वागत है हम आपको मिलकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाना होगा।

# परिसीमन में नैनपुर विधानसभा का पुनर्जागरण जरूरी

### सर्वांगीण विकास परिषद नैनपुर की अहम बैठक, सर्वदलीय शंखनाद का निर्णय

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

वर्तमान सत्र में प्रस्तावित विधानसभा एवं लोकसभा परिसीमन को लेकर पूरे प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज है। सूत्रों के अनुसार मंडला जिले में दो नई विधानसभा सीटें बढ़ने की प्रबल संभावना है। इसी महत्वपूर्ण विषय को लेकर नैनपुर जिला बनाओ संघर्ष समिति एवं नैनपुर सर्वांगीण विकास परिषद की एक अहम बैठक आयोजित की गई। जिसमें नैनपुर को पुन: विधानसभा दर्जा दिलाने की ठोस रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि परिसीमन आयोग के समक्ष नैनपुर विधानसभा के पुनर्गठन हेतु ठोस तथ्य, ऐतिहासिक संदर्भ और जनभावनाओं को मजबूती से रखा जाएगा। इसके साथ ही शीघ्र नैनपुर नगर में सर्वदलीय एवं सर्वसामाजिक बैठक आयोजित कर नैनपुर विधानसभा पुनर्जीवन का शंखनाद किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले परिसीमन में नैनपुर विधानसभा को समाप्त कर दिया गया था। जिसमें लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्र को मंडला विधानसभा में सम्मिलित कर दिया गया। नैनपुर विधानसभा के अंतिम विधायक देवसिंह सैयाम (भाजपा) रहे। जबकि मंडला विधानसभा के पहले विधायक भी वही बने। उस समय जबलपुर के तरंग भवन में परिसीमन प्रक्रिया के दौरान नैनपुर विधानसभा को बचाने के लिए किसी भी राजनीतिक दल द्वारा कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। जिसका खामियाजा आज नैनपुर क्षेत्र अपने अवरोधित विकास के रूप में भुगत रहा है। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नैनपुर विधानसभा के विलुप्त होने से क्षेत्र का संतुलित विकास बाधित हुआ। प्रशासनिक उपेक्षा बढ़ी और जनता की आवाज कमजोर पड़ती गई। ऐसे में अब जब पुन: परिसीमन होने जा रहा है, तो जनता की मांग के आधार पर नैनपुर विधानसभा का पुनर्जीवन बेहद जरूरी है। जिससे क्षेत्र का समग्र और तेज़ विकास सुनिश्चित हो सके। 14 फरवरी को नैनपुर सर्वांगीण विकास परिषद द्वारा सर्वदलीय बैठक की तिथि घोषित कर दी गई है। इस ऐतिहासिक बैठक में समस्त राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। ताकि एकजुट होकर नैनपुर के हक़ की आवाज बुलंद की जा सके। माना जा रहा है कि नैनपुर की पहचान, विकास और भविष्य के लिए यह लड़ाई निर्णायक मोड़ पर है।

# साहित्यकार वल्लभ यमुनेश्वरी सम्मानित



नैनपुर (स्वतंत्र मत)

संस्कृति एवं साहित्य शोध समिति, बालाघाट, मध्यप्रदेश का चतुर्थ वार्षिक साहित्यकार अधिवेशन, स्पंदन का आयोजन 8 फरवरी 2026 को सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के सभाकक्ष में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नैनपुर नगर के साहित्यकार वल्लभ यमुनेश्वरी को हिन्दी साहित्यरत्न मानद उपाधि अलंकरण से सम्मानित किया गया। विदित हो नैनपुर नगर के साहित्यकार दंपति वल्लभ यमुनेश्वरी एवं श्रीमती सुनीता मेश्राम च्यांगेश्वरीज्अनेक वर्षों से अनवरत साहित्य सृजन कर रहे हैं। नैनपुर नगर के साहित्यकारों ने इनके सम्मान पर हर्ष व्यक्त किया है।

संपादकीय

# किसान क्यों नाराज

केंद्र सरकार दावा कर रही है कि भारत-अमेरिका के बीच होने वाले व्यापार समझौते में किसानों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। समझौते से डेयरी उत्पादों, मसालों के साथ-साथ उन अनाजों, फलों-सब्जियों को पूरी तरह बाहर रखा गया है जो देश के किसानों को प्रभावित कर सकते हैं। लेकिन किसान संगठन सरकार की इस बात से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि सरकार ने इस डील में कई ऐसे प्रावधान किए हैं जिससे उनके हितों को चोट पहुंच सकती है। किसान 12 फरवरी को इस डील के विरोध में प्रदर्शन करने की तैयारी कर चुके हैं। किसानों का यहां तक कहना है कि यदि उनके हितों को चोट पहुंचाई गई तो वे एक बार फिर लंबा आंदोलन करने के लिए मजबूर हो सकते हैं।

किसान संगठनों के अनुसार, 12 फरवरी को दिल्ली में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन होगा। 15 फरवरी को इंदौर, 18 फरवरी को मुरादाबाद और 23 मार्च को हरियाणा में पंचायत-प्रदर्शन करने की योजना है। इसमें सरकार से अमेरिकी से ट्रेड डील से पीछे हटने की अपील की जाएगी। यदि सरकार सहमत नहीं होती है तो विरोध प्रदर्शन को तेज किया जाएगा। किसानों का कहना है कि सरकार ने अमेरिका से समझौते में कुछ कृषि उत्पादों और डेयरी उत्पादों को समझौते से बाहर रखने की बात कही है, जबकि भारत-अमेरिकी समझौते में यह बात स्पष्ट की गई है कि भारत अपने बाजार में अमेरिकी कृषि-डेयरी उत्पादों पर नॉन टैरिफ बाधाओं को दूर कर देगा। किसानों का मानना है कि इस नॉन टैरिफ प्रतिबंधों को हटाने की आड़ में भारतीय बाजार में ऐसे अमेरिकी कृषि-डेयरी उत्पाद भरे जा सकते हैं जो अब तक आयात नहीं किए जा सकते। हालांकि, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि केंद्र सरकार अपने किसानों-श्रमिकों के हितों का पूरा ध्यान रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा है कि सरकार डेयरी, पोल्ट्री और मसालों के सेक्टर में अमेरिकी उत्पादों को नहीं आने देगी। मंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारत अभी भी कृषि उत्पादों के कुछ क्षेत्रों में पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं है। ऐसी वस्तुएं जिनका भारत पहले ही आयात करता है, उन्हें ही भारतीय बाजारों में लाने की अनुमति दी गई है। लेकिन ये उत्पाद भी सशर्त ही बाजार में प्रवेश कर पाएंगे। इसके बावजूद किसान नेताओं का कहना है कि भारत-अमेरिका की ट्रेड डील अभी अपने अंतिम स्वरूप में सामने नहीं आई है। लेकिन शुरुआती फ्रेमवर्क में ही सरकार ने अपने इरादे जता दिए हैं। उनके अनुसार, फ्रेम वर्क में अमेरिकी उत्पादों पर नॉन-टैरिफ बाधाओं को पूरी तरह हटाने की बात कहकर सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि अब भारतीय बाजार में ऐसी प्रतिबंधित वस्तुएं भी आयात की जा सकेंगी जिन्हें अब तक आयात नहीं किया जा सकता था। समझौते के अनुसार, भारत अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 बिलियन डॉलर की वस्तुओं का आयात करेगा। इसमें रक्षा उत्पाद, वायुयानों-मशीनों के कल-पुर्जे, तकनीक और कृषि उत्पाद शामिल होंगे। इन वस्तुओं के आयात पर भारत में शून्य से लेकर कई स्तर का टैक्स चुकाना पड़ेगा। लेकिन इसमें अनेक कृषि उत्पादों पर शून्य टैक्स लगाने से किसान चिंतित हैं। किसान नेता कहते हैं कि मनरेगा के स्थान पर जी राम जी योजना लाकर केंद्र सरकार ने श्रमिकों के हितों को नुकसान पहुंचाया था। अब यूएस डील से भी श्रमिकों के हितों को नुकसान पहुंचाने की तैयारी है।

# ईरान को सबक सिखाने के लिए साम दाम दंड भेद की नीति अपना रहे हैं ट्रंप



नीरज कुमार दुबे
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

अमेरिका और ईरान के बीच तनातनी चरम पर होने के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया कार्यकारी आदेश जारी कर उन सभी देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की चेतावनी दी है जो ईरान के साथ किसी भी तरह का व्यापार जारी रखेंगे। आदेश में शुल्क की दर तय नहीं की गई है, पर उदाहरण के तौर पर पच्चीस प्रतिशत का जिक्र है। साफ कहा गया है कि जो भी देश सीधे या परोक्ष रूप से ईरान से सामान या सेवा खरीदेगा, उस पर यह शुल्क लगाया जा सकता है। ट्रंप ने अलग से बयान देते हुए दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलना चाहिए।

यह कदम ऐसे समय आया है जब ओमान में दोनों देशों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई है। कई सप्ताह की बयानबाजी और धमकियों के बाद शुरू हुई यह बातचीत तनाव कम करने की कोशिश मानी जा रही है, पर जमीन पर हालात अब भी तने हुए हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ओमान में वार्ता को अच्छी शुरुआत बताया, लेकिन साथ ही कहा कि अविश्वास का माहौल गहरा है, खासकर इसलिए कि हाल ही में अमेरिका ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। ट्रंप ने भी वार्ता को बहुत अच्छी बताया, पर साथ में चेतावनी जोड़ी कि यदि समझौता नहीं हुआ तो नतीजे बहुत सख्त होंगे।



अमेरिका का कहना है कि वह केवल परमाणु कार्यक्रम नहीं, बल्कि ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम, सशस्त्र समूहों को समर्थन और अपने नागरिकों के साथ व्यवहार जैसे मुद्दे भी बातचीत में शामिल करना चाहता है। दूसरी ओर तेहरान का रुख साफ है कि चर्चा केवल परमाणु कार्यक्रम पर होगी और उसे यूरेनियम संवर्धन का अधिकार मिलना चाहिए। ईरान का दावा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण है और वह हथियार बनाने की कोशिश नहीं कर रहा।

हम आपको बता दें कि इस तनातनी की जड़ें पिछले एक दशक में लिए गए फैसलों में हैं। वर्ष 2015 के परमाणु समझौते के तहत ईरान को सीमित स्तर तक यूरेनियम संवर्धन की अनुमति थी और उस पर सख्त निगरानी थी। बदले में उस पर लगे कई प्रतिबंध हटाए गए थे। लेकिन ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में वर्ष 2018 में इस समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया था और कठोर प्रतिबंध फिर लगा दिए थे। तेल निर्यात, जहाजरानी और बैंक तंत्र पर पाबंदियों ने ईरान की अर्थव्यवस्था को भारी चोट दी। जवाब में ईरान ने समझौते की कई शर्तों से आगे बढ़ कर संवर्धन करना शुरू कर दिया।

बीते वर्षों में हालात और बिगड़े। वर्ष 2020 में ईरानी कमांडर कासिम सुलेमानी अमेरिकी हमले में मारे गए, जिससे टकराव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। फिर संयुक्त राष्ट्र में प्रतिबंध फिर लगाने की कोशिशें हुईं। वर्ष 2025 में अमेरिका ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया, जिसके बाद ईरान ने कतर में एक अमेरिकी ठिकाने पर मिसाइल दागी, हालांकि जान का नुकसान नहीं हुआ। पिछले वर्ष पश्चिमी देशों के प्रयास से संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सैन्य प्रतिबंध फिर लागू हुए।

अब ताजा कदम के तहत अमेरिका ने ईरानी तेल और पेट्रो रसायन से जुड़े पंद्रह संस्थानों और कई जहाजों पर भी प्रतिबंध लगाए हैं। उधर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सुरक्षा मंत्रिमंडल की बैठक बुलाकर ईरान को चेताया कि किसी भी हमले का जोरदार जवाब मिलेगा। उनका कहना है कि अमेरिका के साथ तालमेल बहुत गहरा है, इसलिए अंतिम फैसला ट्रंप ही करेंगे। ट्रंप ने भी कहा है कि ईरान बातचीत इसलिए कर रहा है क्योंकि वह अमेरिकी हमले से बचना चाहता है और अमेरिकी नौसैनिक बेड़ा इलाके में आगे बढ़ रहा है।

सवाल यह है कि क्या यह पूरी कवायद शांति की राह है या दबाव की राजनीति का नया दौर? ट्रंप का शुल्क हथियार दरअसल आर्थिक घेराबंदी का विस्तार है। संदेश साफ है कि जो ईरान से नाता रखेगा, वह अमेरिकी बाजार से हाथ धो सकता है। यह नीति कई देशों को कठिन दुविधा में डालेगी, खासकर वे देश जो ऊर्जा जरूरतों के लिए ईरानी तेल पर निर्भर हैं। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजार, समुद्री रास्तों की सुरक्षा और पश्चिम एशिया की सामरिक स्थिरता पर सीधा असर पड़ेगा।

सामरिक दृष्टि से यह रस्साकशी खतरनाक है। एक ओर बातचीत चल रही है, दूसरी ओर युद्ध की तैयारी जैसे संकेत दिए जा रहे हैं। बेड़े की तैनाती, मिसाइल की चर्चा और प्रतिबंधों की बौछार मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं जहां एक छोटी चिंगारी भी बड़े संघर्ष में बदल सकती है। ईरान भी झुकने के मूड में नहीं दिखता और वह बार बार अपने अधिकार की बात दोहरा रहा है।

बहरहाल, हकीकत यह है कि न तो केवल दबाव से समाधान निकलेगा, न केवल बयान से। यदि दोनों पक्ष सच में टकराव टालना चाहते हैं तो उन्हें भरोसे की बहाली, चरणबद्ध रियायत और स्पष्ट लक्ष्यों की राह पकड़नी होगी। वरना शुल्क, प्रतिबंध और हमले का यह चक्र पूरे इलाके को अस्थिर कर देगा और इसका असर दुनिया की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा पर दूर तक जाएगा। अभी भी समय है कि शक्ति प्रदर्शन की जगह समझदारी दिखाई जाए, नहीं तो आने वाले दिन और ज्यादा उथल पुथल लेकर आ सकते हैं।

# मीठा जहर : ऑनलाइन गेमिंग

किरण चौपड़ा

मोबाइल फोन और ऑनलाइन गेमिंग की लत बच्चों और युवाओं के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। जिस तकनीक को शिक्षा की जानकारी का सशक्त माध्यम माना गया था, वही अब बच्चों की मानसिक और शारीरिक हैल्थ के लिए खतरा बन रही है। पबजी और ब्लू व्हेल के बाद अब कोरियन गेम बच्चों तथा युवाओं की जान ले रही है। अत्यधिक मोबाइल और गेमिंग का उपयोग बच्चों के व्यवहार, सोच और सांस्कृतिक जीवन पर गहरा नकारात्मक असर डाल रहा है। हालत यह है कि बच्चे, किशोर और युवा आत्महत्या जैसे कदम उठाने लगे हैं तो कारण गेमिंग की लत ही है। विशेषज्ञ इस गेमिंग के चस्के को मीठा जहर करार दे रहे हैं और बच्चों को बचाने की चेतावनी दे रहे हैं। गाजियाबाद की सोसायटी में ऑनलाइन गेमिंग की लत का शिकार हुई तीन बहनों निशिका, प्राची और पाखी ने जिस तरह 9वीं मंजिल से कूदकर जान दी यह एक चौका देने वाला वाकया है और हमें चेतावनी दे रहा है कि बच्चों को ऑनलाइन गेमिंग के साथ-साथ मोबाइल की लत मत लगने दें। मेरा यह भी मानना है कि युवाओं की अस्वाभाविक मौतें नहीं होनी चाहिए। जैसा कि पहले नोएडा में सड़क पर गड्ढे में गिरकर एक इंजीनियर युवराज की मौत हुई। अब ताजा वाकया जनकपुरी में एक बैंक मैनेजर की गड्ढे में गिरकर हुई दर्दनाक मौत का है। ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए। राज्य सरकरों व प्रशासन को यह भी सुनिश्चित करना होगा।

ये तीनों बहनें जिस कोरियाई गेम की दिवानी रही, क्यों कोरियन गेम उनको जान से भी प्यारी बन गयी, यह सब इन बच्चियों के 8 पन्नों का सुसाइड नोट सब कुछ बयान करता है। बच्चों को करोना अवधि अर्थात 2019-20 में भी मोबाइल की लत थी। देखते ही देखते वे तीनों बहनें सोते-जागते एक ही मोबाइल से कोरियन ऑनलाइन गेम खेला करती थी। इसके प्रति बढ़ते क्रेज ने उन्हें क्रेजी कर दिया। वे अपने आपको कोरियाई समझने लगी। विशेषज्ञ बताते हैं कि गेमिंग ऐप में बच्चे किसी भी मामले में जब कुछ टॉस्क करते हैं तो वे अपने आपको वैसा ही समझते हैं जो टास्क उनको दिया जाता है। अपने आपको बहुत एक्सपर्ट मानना या जो गेम हमने खेली उसे कोई जीत नहीं सकता, केवल हम ही जीत सकते हैं, यह सोच बच्चों में पागलपन की हद तक बैठी हुई है। हम ऐसे भावनात्मक समर्थन को सही नहीं ठहरा सकते लेकिन बच्चे में परिवर्तन आ रहे हैं तो इसे ध्यान में रखकर सतर्क जरूर होना चाहिए। ये तीन बच्चियां तो चली गयी लेकिन आज भी भाई-बहन या साधारण और हाईफाई घरों के बच्चे सैकड़ों ऑनलाइन गेमिंग के दिवाने हैं। माता-पिता को उन पर नजर तो रखनी ही चाहिए लेकिन उन्हें समझाने-बुझाने का कोई ठोस तरीका अपनाना चाहिए और यह सब एकदम प्रेम से होना चाहिए। आज गेमिंग को बच्चे मनोरंजक तकनीक मानकर खेल रहे हैं। वे इस लत की दिशा में चल पड़े हैं जिसके परिणाम बड़े घातक निकल रहे हैं। हालांकि बच्चों की सुसाइड का कारण बच्चों द्वारा लिखे पत्र में बताया गया है लेकिन इस ऑनलाइन गेमिंग को कंट्रोल करने के लिए माता-पिता कुछ और विकल्प ढूंढ सकते हैं। मैं ये सब बातें सोशल मीडिया के आधार पर जो लोग शेयर कर रहे हैं उसी के अनुरूप बोल रही हूं। अब टेक्नोलॉजी आ ही गयी है तो नई पीढ़ी इस पर अपना हक समझती है लेकिन इस टेक्नोलॉजी का प्रयोग करने के तौर- तरीके और कंट्रोल करने के लिए भी कुछ करना ही होगा। वक्त आ गया है कि इसके लिए सबको मिलकर कुछ करना होगा। बच्चे सबके साझे हैं लेकिन देश का भविष्य भी हैं, लिहाजा कुछ करना ही होगा ताकि फिर गाजियाबाद जैसा कांड न हो पाए।

# भारत-मलेशिया संबंध नई ऊंचाई पर



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

भारत-मलेशिया संबंध पारम्परिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण रहे हैं। भारत ने 1957 में फैडरेशन ऑफ मलाया के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। दोनों देश राष्ट्रमंडल, आसियान क्षेत्रीय मंच, जी-15, जी-77, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और हिन्द महासागर जैसे विभिन्न मंचों के सदस्य भी हैं।

भारत मलेशिया संबंधों को अपनी एक्टईस्ट नीति के मूल तत्व के रूप में देखता है। दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंध एक सहस्त्राब्दी से भी पुराने हैं जिनकी जड़ें चोल साम्राज्य के दौर तक जुड़ी हुई हैं। चोल शासकों ने ही दक्षिण भारत और मलय प्रायदीप के बीच समुद्री व्यापार मार्गों को स्थापित किया था। मलेशिया में लगभग 29 लाख से ज्यादा भारतीय मूल के लोग रहते हैं, जो इसे दुनिया में भारतीय प्रवासियों की दूसरी सबसे बड़ी आबादी वाला देश मानते हैं। इस समुदाय की भाषा तमिल है। हालांकि वहां तेलगू, मलयालम, पंजाबी और अन्य भाषाओं के लोग भी आप को मिल जाएंगे। रामायण की कथाएं भी मलेशिया की सांस्कृतिक परम्परा का हिस्सा हैं। जिनका स्थानीय रूपांतरण ''हिकायत सेरी रामा'' में देखने को मिलता है। श्री वीर हनुमान मंदिर और कुछ अन्य धार्मिक स्थल साझा सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। 21वीं सदी में व्यापार, निवेश, रक्षा सहयोग, डिजिटल तकनीक, शिक्षा, चिकित्सा और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों ने आपसी सहयोग बढ़ाया है। दोनों ही देशों ने आतंकवाद पर सख्त रुख अपनाया है और स्पष्ट किया है कि आतंकवाद पर डबल स्टेंडर्ड और समझौते की कोई गंजाइश नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के क्वालालंपुर पहुंचने पर जिस तरह से उनका भव्य स्वागत हुआ। वह अपने आप में अभूतपूर्व है। अगस्त 2024 में भारत-मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिए जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली यात्रा है। पूर्व मलेशियाई प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद के शासनकाल में दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट आ गई थी। महातिर मोहम्मद ने भारत के नागरिकता कानून और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया था। इतना ही नहीं उन्होंने भारत के भगौड़े इस्लामिक प्रचारक जाकिर नाईक को भी शरण दी थी।

दोनों देशों के बीच संबंधों में कड़वाहट का दौर बीत चुका है। इस बात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि मोदी और मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम एक ही कार में भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम स्थल पर गए। भारत और मलेशिया के बीच ऐतिहासिक संबंधों में हाल के वर्षों में निरंतर प्रगति हुई है। दोनों देश अपने रक्षा और सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने, अपनी आर्थिक और इनोवेशन पार्टनरशिप को बढ़ाना तथा नए क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करना चाहते हैं। भारत मलेशिया से मुख्य रूप से खाद्य तेल आयात करता है, विशेष रूप से पाम तेल जो भारत की घरेलू आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा पूरा करता है। इसके अलावा भारत मलेशिया से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, अर्धचालक से जुड़े पुर्जे, रसायन, पैट्रो रसायन उत्पाद, रबर और लकड़ी से बने सामान भी आयात करता है।

प्रधानमंत्री मोदी और अनवर इब्राहिम में बातचीत के बाद दोनों देशों में कई महत्वपूर्ण समझैते हुए। इन समझौतों में सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य देखभाल और सुरक्षा सहयोग जैसे क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है। दोनों देशों ने व्यापार सहयोग 8.59 बिलियन डॉलर से आगे बढ़ाने का फैसला किया इसके अलावा दोनों देश निवेश, स्थानीय मुद्रा में व्यापार, पीपल टू पीपल कनेक्टीविटी, ऊर्जा, कृषि, खाद्य सुरक्षा आदि क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाएंगे। भारत लगातार एक के बाद एक व्यापार समझौते कर रहा है और भारत को नए बाजार मिल रहे हैं।

दूसरी ओर भारत मलेशिया को पैट्रोलियम उत्पाद, दवाइयां, वाहन, इस्पात, रसायन, वस्त्र और सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी सेवाएं निर्यात करता है। भारतीय दवा उद्योग मलेशिया में अच्छी पहचान रखता है, क्योंकि भारत की सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां वहां के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी तरह भारतीय तकनीकी कंपनियां मलेशिया के डिजिटल विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार को अधिक संतुलित और टिकाऊ बनाने के लिए व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते की समीक्षा की जा रही है, ताकि भारतीय उद्योगों और मलेशियाई भागीदारों दोनों को समान लाभ मिल सके। मलेशिया से भारत को कच्चे माल और रणनीतिक आपूर्ति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण लाभ मिलता है। अर्धचालक और इलेक्ट्रॉनिक उद्योग में मलेशिया की वैश्विक भूमिका भारत के लिए खास मायने रखती है, खासकर ऐसे समय में जब दुनिया आपूर्ति श्रृंखला को विविध बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। वहीं मलेशिया के लिए भारत एक विशाल बाजार, तेज़ी से बढ़ी अर्थव्यवस्था और निवेश के असीम अवसरों वाला देश है। भारत की जनसंख्या, डिजिटल और निर्माण क्षमता मलेशियाई कंपनियों को आकर्षित करती है।

# क्या यूजीसी 2026 से कैंपस में समानता आएगी या डर का माहौल?



लोकेंद्र सिंह चौहान
सहायक प्राध्यापक
हितकारिणी विधि महाविद्यालय, जबलपुर

विश्वविद्यालय किसी सरकारी दफ्तर का विस्तार नहीं होते, बल्कि वे विचारों की प्रयोगशाला होते हैं, जहाँ प्रश्न पूछे जाते हैं, बहस होती है और समाज की नई दिशा तय होती है। लेकिन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा लागू किए गए उच्च शिक्षा संस्थानों में समता संवर्धन विनियम 2026 विश्वविद्यालयों को एक ऐसी व्यवस्था में बदलते प्रतीत होते हैं, जहाँ शिक्षा से अधिक निगरानी और भय का माहौल बनने की आशंका है। इन विनियमों का घोषित उद्देश्य भेदभाव समाप्त करना और समानता को बढ़ावा देना है। यह उद्देश्य निस्संदेह प्रशंसनीय है, किंतु जिस तरीके से इसे लागू किया जा रहा है, वह स्वयं लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत दिखाई देता है। समता के नाम पर विश्वविद्यालयों पर ऐसी समितियाँ और निगरानी तंत्र थोपे जा रहे हैं, जो उन्हें स्वतंत्र बौद्धिक संस्थान से अधिक एक नियंत्रित प्रशासनिक इकाई बना देते हैं।

नए नियमों के अनुसार प्रत्येक संस्थान में समान अवसर केंद्र, समता समिति, समता सहायता केंद्र, समता निगरानी समूह और समता दूत नियुक्त किए जाएंगे। इतना ही नहीं, हर शिक्षक और छात्र से यह लिखित घोषणा भी ली जाएगी कि वह किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करेगा। यह व्यवस्था एक प्रकार से यह मानकर चलती है कि शिक्षक और छात्र पहले से ही संभावित अपराधी हैं, जिन्हें नियंत्रण में रखना आवश्यक है। यह दृष्टिकोण स्वयं में अपमानजनक और अविश्वास से भरा हुआ है।

सबसे गंभीर समस्या यह है कि भेदभाव की परिभाषा अत्यंत अस्पष्ट और व्यापक है। किसी शिक्षक द्वारा दिए गए अंक, किसी छात्र को अनुशासन में रखने की कार्रवाई या किसी अकादमिक बहस को भी भेदभाव बताकर शिकायत की जा सकती है। इससे शिक्षक निष्पक्ष निर्णय लेने के बजाय डर के कारण सुरक्षित और औपचारिक रास्ता अपनाने लगेंगे। परिणामस्वरूप शिक्षा की गुणवत्ता गिरना तय है।

इन नियमों के तहत बनी समितियाँ एक प्रकार की समानांतर न्याय प्रणाली बन जाती हैं, जहाँ बिना विधिक न्यायालय जैसी प्रक्रिया के किसी व्यक्ति को दोषी ठहराया जा सकता है। न स्पष्ट सुनवाई की गारंटी है, न जिरह की व्यवस्था और न ही अपील की प्रभावी प्रक्रिया। यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का खुला उल्लंघन है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ सकता है। विश्वविद्यालयों में सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक विषयों पर खुलकर चर्चा होती रही है। लेकिन अब शिक्षक और छात्र किसी भी संवेदनशील विषय पर बोलने से पहले दस बार सोचेंगे कि कहीं कोई कथन भेदभावपूर्ण न घोषित कर दिया जाए। यह स्थिति शिक्षा को संवाद का मंच नहीं, बल्कि आत्म-सेंसरशिप का केंद्र बना देगी। छोटे और ग्रामीण महाविद्यालयों के लिए यह व्यवस्था और भी अव्यावहारिक है। सीमित संसाधनों में कार्य करने वाले संस्थानों से यह अपेक्षा करना कि वे अनेक समितियाँ बनाएं, नियमित रिपोर्ट दें और निरीक्षण झेलें, वास्तविकता से परे है। इससे शिक्षा पर ध्यान देने के बजाय पूरा तंत्र कागजी कार्यवाही में उलझ जाएगा।

इस पूरी व्यवस्था में सबसे खतरनाक पहलू यह है कि इसका दुरुपयोग बहुत आसान है। व्यक्तिगत रंजिश, दबाव बनाने या असफलता को छिपाने के लिए भेदभाव का आरोप एक हथियार बन सकता है। यदि झूठी शिकायतों पर कठोर दंड का प्रावधान नहीं होगा, तो यह प्रणाली न्याय के बजाय अविश्वास और भय का माध्यम बन जाएगी।

वास्तविक समानता नियमों से नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और संवेदनशीलता से आती है। कानून सहायक हो सकता है, परंतु वह संवाद और विवेक का स्थान नहीं ले सकता। यदि हर समस्या का समाधान समिति और दंड में खोजा जाएगा, तो विश्वविद्यालय धीरे-धीरे विचार के केंद्र नहीं, बल्कि नियंत्रण के केंद्र बन जाएंगे। अतः यह प्रश्न अत्यंत प्रासंगिक है कि यूजीसी 2026 वास्तव में समानता लाएगा या केवल डर पैदा करेगा। यदि इन नियमों में शीघ्र सुधार नहीं किया गया, तो यह विनियम सामाजिक न्याय से अधिक अकादमिक स्वतंत्रता पर आघात करने वाला कानून सिद्ध होगा। समानता भय से नहीं आती, वह विश्वास और सम्मान से आती है – और यही शिक्षा का मूल उद्देश्य होना चाहिए।

# खुद हैरान हूं अपने सब्र का पैमाना देखकर तूने याद भी ना किया...




एक बड़ा मशहूर शेर है खुद हैरान हूं अपने सब्र का पैमाना देखकर तूने याद भी ना किया और मैने इंतजार भी नहीं छोड़ा। ये शेर भारतीय जनता पार्टी के उन तमाम नेताओं पर खरा उतरता है जो बेचारे पिछले तीन सालों से निगम, मंडलों, प्राधिकरण,और आयोगों में नियुक्ति की राह देख रहे हैं । जब कोई खबर आती है कि बस अब जल्द ही इनमें नियुक्तियां होने वाली है ये तमाम नेता सफेद कलफ लगा कुर्ता पजामा पहनकर तैयार हो जाते हैं कि बस अब जाकर पदभार संभालना है। कितने त्यौहार बीत गए, कितने चुनाव हो गए, कितनी बड़ी-बड़ी घटनाएं हो गई, लेकिन उन बेचारों की किस्मत का ताला नहीं खुल पाया ।पहले कहा बिहार चुनाव निबट जाए, फिर कहा मंत्रिमंडल का फैसला हो जाए, फिर कहा महाराष्ट्र में निकायों के चुनाव हो जाएं, सारे बड़े नेता उधर बिजी हैं, फिर कहा कि अभी महापौरों के लिए झगड़ा चल रहा है पहले इसका निबटारा हो जाए,उसके बाद कहा साल के आखिरी दिनों में क्या निर्णय लेना , नया साल आ जाने दो जो कुछ होगा नए साल में ही होगा, फिर कहा मकर संक्रांति निकल जाने दो, सूर्य उत्तरायण में आ जाए, फिर खबर दी कि नहीं छब्बीस जनवरी निकल जाए उसके बाद करते हैं, सुना है ये सब भी जब निकल गए तो बड़े नेताओं ने खबर भेज दी है की होली के पहले क्यों किसी का रंग फीका करें एक बार होली निकल जाए फिर करते हैं नियुक्तियां। अपने को तो लगता है कि होली क्या, शिवरात्रि, रामनवमी, राखी, दशहरा, दिवाली सब निकल जाएंगे लेकिन इन नेताओं की किस्मत नहीं खुलने वाली । तीन बरस हो गए आखिर कितना इंतजार करें ये नेता लोग, जिनको मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिला वे भी आशा में है कि चलो कम से कम निगम मंडल के अध्यक्ष बन जाएंगे राज्य मंत्री या कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिल जाएगा पीली बत्ती वाली गाड़ी में बड़े-बड़े अक्षरों में लिख लेंगे राज्य मंत्री या कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त, लेकिन पता नहीं कौन सी किस्मत लेकर आए हैं बेचारे नेता। अपने को तो लगता है की देखते-देखते दो साल और बीत जाएंगे और फिर मध्य प्रदेश में चुनाव शुरू हो जाएंगे फिर यही कहा जाएगा कि यार इस बार तो नहीं लेकिन अगर इस बार सरकार बन गई तो पक्का नियुक्तियां हम कर देंगे ,अब देखना यह है कि इसके बाद भी कौन से त्योहार का बहाना बीजेपी का हाई कमान लेता है क्योंकि त्यौहार तो हर साल आते हैं जैसे पिछले तीन सालों में कितने त्योहार निकल गए वैसे ही अगले दो सालों में बहुत सारे त्यौहार निकल जाएंगे लेकिन उनकी किस्मत का त्यौहार शायद ना आ पाए लेकिन यह भी तय मान लो कि ये तमाम नेता उस गाने को अपने में आत्मसात किए हुए हैं हम इंतजार करेंगे हम इंतजार करेंगे तेरा कयामत तक, खुदा करे कि कयामत हो और नियुक्तियां हो जाएं

## पहले सोचो फिर बोलो

लगता है आजकल नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जी के स्टार पर गड़बड़ चल रहे हैं कुछ बोलते हैं कुछ सोचते हैं और मुंह से कुछ निकल जाता है। पिछले दिनों एक पत्रकार के संग जो कुछ भी हुआ उससे उनकी इतनी भद्र पिटी कि उनको माफी मांगना पड़ी और तो और इंदौर के अखबारों में इंदौर का बेटा कहकर बड़ा भारी विज्ञापन भी छपवाना पड़ा, उन्हीं के इलाके में दूषित पानी से कई लोगों की मौत हो गई अब एक और बयान उनके मुंह से निकल गया कि कोई लोक निर्माण मंत्री है और उनके बेटे के कपड़े ठेकेदार सिलवा रहे हैं। अब अपने प्रदेश में तो लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह हैं और मजे की बात तो ये है कि जिनके बेटे के कपड़े सिलवाने की बात विजयवर्गीय जी कह रहे हैं

उनका बेटा ही नहीं है उनकी बेटियां हैं। जब बहुत हल्ला मचा तो फिर उन्होंने अपना एक स्पष्टीकरण जारी किया कि मेरा मतलब यह नहीं था मेरा इशारा किसी व्यक्ति विशेष पर नहीं था मैं एक समग्र रूप से बात करना चाहता था। पता नहीं क्या हो गया है जिंदगी खपा दी राजनीति करते-करते लेकिन क्या कहना है और क्या नहीं कहना ये वे आज तक नहीं समझ पाए । कहते हैं ना जब वक्त बुरा आता है तो सारे पांसे उल्टे पड़ जाते हैं यही लगता है अपने कैलाश जी के साथ में हो रहा है। अपनी तो कैलाश जी को एक ही सलाह है कि या तो दो-चार महीने का मौन व्रत धारण कर लो ना कुछ बोलोगे ना किसी से पंगा होगा और यदि मौन व्रत नहीं रखना है तो क्या बोलना है पहले उसको आईने के सामने खड़े होकर दस बार बोलो और किसी हिंदी के विद्वान से पहले उसको चेक करवा लो कि इसमें कहीं कोई गड़बड़ी तो नहीं है जब वहां से क्लियरेंस मिल जाए तब ही जाकर कुछ कहो वरना आए दिन ऐसी ही छीछालेदर सहना पड़ेगी।

## एक एंग्री ओल्ड मैन

अमिताभ बच्चन ने जब प्रकाश मेहरा की फिल्म जंजीर की थी और उसमें जो रोल किया था उसके बाद से उनका नाम एंग्री यंग मैन हो गया था। अपने जबलपुर में भी एक नेता है जो अब एंग्री यंग मैन तो नहीं बल्कि एंग्री ओल्ड मैन के रूप में जाने जाने लगे हैं और वो हैं पाटन क्षेत्र के विधायक अजय बिश्नोई जी अपनी सरकार को अपनी ही सरकार को जनहित के मुद्दों पर घेरने में कभी कोताही नहीं बरती। जब भी ऐसे मुद्दे आए जो जनमानस से जुड़े हो उसमें वे खुले रूप से शासन की खटिया खड़ी करते रहे । हाल ही में बरगी बांध की नहर टूटने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया में ये लिखा कि इस संदर्भ में मुख्यमंत्री का ध्यान कई बार आकृष्ट करवाया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई और अब भी यदि कार्यवाही नहीं की गई तो वे धरने पर बैठने से पीछे नहीं हटेंगे ।अपने को तो ये मालूम है कि भारतीय जनता पार्टी में अनुशासन का डंडा चलता है और कोई भी पार्टी का व्यक्ति अपनी सरकार या अपने नेता के खिलाफ सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर नहीं कह सकता लेकिन अजय भाई की खासियत है कि वे इस बात की परवाह नहीं करते कि पार्टी उनके बारे में क्या सोचेगी या क्या कार्यवाही करेगी शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में जब तीसरी बार मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ तब महाकौशल और विंध्य क्षेत्र से किसी को मंत्री नहीं बनाया गया था तब भी उन्होंने यही लिखा था कि महाकौशल और विंध्य फड़फड़ा तो सकते हैं लेकिन उड़ नहीं सकते। गाहेबगाहे जब भी ऐसी कोई स्थिति बनती है अजय भाई बिना किसी लाग लपेट के अपनी सरकार को घेरने में कोई दया नहीं दिखाते । अपना तो मानना है कि एंग्री ओल्ड मैन अजय बिश्नोई इसी तरह से महाकौशल की समस्याओं को लेकर मुखर बने रहे कोई नेता तो ऐसा है जो ऐसे मुद्दों पर अपनी राय सोशल मीडिया और ट्वीट के जरिए आम लोगों तक और सरकार तक पहुंचाता है।

## सुपर हिट ऑफ़ द वीक

सुनिए अगर कोई मुझे भगा कर ले जाए तो आप क्या करेंगे श्रीमती जी ने श्रीमान से पूछा

कैसी बातें करती हो जानू श्रीमान जी ने उत्तर दिया फिर भी बताओ तो क्या करोगे

भगाकर ले जाने वाले से बोलूंगा भैया भगाकर काहे को ले जा रहे हो आराम से ले जाओ मैं कौन सा रोक रहा हूं श्रीमान जी ने उत्तर दिया।

# एपस्टीन फाइल्सः अमेरिका, ब्रिटेन, नॉर्वे से लेकर फ्रांस तक... दुनिया भर में कई इस्तीफे, 80 देशों में जांच जारी

नई दिल्ली




अमेरिका के कुख्यात सेक्स अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़े दस्तावेज जैसे-जैसे सामने आ रहे हैं, दुनिया भर में हलचल तेज हो गई है। इन खुलासों में पैसों की लेन-देन, सोशल संपर्क और निजी मुलाकातों से जुड़ी जानकारी है। हजारों ईमेल्स, फोटो और वीडियो में एपस्टीन और उससे जुड़े लोगों के काले कारनामे का खुलासा हो रहा है।

इसी वजह से दुनियाभर में कई ऊंचे पदों पर बैठे लोग दबाव में आकर इस्तीफा दे रहे हैं। हाल ही में ब्रिटेन और नॉर्वे में भी कई हस्तियों ने इस्तीफा दिया है। इन खुलासों के बाद ब्रिटेन के पीएम कीर स्टारमर के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी को इस्तीफा देना पड़ा। मॉर्गन पर दबाव इसलिए बढ़ा क्योंकि उन्होंने पीटर मैंडेलसन को अमेरिका में ब्रिटेन का राजदूत बनाने की सलाह दी थी। मॉर्गन ने अब माना कि उनकी यह सलाह गलत थी, इसी की जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने इस्तीफा दे दिया। इस कड़ी में नॉर्वे में भी कई बड़े नेताओं ने इस्तीफा दे दिया। विदेश मंत्रालय के मुताबिक वरिष्ठ राजनयिक मोना जूल भी एपस्टीन से संबंधों के चलते जल्द ही पद छोड़ेंगी।

66 साल की मोना इससे पहले नॉर्वे की सरकार में मंत्री रह चुकी हैं, साथ ही इजरायल, ब्रिटेन और जॉर्डन में नॉर्वे की राजदूत भी रह चुकी हैं। एपस्टीन फाइल्स का सबसे भयानक असर अमेरिका में दिखा। 2026 में, ब्रैड कार्प ने एक प्रमुख लॉ फर्म के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया, क्योंकि उनके एपस्टीन से ईमेल संपर्क उजागर हो गए थे। इससे पहले, नवंबर 2025 में लैरी समर्स ने एक बोर्ड पद छोड़ दिया और स्वीकार किया कि एपस्टीन से संबंध रखना उनकी भूल थी। दिसंबर 2025 में, एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बोंगिनो ने भी विवाद के बीच अपना पद छोड़ दिया। हालांकि उनके मामले में सीधे संबंध साबित नहीं हुए, लेकिन फाइलों से जुड़े विवाद ने उन पर दबाव बढ़ा दिया।

यूरोप में एपस्टीन फाइल्स का प्रभाव स्पष्ट रूप से नजर आया। फ्रांस के पूर्व मंत्री जैक लैंग ने एक सांस्कृतिक संस्थान के प्रमुख पद से इस्तीफा दिया। स्लोवाकिया में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मिरोस्लाव लाजचाक ने ईमेल विवाद के बाद अपना पद छोड़ दिया।

स्वीडन में एक अधिकारी ने एपस्टीन के निजी द्वीप से जुड़े आरोपों के सामने आने पर इस्तीफा दे दिया। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये इस्तीफे अपराध सिद्ध होने के कारण नहीं, बल्कि मात्र संपर्क उजागर होने से उत्पन्न विवाद और जन दबाव के चलते हुए। संस्थानों की प्रतिष्ठा बचाने के लिए कई ने पद छोड़ना उचित समझा।

# ट्रंप का डर या वजह कुछ और...

## अमेरिका से तनातनी के बीच खामेनेई ने क्यों तोड़ दी 37 साल पुरानी परंपरा

नई दिल्ली



अमेरिका के साथ चल रही तनातनी के बीच ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई अपनी 37 साल पुरानी परंपरा को तोड़ दिया। 1989 में नेतृत्व हाथ में आने के बाद से खामेनेई लगातार ये काम करते आ रहे थे। दरअसल, वह पिछले 37 सालों से एयर फोर्स कमांडरों के साथ होने वाली सालाना मीटिंग में हिस्सा लेते आ रहे थे, यहां तक कि कोविड-19 महामारी के दौरान भी उन्होंने इस मीटिंग में हिस्सा लिया था। मगर इस बार 8 फरवरी को हुई बैठक में वह नहीं पहुंचे।यह सालाना मीटिंग 8 फरवरी, 1979 की सालगिरह के मौके पर होती है, जब एयर फोर्स के अधिकारियों के एक ग्रुप ने पहलवी राजवंश को हटाने के लिए रुहोल्लाह खुमैनी के प्रति वफादारी की कसम खाई थी। खुमैनी इस्लामिक रिपब्लिक के संस्थापक थे और सुप्रीम लीडर भी।

अगले चार दशकों में यह दिन एक प्रतीकात्मक घटना बन गया, जिसमें एयर फोर्स के जवान और कमांडर हर साल उसी तारीख को ईरान के धार्मिक नेताओं से मिलते थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल खामेनेई के बजाय सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ, अब्दोलरहीम मौसवी ने रविवार को सेना के एयर फोर्स कमांडरों से मुलाकात की। खामेनेई की गैरमौजूदगी ऐसे समय में हुई है जब तेहरान और वॉशिंगटन के बीच तनाव बढ़ गया है। अमेरिका ने इस क्षेत्र में अपनी मिलिट्री मौजूदगी बढ़ा दी है और इस्लामिक रिपब्लिक पर संभावित अमेरिकी मिलिट्री हमले का खतरा मंडरा रहा है। खामेनेई की गैरमौजूदगी को संभावित खतरों से बचने की कोशिश या राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में व्यस्तता के तौर पर देखा जा रहा है।

# नरगिस मोहम्मदी को ईरान ने क्यों सुनाई साढ़े सात साल जेल की सजा

नई दिल्ली

ईरान ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को साढ़े सात की सजा सुनाई है। इसके बाद एक बार फिर उनकी चर्चा हो रही है। ईरानी सरकार और नरगिस मोहम्मदी के बीच पिछले कई दशकों से संघर्ष चला आ रहा है। उनके वकील का कहना है कि इस सजा ने ईरानी अधिकारियों के साथ दशकों से चल रही उनकी लड़ाई को और आगे बढ़ा दिया। 53 साल की नरगिस मोहम्मदी एक जानी-मानी ईरानी मानवाधिकार कार्यकर्ता और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता हैं, जो ईरान में महिलाओं पर होने वाले अत्याचार और राजनीतिक दमन के खिलाफ अभियान चलाने के लिए जानी जाती हैं। ईरानी अधिकारी उन पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने और राज्य के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैलाने का आरोप लगाते हैं। वहीं वह और उनके समर्थक इन आरोपों से इनकार करते हैं और कहते हैं कि उन्हें शांतिपूर्ण एक्टिविज्म के लिए सजा दी जा रही है। नरगिस एक इंजीनियर और लेखिका के साथ-साथ मानवाधिकार रक्षक केंद्र (डीएचआरसी) की उपाध्यक्ष भी हैं। डीएचआरसी की स्थापना नोबेल पुरस्कार विजेता शिरीन एबादी ने की थी। उन्होंने बीते एक दशक का ज्यादातर समय जेल में बिताया है। नरगिस फाउंडेशन का कहना है कि इस



नए फैसले के बाद उनके खिलाफ कुल जेल की सजा 44 साल हो गई है। 2021 से वह राष्ट्रीय सुरक्षा के आरोपों में 13 साल की सजा काट रही हैं। उन्हें 2023 में ईरान में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ लड़ाई और सभी के लिए मानवाधिकार और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया। जब वह तेहरान जेल में बंद थीं, तब उनके बच्चों ने ये पुरस्कार लिया था।

**अब क्यों मिली साढ़े सात साल की सजा**- नरगिस मोहम्मदी को 12 दिसंबर, 2025 को मशहद में मानवाधिकार वकील खोसरो अलीकोर्डी के लिए आयोजित की गई शोक सभा से गिरफ्तार किया गया था। उनके ऊपर भड़काऊ बयानबाजी, नियम तोड़ने वाले नारे और शांति भंग करने के आरोप लगाए गए। उन्हें 13 बार गिरफ्तार किया जा चुका है और 5 बार दोषी ठहराया जा चुका है।

# इस तरह की घटनाएं पहले भी हुई हैं, इस्लामाबाद मस्जिद हमले पर अफगानिस्तान ने किया पलटवार

नई दिल्ली

अफगानिस्तान ने इस्लामाबाद में एक मस्जिद पर हुए हमले के संबंध में पाकिस्तान के आरोपों को निराधार करार दिया है और पाकिस्तानी अधिकारियों से उनके आंतरिक सुरक्षा में कमी के लिए जिम्मेदारी स्वीकार करने को कहा है।



अफगानिस्तान का यह बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा एक्स पर किए गए पोस्ट के बाद आया है, जिसमें उन्होंने हमला के लिए अफगानिस्तान पर निशाना साधा था।

अफगानिस्तान के एरियाना न्यूज के अनुसार, अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि आसिफ ने उचित जांच किए बिना ही तुरंत और गैर-जिम्मेदाराना तरीके से हमले के लिए अफगानिस्तान को दोषी ठहराया। इस तरह की घटनाएं पहले भी हुई हैं। ऐसे हमलों को अफगानिस्तान से जोड़ना तर्कहीन और निराधार है।

अफगानिस्तान ने कहा कि ये बयान पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा विफलताओं को छिपा नहीं सकते। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के सुरक्षा अधिकारियों से अपनी आंतरिक सुरक्षा कमियों की जिम्मेदारी लेने, नीतियों की समीक्षा करने और पड़ोसी देशों के प्रति रचनात्मक और सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। गौरतलब है कि शुक्रवार को इस्लामाबाद के खदीजा अल-कुबरा मस्जिद में नमाज के दौरान आत्मघाती विस्फोट हुआ था।

# लेबनान में जर्जर इमारत ढहने से 5 की मौत, हफ्ते भर में दूसरा हादसा



**नई दिल्ली।** उत्तरी लेबनान के त्रिपोली में रविवार को हुए हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई। यहां एक पुरानी जर्जर इमारत अचानक गिर गई। जिससे वहां रह रहे लोग उसकी चपेट में आ गए। हफ्ते भर में इस तरह की यह दूसरी घटना है। घटनास्थल पर फिलहाल बचाव दल बचे हुए लोगों की तलाश कर रहे हैं। सरकारी नेशनल न्यूज़ एजेंसी ने त्रिपोली के बाब अल-तब्बानेह इलाके में एक पुरानी बिल्डिंग के गिरने की खबर दी थी, जो इस गरीब शहर का सबसे गरीब इलाका है। एजेंसी ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने और बिल्डिंग गिरने के डर से आस-पास की इमारतों को खाली करा लिया है। अब तक आठ लोगों को बचाया गया है, जबकि पांच शव बरामद किए गए हैं, जिनमें एक बच्चा और एक बुजुर्ग महिला शामिल हैं। सिविल डिफेंस प्रमुख इमाद ख्रीश ने स्थानीय मीडिया को बताया कि बिल्डिंग में दो ब्लॉक थे, जिनमें से हर एक में छह अपार्टमेंट थे।

राष्ट्रपति जोसेफ औन के कार्यालय के एक बयान में कहा गया, इमरजेंसी सेवाओं से रेस्क्यू ऑपरेशन में मदद करने और बिल्डिंग के निवासियों और एहतियात के तौर पर खाली कराई गई पड़ोसी इमारतों के लोगों को आश्रय देने के लिए तैयार रहने का अनुरोध किया है।

लेबनान में कई पुरानी और टूटी-फूटी इमारतें हैं। इनमे से कई बहुत खराब हालत में हैं। कई इमारतें अवैध रूप से बनाई गई थीं, खासकर 1975-1990 के गृह युद्ध के दौरान, जबकि कुछ मालिकों ने बिना परमिट के मौजूदा अपार्टमेंट ब्लॉक में नई मंजिलें जोड़ दी हैं। 2024 में, राइट्स ग्रुप एमनेस्टी इंटरनेशनल ने बताया था कि तुर्की और पड़ोसी सीरिया में आए भूकंप से इमारतों के कमजोर होने के एक साल से ज्यादा समय बाद भी त्रिपोली में हजारों लोग अभी भी असुरक्षित इमारतों में रह रहे हैं। इसमें रिपोर्ट में कहा गया कि लेबनान में सालों से चल रहे आर्थिक संकट ने स्थिति को और खराब कर दिया है, जिसने निवासियों से मरम्मत या वैकल्पिक आवास का खर्च उठाने के साधन छीन लिए हैं।

# उम्मीद है कि खेजड़ी बचाओं आंदोलन पर सरकार ध्यान देगी :गहलोत

**जयपुर,(वार्ता)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बीकानेर में चल रहे खेजड़ी बचाओं आंदोलन को प्रदेश के लिए शुभ संकेत बताते हुए कहा है कि उन्हें उम्मीद हैं कि राज्य सरकार इस पर ध्यान देगी और कोई रास्ता निकालेगी। श्री गहलोत ने सोमवार को वीडियो जारी कर अपने बयान में कहा कि खेजड़ी बचाओं आंदोलन की शुरुआत बीकानेर से हुई हैं जो प्रदेश के लिए शुभ संकेत हैं और इसके लिए विश्नोई समाज सहित प्रदेशवासी बधाई के पात्र है क्योंकि बिना पर्यावरण के आने वाली पीढी को हम क्या जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि खेजड़ी को बचाने के लिए अमृता देवी तो अमर हो गई और उनकी प्रेरणा लेकर हम आगे बढ़ेंगे तभी पर्यावरण बचेगा। विकास अपने आप में महत्वपूर्ण रखता है लेकिन अगर विकास और पर्यावरण में संतुलन नहीं रहेगा तो स्थिति बिगड़ेगी और प्रदूषण फैलेगा। पर्यावरण को लेकर देश् और दुनिया में चर्चा की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उस समय पर्यावरण को लेकर स्थिति को पहचान लिया था और उन्होंने पर्यावरण की बात कही। उन्होंने कहा कि अब धीरे धीरे लोगों को समझ आ रहा हैं लेकिन केवल बीकानेर में आंदोलन से काम नहीं चलेगा। धीरे धीरे प्रदेशवासियों को अपने क्षेत्र में संगोष्ठियां एवं चर्चा कर लोगों को समझाना होगा कि हम प्रदूषण से पर्यावरण को कैसे बचा सकते हैं।

# मिर्गी सर्जरी में सटीकता बढ़ाने वाली नयी ब्रेन-स्कैन तकनीक विकसित

कोच्चि, (वार्ता)

अमृता अस्पताल के डॉक्टरों ने ब्रेन-स्कैन विश्लेषण की एक नयी और पेटेंट तकनीक विकसित की है, जो दवा-प्रतिरोधी मिर्गी (ड्रग-रेजिस्टेंट एपिलेप्सी) के मरीजों के मस्तिष्क में दौरे की शुरूआत वाले हिस्सों को पहले से अधिक स्पष्ट और सटीक बनाती है। यह नवाचार मिर्गी उपचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति माना जा रहा है।

नयी पद्धति मरीज के अपने ही ब्रेन-स्कैन डेटा का विश्लेषण करती है, जिससे डॉक्टर यह तय कर पाते हैं कि दौरा दिमाग के किस हिस्से से शुरू हो रहा है। इस तकनीक को भारत और अमेरिका दोनों देशों में वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित कर पेटेंट प्रदान किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे मिर्गी सर्जरी की सफलता दर में उल्लेखनीय सुधार होगा।

अधिकांश मिर्गी मरीजों में दवाएं दौरे को नियंत्रित कर लेती हैं, लेकिन लगभग 30 प्रतिशत मरीज ऐसे होते हैं जिनमें सर्वोत्तम दवा-उपचार के बावजूद दौरे जारी रहते हैं। इसे ड्रग-रेजिस्टेंट एपिलेप्सी कहा जाता है। यह स्थिति शिक्षा, रोजगार, आत्मनिर्भरता और जीवन-गुणवत्ता को प्रभावित करती है। बच्चों में यह संज्ञानात्मक विकास और गर्भावस्था के परिणामों पर भी असर डाल सकती है।

ऐसे मामलों में, यदि दौरे के स्रोत की सटीक पहचान हो जाए तो सर्जरी मरीज के पूरी तरह दौरा-मुक्त होने का सर्वोत्तम विकल्प बन सकती है।जब एमआरआई स्कैन से दौरे का स्रोत स्पष्ट नहीं होता है तब डॉक्टर एफडीजी-पीईटी स्कैन का सहारा लेते हैं, जो मस्तिष्क के विभिन्न हिस्सों की ऊर्जा खपत को दर्शाता है। आमतौर पर दौरा उत्पन्न करने वाला क्षेत्र इन स्कैन में कम सक्रिय दिखाई देता है। हालांकि, पीईटी छवियों की दृश्य व्याख्या कई बार व्यक्तिपरक होती है और सूक्ष्म असामान्यताएं छूट सकती हैं, खासकर जब एमआरआई सामान्य हो। इसी चुनौती से निपटने के लिए अमृता अस्पताल के चिकित्सकों और शोधकर्ताओं ने %पेशेंट-स्पेसिफिक% पीईटी विश्लेषण पद्धति विकसित की। स्वस्थ व्यक्तियों के स्कैन से तुलना करने के बजाय-जो महंगा और व्यवहारिक रूप से कठिन हो सकता है, यह तकनीक मरीज के मस्तिष्क के बाएं और दाएं हिस्सों की आपसी तुलना करती है।

एमआरआई के साथ सटीक समन्वय (को-रजिस्ट्रेशन) के बाद की गयी यह तुलना दौरे की शुरुआत से जुड़े सूक्ष्म लेकिन चिकित्सकीय रूप से महत्वपूर्ण अंतर उजागर करती है। %पीएएससीओएम%नामक इस तकनीक की चिकित्सकीय रूप से पुष्टि की गयी है और इसके निष्कर्ष %जर्नल ऑफ न्यूरोसर्जरी% में प्रकाशित हो चुके हैं। जिन मरीजों की सर्जरी के बाद दौरे पूरी तरह बंद हो गए, उनमें पीएएससीओएम ने पारंपरिक विश्लेषण की तुलना में अधिक सटीक और बेहतर परिणाम दिए। अमृता एडवांस्ड सेंटर फॉर एपिलेप्सी के प्रोफेसर एवं प्रमुख डॉ. सिबी गोपीनाथ ने कहा कि यह नवाचार उन्नत मिर्गी सर्जरी की योजना को अधिक सुलभ बना सकता है। महंगी और आक्रामक तकनीकों पर निर्भरता कम कर यह पद्धति संसाधन-सीमित अस्पतालों में भी उपयोगी साबित हो सकती है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# आमिरप्रोडक्शंस की फिल्म एक दिन के संगीत में अरिजीत की आवाज़

आमिर खान प्रोडक्शंस ने आधिकारिक तौर पर ऐलान किया है कि अरिजीत सिंह अपनी आवाज़ अपकमिंग फिल्म एक दिन के लिए देंगे। प्रोडक्शन हाउस के अनुसार,



आमिर खान ने खुद अरिजीत सिंह के साथ इस गाने पर काम किया। यह म्यूज़िक सेशन अरिजीत के मुरशिदाबाद में होमटाउन में हुआ।इससे पहले कयास लगाए जा रहे थे जब अरिजीत सिंह के प्लेबैक सिंगिंग से दूरी बनाने की घोषणा के बाद आमिर खान उनसे मिलने पहुंचे थे। कई लोगों का मानना था कि आमिर उन्हें वापसी के लिए मनाने गए हैं। अब इन अटकलों पर विराम लग गया है, क्योंकि यह मुलाकात वाकई इसी प्रोजेक्ट के लिए थी। सोशल मीडिया पर यह खबर शेयर करते हुए लिखा गया, एक दिन के म्यूज़िक में इतनी भावना और दिल जोड़ने के लिए धन्यवाद अरिजीत। फिल्म एक दिन के जरिए आमिर खान लंबे समय बाद निर्देशक-प्रोड्यूसर मंसूर खान के साथ फिर से काम कर रहे हैं। इससे पहले यह आइकॉनिक जोड़ी कयामत से कयामत तक, जो जीता वही सिकंदर, अकेले हम अकेले तुम और जाने तू या जाने ना जैसी यादगार फिल्में दे चुकी है।

आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी एक दिन में साई पल्लवी और जुनैद खान लीड रोल में हैं। फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है और इसे आमिर खान, मंसूर खान और अपर्णा पुरोहित ने प्रोड्यूस किया है। एक दिन एक मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है।

# भूमि सतीश पेडनेकर की फिल्म भक्षक के प्रदर्शन के दो साल पूरे



बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि सतीश पेडनेकर की फिल्म भक्षक के प्रदर्शन के दो साल पूरे हो गये हैं। क्राइम थ्रिलर फिल्म भक्षक ,बालिकाओं के साथ होने वाले यौन शोषण पर आधारित थी। आज भक्षक को रिलीज़ हुए दो साल पूरे हो चुके हैं। भूमि पेडनेकर ने कहा, बीते कुछ हफ्तों ने एक बार फिर यह याद दिला दिया है कि दुनिया बच्चों के लिए कितनी असुरक्षित है। उन्होंने कहा, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा हमारे समाज की बुनियादी सच्चाई बनती जा रही है। भूमि ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा,दो साल पहले भक्षक ने सीमाओं से परे सफर किया। दुनिया के हर कोने से संदेश आए,इसलिए नहीं कि लोगों ने इसे सिर्फ देखा, बल्कि इसलिए कि लोगों ने इसे महसूस किया। तब मैं अभिभूत थी। आज मेरा दिल टूटा हुआ है। क्योंकि सच्चाई यह है कि यह कहानी आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा हमारे समाज की बुनियादी डोर बनती जा रही है।

भूमि ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी एक नोट लिखा, जिसे भक्षक के निर्देशक और लेखक पुलकित ने रीपोस्ट किया। भूमि ने लिखा,भक्षक के दो साल। इस फिल्म का आखिरी मोनोलॉग आज भी मुझे डराता है। हर गुजरते साल के साथ यह और ज़्यादा प्रासंगिक होता जा रहा है, और ऐसा नहीं होना चाहिए। सिर्फ बीते कुछ हफ्तों में ही हमने कई ऐसे मामले देखे हैं, जहां बहुत छोटे बच्चों के साथ यौन शोषण हुआ है। हम अपने बच्चों को बचाने में असफल हो रहे हैं। हम एक टूटी हुई व्यवस्था हैं, जिसे अब ठीक करना ज़रूरी है। किसी भी छोटे बच्चे को इतनी कम उम्र में अपने शरीर और उस पर मंडराते खतरे के बारे में जागरूक होने की ज़रूरत नहीं होनी चाहिए। थोड़ी तो शर्म करो। अपराधियों को बेनकाब करो। उनकी सज़ा के लिए आवाज़ उठाओ।

# आदर्श गौरव ने तू या मैं में नालासोपारा के लोकल रैपर के किरदार की तैयारी पर की बात



बॉलीवुड अभिनेता आदर्श गौरव ने फिल्म तू या मैं में नालासोपारा के लोकल रैपर के किरदार की तैयारी के लिये कई प्रभावशाली कलाकारों से मुलाकात और बातचीत की, जिससे वह संगीत के पीछे की असल ज़िंदगी को समझ सकें। आदर्श गौरव ने अपनी आने वाली फिल्म तू या मैं में नालासोपारा के एक लोकल रैपर को पर्दे पर सच्चाई के साथ उतारने के लिए पूरी तरह खुद को झोंक दिया है। लिखी हुई स्क्रिप्ट से कहीं आगे जाकर, आदर्श ने मुंबई की अंडरग्राउंड हिप-हॉप संस्कृति को करीब से समझने के लिए काफी समय बिताया और इस सीन से जुड़े कई प्रभावशाली कलाकारों से मुलाकात और बातचीत की, ताकि संगीत के पीछे की असल ज़िंदगी को समझ सकें। आदर्श ने शहर के अलग-अलग इलाकों, गोवंडी, नालासोपारा, कुर्ला, धारावी और अंधेरी का दौरा किया, जहां उन्होंने इंडिपेंडेंट हिप-हॉप मूवमेंट को आकार देने वाले अग्रणी रैपर्स से मुलाकात की, उन्हें देखा-समझा और उनके साथ जाम सेशन्स भी किए। इन अनुभवों ने उनके किरदार 'मराठी' की भावनात्मक, सांस्कृतिक और कलात्मक परतों को गढ़ने में अहम भूमिका निभाई। अपने रैपर किरदार में पूरी तरह ढलने के लिए आदर्श ने फेशियल पियर्सिंग भी करवाया, जो उनके ऑन-स्क्रीन किरदारों में रियलिज़्म लाने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आदर्श गौरव ने कहा, जब मैं तू या मैं से जुड़ा और मराठी के किरदार पर काम शुरू किया, तो मुझे बहुत जल्दी समझ आ गया था कि मैं इस किरदार को सिर्फ स्क्रिप्ट के ज़रिये नहीं समझ सकता। वह एक बहुत खास सामाजिक और सांस्कृतिक माहौल से आता है, और उसके साथ न्याय करने के लिए मुझे उस दुनिया को समझना ज़रूरी था, जो उसकी आवाज़, उसकी रिदम और उसके एटीट्यूड को गढ़ती है। आदर्श गौरव ने कहा, मैं गोवंडी गया जहां विजय दादा से मिला, नालासोपारा में ग्रैविटी और शेक्सपीयर के साथ वक्त बिताया, कुर्ला में नेज़ी से मिला और धारावी जाकर अक्कू और 7 बंटाई से मुलाकात की। इसके अलावा मैंने ऐस, किंगा, निंजा और येडा अन्ना से भी मुलाकात की, और अंधेरी में लोका समेत इस सीन के कई पायनियर्स से मिला। ये सिर्फ औपचारिक मुलाकातें नहीं थीं।हमने साथ में जाम किया, ज़िंदगी, संगीत, संघर्ष और सपनों पर खुलकर बातें कीं। आदर्श गौरव ने कहा, उनके बीच रहकर मुझे समझ आया कि उनकी भूख कहां से आती है, उनका साउंड अपने आसपास के माहौल से कैसे जुड़ा होता है और संगीत उनके लिए सिर्फ कला नहीं, बल्कि जीने, अपनी बात कहने और पहचान बनाने का ज़रिया है। ये सारे अनुभव अपने आप मराठी के किरदार को कागज़ से आगे ले गए। मैं चाहता था कि यह किरदार निभाया हुआ नहीं, बल्कि जिया हुआ लगे। इस पूरी प्रक्रिया ने मुझे अंडरग्राउंड रैप कम्युनिटी और उनकी ईमानदार क्रिएटिविटी के लिए गहरा सम्मान दिया है, और मुझे उम्मीद है कि वही सच्चाई पर्दे पर भी नज़र आएगी।

# कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक सम्पन्न



नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश सहित सभी जिला विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने गेहूं खरीदी की प्रगति, धान उठाव की स्थिति, सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण, लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत प्रकरणों, श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, विभिन्न ऋण योजनाओं तथा पेंशन प्रकरणों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गेहूं खरीदी एवं धान उठाव के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही श्रम विभाग एवं पेंशन से संबंधित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर प्रदान करने के निर्देश दिए। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि अभियान के तहत प्राप्त सभी आवेदनों तथा लंबित प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। साथ ही अभियान के नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने- अपने प्रभार क्षेत्र का नियमित भ्रमण करें।

## मिट्टी का अवैध उत्खनन करते हुए एक जेसीबी और गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक वाहन डम्पर जप्त

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त दल द्वारा जिले में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण के दौरान मिट्टी का अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर एक जेसीबी और गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक वाहन डम्पर जप्त कर किया है। प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा नरसिंहपुर ने बताया कि करेली तहसील के ग्राम खिरिया में खनिज मिट्टी का अवैध उत्खनन करते हुए एक जेसीबी वाहन क्रमांक एमपी 20 जेडएन 4438 को जप्त कर पुलिस चौकी सिंहपुर में सुरक्षार्थ खड़ा करवाया गया है। इसी तरह करेली तहसील स्थित राजमार्ग चौराहा में खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक डम्पर वाहन क्रमांक एमपी 49 जे 0582 को जप्त कर थाना सुआतला में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है। उन्होंने बताया कि इस तरह की संयुक्त कार्यवाही सतत जारी रहेगी।



# पर्यवेक्षकों की नियुक्ति केंद्र की रख रखाव सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिले की हाई स्कूल हायर सेकंडरी की कक्षा दसवीं बारहवीं के 88 परीक्षा केंद्रों में से हिंदी अंग्रेजी माध्यम के अंग्रेजी विषय के पेपर में 12077 परीक्षार्थी जिले के 73 परीक्षा केंद्रों पर सम्मिलित होंगे ।जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल कुशवाहा द्वारा परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु परीक्षा पूर्व निर्धारित परीक्षा केंद्र पर सभी केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष की उपस्थिति , शुद्ध पेयजल, छात्र छात्राओं की बैठक कक्ष, प्रकाश व्यवस्था, पर्यवेक्षकों की नियुक्ति केंद्र की रख रखाव सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम संबंधी जानकारी प्रमाण पत्र के माध्यम से संस्था प्राचार्य द्वारा प्राप्त की गई है ।सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा की सुचिता को ध्यान में रखते हुए जिला स्तरीय तीन, विकासखंड स्तरीय एक एक अधिकारियों केनिरीक्षण दल तैयार किए गए हैं ।जिले के 13 पुलिस थानों में पुलिस अभिरक्षा रखी गोपनीय सामग्री। परीक्षा पूर्व प्रश्नपत्रों का वितरण एवं उत्तरपुस्तिका बंडल जमा संबंधित थानों में होंगे। परीक्षा विभाग के लिपिक श्री समीर कुरचानिया ने बताया कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बनाया गया है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी निर्देश के अनुसार सभी केंद्रों पर परीक्षा के विधिवत संचालन हेतु सभी केंद्राध्यक्षों द्वारा पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। दिनांक 10 एवं 13 फरवरी 2026 से जिले में गठित 88 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित हो रही हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2025-26 की शुचिता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह द्वारा संवेदनशील एवं अति संवेदनशील केन्द्रों पर जिले के सेवारत प्रथम, द्वितीय श्रेणी अधिकारी एवं सेवा निवृत्त प्राचार्यों को अति संवदेनशील परीक्षा केंद्र शासकीय उत्कृष्ट उ मा विद्यालय नरसिंहपुर, संवदेनशील परीक्षा केंद्र शासकीय उ मा विद्यालय सुआतला,शासकीय उ मा विद्यालय पलोहा बड़ा में मण्डल परीक्षा 2025 हेतु प्रेक्षक नियुक्त गया है।

## गोटेगांव में ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेला- युवा संगम कार्यक्रम 16 फरवरी को

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** युवाओं को रोजगार/ स्वरोजगार/ अप्रेंटिसशिप अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेला (युवा संगम) कार्यक्रम का आयोजन 16 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे से शासकीय निरंजन सिंह महाविद्यालय गोटेगांव में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि युवा संगम कार्यक्रम में शासन की विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के ऋण वितरण पत्र जारी किए जाएंगे। स्वरोजगार मूलक योजनाओं के बारे में विभागों द्वारा जानकारी प्रदाय की जाएगी। इसके साथ- साथ विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन कर निजी प्रतिष्ठित कम्पनी में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने सभी इच्छुक आवेदकों से कहा है कि वे अपने समस्त दस्तावेजों के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ लें।

# 5 किलोग्राम गाँजा, घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकल,मोबाइल जप्त

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के द्वारा जिले में अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाया जा रहा है ।दिनांक 08/02/2026 की सुबह थाना गाडरवारा की पुलिस टीम द्वारा अंतर्गत बायपास रोड जमाड़ा वेयरहाउस के पास गाडरवारा में संदेह के आधार पर मोटरसाईकल सवार संदेही की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 75,000 रूपये कीमती 05 किलोग्राम गाँजा जप्त किया गया है ।आरोपी मुकुल शर्मा पिता छोटेलाल शर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम करैया थाना देवरी जिला रायसेन से 05 किलोग्राम गाँजा,घटना में प्रयुक्त एच.एफ. डीलक्स मोटरसाईकल क्र 5464,रियल-मी कंपनी का मोबाईल एवं नगदी सहित कुल करीबन 1.5 लाख कीमत के जप्त किये गये है । आरोपी मुकुल शर्मा से अवैध मादक पदार्थ गाँजा के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ पर उसके द्वारा अपने साथी के द्वारा देना बताया । दोनों आरोपीगण के विरूद्ध धारा 8,20(ड्ड),29 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर आरोपी मुकुल शर्मा को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

उक्त कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया एवं एस.डी.ओ.पी. गाडरवारा एल.एस. डागुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक अशोक सिंह चौहान, सहायक उप निरीक्षक राजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत, आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, बालकृष्ण रघुवंशी,सुजीत बागरी,शिवम पटैल,दीपक राजपूत,अखिलेश पटैल, करन सिंह की सराहनीय भूमिका रही ।

## जिले के एक हजार 733 किसानों ने ई- टोकन के माध्यम से उर्वरक का किया क्रय

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने बताया कि ई-विकास प्रणाली (ई-टोकन उर्वरक वितरण) अंतर्गत जिले में 9 हजार 172 किसानों के द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया, जिसमें से 2 हजार 460 किसानों द्वारा ई-टोकन जनरेट किये गये और एक हजार 733 किसानों द्वारा ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक क्रय किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के मार्गदर्शन में जिले के किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में किसानों के लिए उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है और जिले में उर्वरकों की रैक प्राप्त हो रही है। इसी क्रम में नरसिंहपुर रैक प्वाइंट पर इफको कम्पनी की 2753.7 मी. टन डीएपी प्राप्त हुआ। उप संचालक कृषि ने रैक प्वाइंट पर जाकर उर्वरक का निरीक्षण किया। डीएपी का वितरण यथाशीघ्र किसानों को किया जायेगा। इसी क्रम में नरसिंहपुर रैक प्वाइंट पर इफको कम्पनी की 3132 मी. टन यूरिया रैक आगामी दिवसों में प्राप्त होना प्रस्तावित है।

# किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत जिले के सभी विकासखंडों में कृषि रथ चलाया जा रहा

## किसानों को सुपर सीडर के माध्यम से जैसे यंत्रों के माध्यम से नरवाई प्रबंधन पर दी जा रही जानकारी

### अधिकारियों द्वारा किसानों को दी जा रही आधुनिक जानकारी

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

राज्य शासन के निर्देशानुसार किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत जिले की सभी 6 विकासखंडों में कृषि रथ चलाया जा रहा है। जिले के किसानों को ई- विकास प्रणाली (ई-टोकन उर्वरक वितरण), आधुनिक कृषि यंत्रों और उन्नत खेती आदि की जानकारी दी जा रही है। कृषि विभाग द्वारा कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम लिघारी, मुंगवानी, पस्ताना, विकासखंड गोटेगांव कके अंतर्गत आने वाले ग्राम नगवारा, कटकुही, बुढ़ैना और विकासखंड चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाले ग्राम घघरौला कला, भौरझिर, करहैया का भ्रमण किया। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रों का विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को बढावा देने, विभागीय कृषि योजनाओं का प्रचार-प्रसार, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था और पराली प्रबंधन की जानकारी दी गई।



किसानों को नरवाई (फसल अवशेष) प्रबंधन के लिए आधुनिक यंत्रों जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, जीरो टिलेज सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, स्ट्रा रीपर और रीपर कम बाइंडर की तकनीकी जानकारी दी। किसानों को बताया गया कि सुपर सीडर और हैप्पी सीडर जैसे यंत्र खेत की तैयारी, नरवाई प्रबंधन और बोनी जैसे तीन काम एक साथ करते हैं। इन यंत्रों के उपयोग से न केवल समय और लागत की बचत होती है, बल्कि पैदावार भी अच्छी मिलती है। उन्होंने किसानों को समझाइश दी गई कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है और वायु प्रदूषण फैलता है। नरवाई न जलाकर उसे खाद के रूप में उपयोग करना ही श्रेष्ठ है। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारी, वैज्ञानिक और किसान मौजूद थे।

### मंगलवार को इन ग्रामों में भ्रमण करेगा कृषि रथ

कृषि रथ मंगलवार को विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम देवनगर नया, बकोरी, बचई, विकासखंड गोटेगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम नेगुवा, उमरिया, भामा और विकासखंड चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सीहोरा, ठुठी, हरई ग्रामों का भ्रमण करेगा। कृषि विभाग ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपेक्षा की है, जिससे उन्हें कृषि संबंधी आधुनिक तकनीकों, योजनाओं और कृषि से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी जा सके।

# माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं का श्रीगणेश आज से

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।



माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 12 वीं की 10 फरवरी एवं कक्षा 10 वीं की 13 फरवरी से वार्षिक परीक्षायें प्रारंभ हो रही है । कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में प्रारंभ हो रही इस परीक्षा मे 10 फरवरी को कक्षा 12 वी का अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र होगा। सुबह 9 बजे से 12 बजे तक की पाली मे होने वाले पेपर के लिए छात्र छात्राओं को सुबह 8:30 बजे परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गये हैं।

उक्त परीक्षा हेतु नगर के पीएमश्री बीटीआई स्कूल,कन्या नवीन, कन्या उ मा शाला एवं शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय को केंद्र बनाया गया हैं। इसके अलावा साईंखेड़ा एवं चीचली ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रो मे भी केंद्र निर्धारित किये गए हैं। परीक्षा की सुचिता को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के लिए जिला व विकासखंड स्तरीय निरीक्षण दल तैयार किए गए हैं। परीक्षा पूर्व सभी केंद्रों पर पर्यवेक्षकों की बैठके आयोजित हो चुकी हैं। परीक्षा के दौरान मोबाइल का उपयोग पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में नकल की रोकथाम के लिए जिले एवं ब्लॉक की उड़नदस्ता टीमें गठित हो चुकी है। प्रत्येक केंद्र पर एक कर्मचारी कलेक्टर प्रतिनिधि के तौर पर मौजूद रहेंगे जो परीक्षा से जुडी गतिविधि का अवलोकन करेंगे। विदित हो कि परीक्षा के लिए छात्र छात्राओं को प्रवेश पत्र पहले ही उनके स्कूलों द्वारा दिये जा चुके है। परीक्षा की तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

## संकल्प से समाधान मेगा शिविर आज

दमोह।

संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित जिले के नोहटा में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन में नोहलेश्वर महोत्सव मेला आयोजित किया जा रहा है। 5 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित इस मेले में सुप्रसिद्ध कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकारों एवं सुप्रसिद्ध बुंदेली कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जा रही है। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने जिले के नागरिकों से आग्रह किया है कि आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव में आकर कलाकारों का उत्साह वर्धन करें और मेले का आनंद लें। नोहलेश्वर महोत्सव मेले में सत्येन्द्र सिंह की सहभागिता निरंतर बनी हुई है।

# जीवन में कोई काम छोटा नहीं होता स्किल ही सबसे बड़ी डिग्री : लोधी

**दमोह।** राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा नोहलेश्वर महोत्सव रोजगार के लिए भी यह मेला आयोजित किया गया है और इसके साथ-साथ मेरी मंशा यह थी की युवाओं को कैरियर गाइडेंस मिले क्योंकि कभी-कभी हम लोग पढ़ाई तो कर लेते हैं लेकिन उसे पढ़ने के बाद हमारे जीवन की दिशा क्या होनी चाहिए इन सब बातों को लेकर कहीं ना कहीं वहां संशय की स्थिति रहती हैं। उन्होंने कहा छात्र ने बारहवीं पास करने के बाद अगर रोजगार के लिए क्या करें या जो बड़े स्तर पर जाना चाहते हैं, उनको कौनसी शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए कि वे कलेक्टर या एसपी या डीएसपी या अन्य पदों में अधिकारी बन जाएं। कहीं ना कहीं युवाओं को उनके जीवन की दिशा क्या होनी चाहिए पढ़ते-पढ़ते गाइडेंस की आवश्यकता होती हैं। राज्यमंत्री लोधी ने कहा सुरक्षित वातावरण आपको मिलेगा और आप अपना कैरियर इन कंपनियों के माध्यम से बना सकते हैं। अर्न और लर्निंग की बात की जाए तो पढ़ाई के साथ-साथ अगर आप कमाई करना चाहते हैं तो वह सुविधा भी यहां पर उपलब्ध हैं। इस मेले में ऐसी कंपनियों भी सम्मिलित हैं जो नौकरी के साथ.साथ पॉलीटेक्निक डिप्लोमा भी करवाती है। अगर आप संपर्क करेंगे उसका भी आप लाभ ले सकते हैं ।उन्होंने कहा 18 हजार से लेकर 20 हजार रुपए तक छात्रवृत्ति भी कंपनियां देती हैं, आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को जीवन बदलने का भी अवसर है, जीवन में कोई कम छोटा नहीं होताए स्किल ही सबसे बड़ी डिग्री है।

अगर आपके पास स्किल है तो आपको कहीं ना कहीं किसी ना किसी कंपनी/संस्थान में आपको रोजगार जरूर मिलेगा। मेले में 18 से अधिक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित कंपनियों भाग लिया। इसमें प्रमुख कंपनियां टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुबरो सहित अन्य कंपनियां इस रोजगार मेले शामिल हुई। उन्होंने कहा नोहलेश्वर महोत्सव के अंतर्गत आज रोजगार मेला एवं करियर गाइडेंस कार्यक्रम का भी सफल आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां आई हुई हैं। इस रोजगार मेले के माध्यम से लगभग 2000 युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने की पहल की गई। साथ ही युवाओं को मार्गदर्शन देने हेतु विशेषज्ञों की टीम द्वारा करियर गाइडेंस प्रदान किया गया, जिससे विद्यार्थियों एवं युवाओं को भविष्य निर्माण में दिशा मिल सके।

## हटा में पुरानी पेयजल टंकी बंद करने से जल संकट गहराया

**हटा (स्वतंत्र मत)।** हटा में नगर पालिका परिसर स्थित वर्षो पुरानी पेयजल सप्लाई के लिए बनी पेयजल की टंकी को क्षतिग्रस्त बंद कर देने और उदय प्रोजेक्ट की पाइपलाइन से जलप्रदाय करने के आदेशों के बीच नगर में पेयजल संकट गहरा गया है उदय प्रोजेक्ट की पाइपलाइन बिछाने में हुई गड़बड़ी अनेक गलियों में पाइपलाइन न बिछाना एवं कई जगह पाइपलाइन चौक होने के कारण सैकड़ों घरों में पेयजल प्रदाय व्यवस्था ढप्प हो गई है जिसे लगभग 8 दिन हो गए हैं और दिन प्रतिदिन कार्य करने के बावजूद भी नगर की पेयजल व्यवस्था सुचारू नहीं हो पा रही है, पेयजल ना मिलने पर बालाजी वार्ड निवासी अधिवक्ता मुकुल चौबे ने सीएमओ को एक कानूनी नोटिस भेजा है और उसमें उल्लेख किया है कि वह बालाजी वार्ड के स्थाई निवासी है उन्होंने अपना एडवांस्ड जलकर 31 मार्च 2026 तक का जमा किया है नगर पालिका ने अचानक जल प्रदाय बंद कर उनके और परिवार की सुख शांति बाधित की है नोटिस मिलने के 24 घंटे के अंदर यदि उनके मकान की जलप्रपात व्यवस्था बहाल नहीं की जाती तो वह सक्षम न्यायालय में विधि के अन्य प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे ।

# गाडरवारा पुलिस ने गाँजा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

### 5 किलोग्राम गाँजा,घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकल मोबाईल जप्त

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।** दिनांक 08/02/2026 की सुबह थाना गाडरवारा की पुलिस टीम द्वारा बायपास रोड जमाड़ा वेयरहाउस के पास गाडरवारा में संदेह के आधार पर मोटरसाईकल सवार संदेही की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 75,000 रूपये कीमती 05 किलोग्राम गाँजा जप्त किया गया है ।

**नाम आरोपी :-** मुकुल शर्मा



पिता छोटेलाल शर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम करैया थाना देवरी जिला रायसेन आरोपी के कब्जे से 05 किलोग्राम गाँजा,घटना में प्रयुक्त एच.एफ. डीलक्स मोटरसाईकल रियल-मी कंपनी का मोबाईल एवं नगदी सहित कुल करीबन 1.5 लाख कीमत के जप्त किये गये है ।

आरोपी मुकुल शर्मा से अवैध मादक पदार्थ गाँजा के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ पर उसके द्वारा अपने साथी के द्वारा देना बताया । दोनों आरोपीगण के विरूद्ध धारा 8,20(ड्ड),29 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर आरोपी मुकुल शर्मा को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।उक्त कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया एवं एस.डी.ओ.पी. गाडरवारा एल.एस. डागुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक अशोक सिंह चौहान, सहायक उप निरीक्षक राजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत, आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, बालकृष्ण रघुवंशी,सुजीत बागरी,शिवम पटैल,दीपक राजपूत,अखिलेश पटैल, करन सिंह की सराहनीय भूमिका रही ।

# आज से बोर्ड परीक्षाओं का आगाज

## 12वीं की परीक्षा में सम्मिलत होंगे 11 हजार 463 नियमित छात्र

## 94 परीक्षा केन्द्र बनाए गए, आधा सैकड़ा में लगे सीसीटीव्ही कैमरे



कटनी (स्वतंत्रमत)। कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच आज 10 फरवरी से बोर्ड परीक्षाओं का आगाज हो रहा है। मंगलवार को हायर सेकेंडरी बारहवीं का अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र होगा। बारहवीं की परीक्षा में 11 हजार 463 नियमित व 724 स्वाध्यायी सम्मिलत होने जा रहे हैं। सभी परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड जारी करते हुए समय पर परीक्षा केन्द्र पहुंचने के लिए, कहा गया है। बारहवीं की परीक्षा के लिए जिले में 94 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। सभी केन्द्रों पर सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस बल की तैनाती के साथ ही नकल रोकने का जिम्मा जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा गठित उड़नदस्तों को दिया गया है। जिला शिक्षा विभाग ने भी अपनी ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। एक्सीलेंस से परीक्षा सामग्री का भी वितरण कर दिया गया है। कक्षा 12वीं की परीक्षा 10 फरवरी से शुरू होकर 7 मार्च तक आयोजित की गई है।

परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक ही शिफ्ट में होंगी। छात्रों को 8 बजे तक केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है। आज से बारहवीं की परीक्षाएं शुरू होने के बाद 13 फरवरी से हाईस्कूल कक्षा दसवीं की परीक्षाएं शुरू होंगी। दसवीं की परीक्षा में 13 हजार 783 नियमित व 604 स्वाध्यायी छात्र सम्मिलत होंगे। कक्षा 10वीं की परीक्षा 13 फरवरी से शुरू होकर 6 मार्च तक चलेंगी।

फोटो : विकास गुप्ता

## कटनी में 7 दिवसीय नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

कटनी (स्वतंत्रमत)। कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में सिविल डिफेंस टाउन कटनी द्वारा 7 दिवसीय नागरिक प्रशिक्षण सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार 9 फरवरी को होमगार्ड कार्यालय झिंझरी, में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंहमारे उइके रहीं। जिनका स्वागत जिला कमाण्डेंट नरेश कुमार साहू द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सिंहमारे ने उपस्थित 90 सिविल डिफेंस प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षण को गंभीरता से ग्रहण करने का आह्वान किया।

# बैडमिंटन इण्डोर हॉल माधव नगर में वुडन फ्लोरिंग कार्य का पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण



कटनी (स्वतंत्रमत)। पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा बैडमिंटन इण्डोर हॉल, माधव नगर में चल रहे बैडमिंटन वुडन फ्लोरिंग के नवीनीकरण एवं मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी तथा संबंधित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में लगे वुडन फ्लोर को हटाकर उसके नवीनीकरण एवं सुधार/मरम्मत का कार्य मेसर्स अमेज स्पोर्ट्स, 214 अम्बेडकर नगर, तहसील हुजूर, भोपाल के माध्यम से प्रारंभ किया गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित एजेंसी के पदाधिकारी को समक्ष उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा कुश्ती खिलाड़ियों के अभ्यास हेतु नगर निगम आयुक्त कटनी से कावसजी वार्ड में स्थित नवनिर्मित अखाड़ा हॉल में कुश्ती अभ्यास की व्यवस्था किए जाने संबंधी पत्राचार करने हेतु निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त खेलों इंडिया एथलेटिक्स प्रशिक्षक रेखा द्वारा ऑर्डिनेंस ग्राउंड में अभ्यास के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया, जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा ऑर्डिनेंस ग्राउंड के संबंधित पदाधिकारियों से नियमित अभ्यास के संबंध में पत्राचार किए जाने हेतु जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया। फोटो : विकास गुप्ता



## एक जुट हो राष्ट्र निर्माण में दे सहभागिता : श्याम टेलर

कटनी (स्वतंत्रमत)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर कटनी पहुँचे, जहाँ उनका कलेक्ट्रेट, माधव नगर गेट बरगवां, कटाये घाट मोड, मिशन चौक, आजाद चौक, नदी पार, चांडक चौक सहित प्रियदर्शिनी बस स्टैंड में स्थित विजय मेमोरियल परिसर में बनाये गए भव्य मंच पर वेदमंत्रों के साथ प्रिय नेता का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। यहाँ बड़ी क्रेन के द्वारा फूलों से जड़ित गजरे की माला पहना कर शुभप्रकाश- कुशलप्रकाश मिश्र ने स्वागत करते हुए श्याम टेलर को 51 किलो बजनी गदा और टेलर की पेंटिंग तस्वीर भेंट की।

# प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष का कटनी आगमन

कटनी (स्वतंत्रमत)। प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अवनीश भार्गव का कटनी आगमन हुआ उनके आगमन पर पंकज गौतम पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल के नेतृत्व मे सेवादल के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया भार्गव को शाल श्रीफल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष अमित शुक्ला, मंगल सिंह, हिमांशु तिवारी, बृजेश मौर्य, आफताब अहमद, श्याम यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया।



## राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी हुए सम्मानित

कटनी (स्वतंत्रमत)। राजस्थान मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा 29 जनवरी से 2 फरवरी तक पटेल सिंथेटिक स्टेडियम अजमेर में आयोजित सातवीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कटनी के 15 सदस्यीय टीम ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कटनी को गौरवान्वित किया। संदीप प्रसाद जायसवाल विधायक कटनी द्वारा पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में कटनी जिले के खिलाड़ी संदीप कुमार मौर्य ने हैमर थ्रो में गोल्ड मेडल, राजाराम यादव ने 5000 मी पैदल चाल में ब्रॉज मेडल, सत्येंद्र कुमार शर्मा ने 10000 मी दौड़ में गोल्ड मेडल व 5000 मीटर दौड़ में ब्रॉज मेडल, राकेश कुमार यादव ने लॉन्ग जम्प में गोल्ड मेडल व अशोक राव ने लॉन्ग जम्प में गोल्ड मेडल व हाई जम्प में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 15 सदस्य टीम मे संदीप कुमार मौर्य, राजाराम यादव, सत्येंद्र शर्मा, शिवानी तिवारी, अशोक ठाकुरिया, विनोद बहेलिया, सुनील रैतिया, बृजमोहन प्यासी, राकेश कुमार यादव, मृणाल बनर्जी, वीरेंद्र कुमार पांडे, नारायण विश्वकर्मा, अशोक राव, टाप बहादुर थापा व टीम मैनेजर वरिष्ठ खिलाड़ी फारूक अंसारी थे।

## कन्या महाविद्यालय की छात्रा अपेक्षा सिंह ने आरक्षक पद के लिए सफल चयन प्राप्त किया



कटनी (स्वतंत्रमत)। शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्रा अपेक्षा सिंह ने कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सीमा सुरक्षा बल में आरक्षक पद के लिए सफल चयन प्राप्त किया है। यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का उत्कृष्ट परिणाम है। अपेक्षा सिंह कटनी के विवेकानंद वार्ड, लखेरा की निवासी हैं तथा विजयभान सिंह की प्रतिभाशाली पुत्री हैं। अपेक्षा की इस सफलता से न केवल उनका परिवार गौरवान्वित हुआ है, बल्कि पूरा शासकीय कन्या महाविद्यालय भी गर्व महसूस कर रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और शैक्षणिक सदस्यों ने उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है। प्राचार्य ने अपेक्षा की लगन, समर्पण और अथक परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी छात्राओं की सफलता महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता तथा छात्राओं की क्षमता को प्रमाणित करती है। उन्होंने अपेक्षा के उज्वल भविष्य की कामना की है। एसएससी जीडी परीक्षा के विभिन्न चरणोंकुलिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा तथा अन्य चरणोंकुमें अपेक्षा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बीएसएफ में आरक्षक का पद देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाला महत्वपूर्ण दायित्व है, जहां देशसेवा के साथ-साथ अनुशासन और साहस की आवश्यकता होती है। यह चयन कटनी जिले की अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा।

# एनएसएस के छात्रों ने मझगवा में निकाली जागरूकता रैली

कटनी (स्वतंत्रमत)। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में चतुर्थ दिवस स्वयंसेवक मझगवां ग्राम में रैली के माध्यम से उपस्थित होकर रहवासियों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, नशा उन्मूलन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, युवा भारत, विकसित भारत निर्माण, मतदाता जागरूकता, जल बचाओ कल बचाओ, पौधा रोपण आदि विषयों से संबंधित जागरूकता अभियान के अंतर्गत लोगों को समझाइश दी गई। यात्री प्रतीक्षालय मझगवा ग्राम की साफ-सफाई की गई। जिससे यात्रियों को रुकने में किसी भी प्रकार की झिझक न हो। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को बताया कि नशा विनाश का कारण है नशा के माध्यम से हम अपना घर परिवार का विनाश करते हैं। इसलिए हम हमेशा नशा मुक्त समाज बनाने का प्रयास करेंगे। साथ ही मतदाता जागरूकता के अंतर्गत एस आई आर के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई। वोटर आईडी बनवाने की जानकारी दी और स्वस्थ राष्ट्र निर्माण के लिए सक्रिय भूमिका अदा करने की बात कहीं।




मझगवां स्कूल में विद्यार्थियों को समझाइश देकर स्वच्छता और स्वास्थ्य के बारे में बताया गया। बच्चों को समझाया कि हमें हमेशा अपने माता-पिता को अपनी बातें बतानी चाहिए। अपनी बातों को छिपानी नहीं चाहिए। गुड टच और बेड टच के बारे में विद्यार्थियों को बताया। स्वयंसेवकों ने कैंपस को साफ-सफाई की। पाउच, पन्नी, पॉलिथीन मुक्त कैंपस बनाया। साथ ही सोख्ता गड्ढे का निर्माण कर पानी रोकने का उपाय किया। गड्ढे खोद करके कचरा डंप करने के लिए भी बताया। इस अवसर पर बौद्धिक सत्र में चंदन का आगमन विद्यार्थियों में अनुभूति के भावों को भरा। चंदन ने अपने विचारों से विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण की बात कही और कहा कि हमें अपने चरित्र का उत्थान करना चाहिए चरित्र के माध्यम से ही हम समाज में आगे बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर प्रख्यात पर्यावरणविद एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, डॉक्टर विनय बाजपेई, डॉ राजश्री शर्मा आदि की उपस्थिति रही।

पूरा कार्यक्रम प्रभारी डॉ माधुरी गर्ग, डॉ सुनील कुमार त्रिपाठी, डॉ अतुल कुमार के नेतृत्व में संपन्न हो रहा है शिविर नायक कुमारी, भारती बर्मन, कुमारी लक्ष्मी रैदास, कुमारी सुचिता चतुर्वेदी, कुमारी प्रतीक्षा पांडे, प्रिया चौधरी, नमिता, सुशीला, किरण, राखी चौधरी, जय करण चौधरी, कीर्ति सिंह राजपूत, नेतराम आदि मेंबर के सहयोग से शिविर का संचालन हो रहा है तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन किया जा रहा है।

# करंट फैलाने वाले शिकारी गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)। पुलिस अधीक्षक जिला कटनी अभिनय विश्वकर्मा आईपीएस द्वारा जिले में फरार आरोपियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश जारी किये गये थे, निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एंव एसडीओपी आंकाक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में और थाना प्रभारी ढीमरखेडा निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में फरार आरोपियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुये महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है। 09 दिसम्बर 2025 को श्रीलाल कुम्हार के खेत के पास ठाकुर बाबा नाला झिन्नापिपरिया में जंगली जानवरों को मारने की नियत से बिजली करंट लगाया गया था जिसमें फंसकर झिन्नापिपरिया निवासी भागीरथ कुम्हार की मृत्यु हो गई थी। जिस पर थाना ढीमरखेडा मे मर्ग क्रमांक 64/2025 कायम कर जांच में लिया गया। मर्ग जांच में आये तथ्यों के आधार पर आरोपी अनिल उर्फ बबलू पिता गोरेलाल लोनी उम्र 27 निवासी ग्राम गुडा और मनरमन लोनी पिता मुन्नीलाल लोनी उम्र 37 साल निवासी गुडा के विरुद्ध अपराध कमांक 64/26 धारा 105,3 (5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध विवेचना में लिया गया।



घटना के बाद से ही आरोपी फरार थे। दौराने विवेचना आरोपियों को दस्तयाब किया गया और अपराध के बारे में पूछताछ किया गया जिनके द्वारा जुर्म करना स्वीकार किया जाने पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। अनिल उर्फ बबलू पिता गोरेलाल लोनी उम्र 27 निवासी ग्राम गुंडा, मनरमन लोनी पिता मुन्नीलाल लोनी उम्र 37 साल निवासी गुंडा थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे, उनि सुरेश चौधरी, सउनि विजेन्द्र तिवारी, प्रआर मनोज ठाकुर, प्रआर दीपक श्रीवास, आर. पंकज, आर. अमित शुक्ला, आर. अजय धुर्वे, आर. जोगेश्वर कुंजाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विद्यार्थियों को बिना तनाव के परीक्षा देना चाहिये : राज्यमंत्री पटैल

दमोह। पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटैल ने आज उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुसार शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के कृषि प्रक्षेत्र में विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने परीक्षा पे चर्चाए युवाओं के लिए तनाव मुक्त माहौल तैयार करने की दिशा विद्यार्थियों को सुझाव दिये। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बड़ी पहल एग्जाम वॉरियर्स का हिस्सा है। कार्यक्रम में राज्यमंत्री लखन पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा विद्यार्थियों को बिना तनाव के परीक्षा देना चाहिये। विद्यार्थी बिना तनाव और भय के परीक्षा में अच्छे अंक ला सकते हैं, इसके टिप्स बताएं। ज्ञात हो राज्यमंत्री लखन पटेल उत्कृष्ट विद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। उन्होंने कृषि क्षेत्र में स्थित श्री सिद्ध बाबा के यहां देव पूजन किया। इसके पश्चात उन्होंने उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों को कक्षा 12 वीं एवं 10 वीं के प्रवेश पत्रों का वितरण किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा, पूर्व डीपीसी राजेंद्र पटेल उपस्थित रहे।

## महापौर की जनसुनवाई में नागरिकों ने रखी अपनी समस्याएँ

### जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं पारदर्शी कार्रवाई पर दिया जोर




कटनी (स्वतंत्रमत)। नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से महापौर प्रीति संजीव सूरी की अभिनव पहल के तहत मंगलवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक नगर निगम कार्यालय स्थित मेयर इन काउंसिल कक्ष में जनसुनवाई कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जनसुनवाई में महापौर स्वयं उपस्थित रहीं और शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों के आवेदनों, शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा सड़क, सफाई, जलापूर्ति, खाद्य पर्ची, अतिक्रमण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, नाली-नालों की समस्या सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए गए। महापौर ने प्रत्येक आवेदन पर व्यक्तिगत रूप से चर्चा करते हुए संबंधित विभागाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से जिन मामलों में त्वरित निराकरण संभव था, उन्हें मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। महापौर ने बताया कि जनसुनवाई का उद्देश्य नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, जिससे समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी नियमित रूप से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नगर निगम प्रशासन ने बताया कि आने वाले मंगलवारों को भी निर्धारित समय पर जनसुनवाई कार्यक्रम जारी रहेगा।

# बिजौरी में नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

कटनी (स्वतंत्रमत)। शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा बिजौरी ग्राम स्थित मानव जीवन विकास समिति के प्रांगण में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना महिला व पुरुष इकाई के विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में विविध सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत राहत सेवा समर्पण संस्थान, विजयराघवगढ़ के सहयोग से नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 125 विद्यार्थियों सहित प्रांगण में उपस्थित ग्रामीणजनों की आंखों की जांच की गई। इस पहल को स्थानीय लोगों ने सराहनीय बताया। इस अवसर पर पर्यावरणविद एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का भाव विकसित होता है। ऐसे शिविर न केवल विद्यार्थियों को समाज से जोड़ते हैं, बल्कि ग्रामीण अंचलों में जागरूकता और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को भी मजबूती प्रदान करते हैं। तिलक महाविद्यालय के राष्ट्रीय कोर कैडेट के संयोजक डॉ सरदार दिवाकर ने आज के बौद्धिक सत्र में भाग लिया और विद्यार्थियों को समाज, राष्ट्र हित में कार्य करने हेतु प्रेरित किया। बौद्धिक सत्र में फ्रांस से आए प्रतिनिधिमंडल ने सहभागिता करते हुए भारत में संचालित ऑर्गेनिक खेती एवं सतत कृषि विकास कार्यक्रमों की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भारत में कृषि के सतत विकास की प्रक्रिया उन्हें अत्यंत प्रेरणादायक लगी। कार्यक्रम में तिलक महाविद्यालय की ओर से प्रियंका गुप्ता एवं डॉ. अंकिता खंडेलवाल ने विद्यार्थियों के सामाजिक जीवन में एन एस एस की भूमिका पर अपने विचार रखे। इस दौरान कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. माधुरी गर्ग ने फ्रांस से आए प्रतिनिधिमंडल का परिचय कराते हुए कहा- राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें समाज के प्रति जागरूक, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाती है। अंतराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति से विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टिकोण से सीखने का अवसर मिला है। डॉ. माधुरी गर्ग ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को सामाजिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभाने और सेवा को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। बौद्धिक सत्र में डॉ. सुनील त्रिपाठी, डॉ. अतुल कुमार, डॉ. विजय कुमार एवं तिलक महाविद्यालय की पूर्व छात्रा कनक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सेवा, नेतृत्व और सामाजिक सहभागिता के संदेश के साथ किया गया।



फोटो : विकास गुप्ता

# जिम्बाब्वे ने ओमान को आठ विकेट से हराया




कोलंबो (वार्ता)।

ब्लेसिंग मुजारबानी, रिचर्ड अंगारावा और ब्रैड एवंस (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद ब्रायन बेनेट (नाबाद 48) और ब्रेंडन टेलर ( रिटायर हर्ट 31) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत जिम्बाब्वे ने सोमवार को टी-20 विश्वकप के आठवें मुकाबले में ओमान को 39 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। 104 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे को चौथे ओवर में सुफियान महमूद ने तड़िवनाशे मारुमानी (21) और डिओन मेयर्स (शून्य) को आउट कर दो झटके दिये। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये ब्रेंडन टेलर ने ब्रायन बेनेट के साथ पारी को संभाला और रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 68 रनों की साझेदारी हुई। ब्रेंडन टेलर 31 के स्कोर पर रिटायर हर्ट हुए। जिम्बाब्वे ने 13.3 ओवर में दो विकेट पर 106 रन बना कर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। ब्रायन बेनेट ने 36 गेंदों में नाबाद 48 रन बनाये। कप्तान सिकंदर रजा पांच रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे ने इस तरह अपनी पहली जीत दर्ज की। ओमान के लिए सुफियान महमूद ने दो विकेट लिये।

इससे पहले आज यहां जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की शुरुआत खराब रही और उसने अपने शीर्ष पांच बल्लेबाज 27 के स्कोर तक गंवा दिये। इसके बाद सुफियान महमूद और विनायक शुक्ला की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट के लिए 42 रनों की साझेदारी हुई। 15वें ओवर में रिचर्ड अंगारावा ने विनायक शुक्ला 21 गेंदों में (28) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसी ओवर में अंगारावा ने जितेन रामानंदी (एक) को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। 17वें ओवर में ब्रैड एवंस ने सुफियान महमूद (25) को अपना शिकार बना लिया। नदीम खान ने 18 गेंदों में 20 रन बनाये। जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण के आगे ओमान की पूरी टीम 19.5 ओवर में 103 रन पर सिमट गई। जिम्बाब्वे के लिए ब्लेसिंग मुजारबानी, रिचर्ड अंगारावा और ब्रैड एवंस ने तीन-तीन विकेट लिये। सिकंदर रजा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रनों से हराया

**कोलकाता (वार्ता)।** जॉर्ज मंसी (84) और ब्रैंडन मक्मलेन (नाबाद 41) की शानदार पारियों के बाद माइकल लीस्क (नाबाद 22 रन और चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत स्कॉटलैंड ने सोमवार को टी-20 विश्वकप में इटली को 73 रनों से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में जस्टिन मोस्का (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद एंथनी मोस्का और जे जे स्मट्स की जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 31 रन जोड़े। चौथे ओवर में ब्रैडली करी ने जे जे स्मट्स 11 गेंदों में 22 रन को आउटकर पवेलियन भेज दिया। एंथनी मोस्का (13) रन बनाकर आउट हुये। संकट के समय हैरी मनेंटी और बेंजमिन मनेंटी की जोड़ी ने पारी को संभाला। 13वें ओवर में माइकल लीस्क ने हैरी मनेंटी 25 गेंदों में 37 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में ऑलिवर डेविडसन ने बेंजमिन मनेंटी को आउट कर पवेलियन भेज दिया। बेंजमिन मनेंटी ने 31 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 52 रन बनाये। इसके



बाद स्कॉटलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे इटली के बल्लेबाज नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम 16.4 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। स्कॉटलैंड के लिए माइकल लीस्क ने चार विकेट लिये। मार्क वॉट को दो विकेट मिले। ब्रैडली करी, ब्रैड व्हील और ऑलिवर डेविडसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर इटली ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की जॉर्ज मंसी और माइकल जोंस की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 126 रन जोड़े।



## भारत-पाक वर्ल्ड कप मैच पर आखिरी फैसला शहबाज शरीफ लेंगे

इस्लामाबाद (वार्ता)।

जियो न्यूज ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस बात पर आखिरी फैसला लेंगे कि पाकिस्तान पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में भारत के मैच का बॉयकॉट जारी रखेगा या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी आज दिन में बाद में प्रधानमंत्री शहबाज से मिलकर उन्हें इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के डेलीगेशन के साथ अपनी हालिया बातचीत के बारे में जानकारी देंगे। पाकिस्तान ने बंगलादेश के साथ एकजुटता दिखाते हुए अपने कट्टर विरोधी भारत के साथ नहीं खेलने के अपने फैसले की घोषणा की है, जिसे सुरक्षा चिंताओं के कारण टीम को भारत भेजने से इनकार करने के बाद टूर्नामेंट से हटा दिया गया था। एक दिन पहले,पीसीबी,आईसीसी और बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के बीच पांच घंटे से ज़्यादा समय तक बातचीत चली, जिसमें नकवी, बीसीबी प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम बुलबुल और आईसीसी के डिप्टी चेयरमैन इमरान ख्वाजा शामिल हुए थे। जियो न्यूज़ के मुताबिक, मीटिंग के दौरान आईसीसी ने बंगलादेश की मांगों पर पॉज़िटिव जवाब दिया और बीसीबी की शिकायतों को दूर करने के लिए एक फ़ॉर्मूला तैयार किया गया।

आईसीसी और बीसीबी के बीच प्रपोज़ल का लेन-देन हुआ, जबकि पीसीबी ने बातचीत के दौरान कोऑर्डिनेट करने में अहम भूमिका निभाई। आईसीसी के डिप्टी चीफ़ ख्वाजा प्रपोज़ल को फ़ाइनल मंज़ूरी देने के लिए काउंसिल के हेडक्वार्टर लौट आए हैं, जबकि बुलबुल ढाका में अधिकारियों को जानकारी देने के लिए बांग्लादेश वापस चले गए हैं। एक बार प्रपोज़्ड फ़ॉर्मूला फ़ाइनल हो जाने के बाद, आईसीसी और बीसीबी के अधिकारी सोमवार को बाद में फिर से मिलेंगे ताकि अगला कदम तय किया जा सके।

बंगलादेश और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के बीच तनाव तब बढ़ गया जब बांग्लादेश के तेज़ गेंदबाज मुस्तफ़िज़ुर रहमान को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से हटा दिया गया, जिससे ढाका में कड़ी प्रतिक्रिया हुई। इसके बाद, बीसीबी ने आईसीसी से बांग्लादेश के मैच भारत से बाहर कराने की रिक्वेस्ट की, लेकिन रिक्वेस्ट खारिज कर दी गई। बाद में आईसीसी ने टूर्नामेंट में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया, यह कहते हुए कि 7 फरवरी को वर्ल्ड कप शुरू होने के इतने करीब शेड्यूल में बदलाव करना प्रैक्टिकल नहीं है।

## एन. अजीत ने छठे दिन नया स्नैच रिकॉर्ड बनाया



**मोदीनगर (वार्ता)।** आईडब्ल्यूएलएफ नेशनल यूथ, जूनियर और सीनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के छठे दिन यादव फार्म हाउस में पुरुषों की 71 किग्रा कैटेगरी में ताकत और सटीकता का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) को रिप्रेजेंट करते हुए, एन अजीत ने पुरुषों की 71किग्रा सीनियर कैटेगरी में नेशनल स्नैच रिकॉर्ड तोड़कर भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कामयाबी ने भारत के प्रमुख लिफ्टरों में से एक के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत किया है क्योंकि देश ग्लासगो 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स की ओर देख रहा है। सीनियर सेक्शन: आरएसपीबी की जोड़ी आगे रही सीनियर पुरुषों के 71 किग्रा डिवीजन में, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ने गोल्ड और सिल्वर जीतकर अपना दबदबा दिखाया। एन अजित (रेलवे) ने 320 किग्रा के शानदार टोटल के साथ टॉप स्पॉट हासिल किया, जिसमें 145 किग्रा स्नैच और कैटेगरी में सबसे अच्छा 175 किग्रा क्लीन एंड जर्क शामिल था। टी माधवन (रेलवे ) ने कुल 317 किग्रा के साथ करीबी मुकाबला किया, क्लीन एंड जर्क में अजित के 175 किग्रा के बराबर, लेकिन स्नैच में 142 किग्रा के साथ थोड़ा पीछे रह गए। महाराष्ट्र के यश खंडागले ने कुल 300 किग्रा उठाकर ब्रॉन्ज़ मेडल जीता।

## शूट-ऑफ में मनु से फिसला स्वर्ण

### 25 मीटर पिस्टल में ईशा को कांस्य

नयी दिल्ली (वार्ता)।

एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2026 में 25 मीटर महिला पिस्टल के रोमांचक फाइनल में भारत की मनु भाकर स्वर्ण पदक से बेहद करीब रहकर चूक गई। डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में खेले गए इस फाइनल में वियतनाम की थुई त्रांग गुयेन ने दो शूट-ऑफ के बाद स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, ईशा सिंह ने इस चैंपियनशिप में अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक जीतते हुए कांस्य हासिल किया। जूनियर वर्ग में नाम्या कपूर ने एक और बेहद रोमांचक शूट-ऑफ में स्वर्ण पदक जीता, जबकि इसी स्पर्धा में अंजलि भगवत ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही भारत के कुल पदकों की संख्या 60 तक पहुंच गई है, जिसमें 37 स्वर्ण, 13 रजत और 10 कांस्य पदक



शामिल हैं। फाइनल में ईशा सिंह ने पहली सीरीज में परफेक्ट पांच शॉट लगाकर शानदार शुरुआत की, जबकि मनु भाकर और थुई त्रांग ने चार-चार शॉट लगाए। तीनों निशानेबाज़ों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और हर सीरीज के बाद पदक की स्थिति बदलती रही। भारतीय निशानेबाज़ लगातार वियतनामी खिलाड़ी पर दबाव बनाए हुए थे, लेकिन छठी सीरीज में गुयेन के परफेक्ट पांच शॉट्स ने उन्हें दो अंकों की बढ़त दिला दी। सातवीं सीरीज में गुयेन के एक शॉट लगाने का फायदा मनु और ईशा ने उठाते हुए अंतर कम कर दिया। आठवीं सीरीज के बाद 30 अंकों के साथ बढ़त पर चल रहीं ईशा सिंह नौवीं सीरीज में सभी शॉट चूक गईं और अंततः उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। आखिरी सीरीज में मनु ने तीन जबकि गुयेन ने दो शॉट लगाए और दोनों 35 अंकों के साथ बराबरी पर रहीं, जिसके चलते मुकाबला शूट-ऑफ में गया। पहले शूट-ऑफ में दोनों निशानेबाज़ों ने दो-दो शॉट लगाए। इसके बाद दूसरे शूट-ऑफ में मनु तीन शॉट चूक गईं और स्वर्ण पदक से चूकना पड़ा। फाइनल में तीसरी भारतीय खिलाड़ी रिदम सांगवान चौथे स्थान पर रहीं। जूनियर फाइनल में नाम्या कपूर ने शूट-ऑफ में शानदार संयम दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीता।

विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय निशानेबाज नाम्या ने 29 शॉट लगाए, जो इंडोनेशिया की रिहादतुल अस्यीफा के बराबर थे। शूट-ऑफ में नाम्या ने तीन शॉट लगाए, जबकि अस्यीफा कोई भी शॉट नहीं लगा सकीं। अंजलि भगवत ने 24 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। क्वालिफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल करने वाली परिशा गुप्ता फाइनल में 14 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। भारतीय टीमों ने सीनियर और जूनियर, दोनों वर्गों में टीम स्पर्धाओं का स्वर्ण पदक भी जीता।



## सुधीर सक्सेना ने इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग कप में जीता रजत पदक

**नयी दिल्ली (वार्ता)** भारतीय किकबॉक्सिंग के उभरते सितारे सुधीर सक्सेना ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाते हुए 5वीं इंडिया ओपन इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग कप में रजत पदक अपने नाम किया है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 8 फरवरी, 2026 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम (के.डी. जाधव इंडोर हॉल) में वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा किया गया। दुनिया भर के दिग्गज खिलाड़ियों के बीच सुधीर ने रिंग में अद्भुत तकनीक और अदम्य साहस का परिचय दिया। फाइनल तक के अपने सफर में उन्होंने कई कड़े मुकाबलों में जीत हासिल कर यह साबित कर दिया कि मेहनत और संकल्प से किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है।

सुधीर की इस सफलता के पीछे उनके परिवार का त्याग और निरंतर प्रोत्साहन रहा है। अपनी इस जीत को परिवार को समर्पित करते हुए सुधीर ने कहा, मेरी इस सफलता की नींव मेरे पिता सुरेश सक्सेना और मेरी पत्नी प्रियंका गौतम हैं। उनके अटूट विश्वास और समर्थन ने ही मुझे कठिन प्रशिक्षण के दौरान हार न मानने की शक्ति दी। यह पदक जितना मेरा है, उतना ही मेरे परिवार का भी है।

## चावल, चीनी, दालें महंगी- गेहूं सस्ता

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गये। चावल के साथ चीनी और दालों की कीमतों में भी तेजी रही जबकि गेहूं में भी नरमी देखी गयी। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 94 रुपये बढ़कर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं भी 31 रुपये टूट गया और 2,851 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 42 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 198



रुपये बढ़ गयी। चना दाल 157 रुपये और मसूर दाल 130 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल 102 रुपये और उड़द दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा आठ रिंगिट बढ़कर 4,162 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 1.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ 56.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 131 रुपये और पाम ऑयल की 102 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी।

सूरजमुखी तेल में 45 रुपये और मूंगफली तेल में 30 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वनस्पति की कीमत 88 रुपये और सरसों तेल की 39 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गयी। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 118 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गये।

## रुपया एक पैसे कमजोर

**मुंबई (वार्ता)।** अंतर बैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया सोमवार को एक पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.66 रुपये का बोला गया। भारतीय मुद्रा लगातार दूसरे दिन कमजोर हुई है। पिछले कारोबारी दिवस पर यह 31 पैसे टूटकर 90.65 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। यह एक पैसे फिसल कर 90.66 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और बीच कारोबार में ऊपर 90.37 रुपये तथा नीचे 90.77 रुपये प्रति डॉलर तक गया। वाणिज्यिक बैंकों की ओर से डॉलर की खरीद बढ़ाने से रुपये पर दबाव रहा।

## एमएसएमई के लिए रेहन-मुक्त ऋण सीमा 20 लाख रुपये करने की अधिसूचना जारी

**मुंबई (वार्ता)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए रेहन-मुक्त ऋण देने की सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने संबंधी अधिसूचना सोमवार को जारी कर दी। केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद गत 06 फरवरी को आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इसकी घोषणा की थी। पहले यह सीमा 10 लाख रुपये थी। उन्होंने कहा कि काफी समय से इस सीमा में बदलाव नहीं किया गया था। आरबीआई ने आज जारी अधिसूचना के माध्यम से एमएसएमई सेक्टर को ऋण देने संबंधी दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। ये संशोधन 01 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगे। संशोधन के तहत बैंकों को निर्देश दिया गया है कि वे मझौले और छोटे उद्यमों से 20 लाख रुपये के ऋण के लिए रेहन स्वीकार नहीं करेंगे। साथ ही, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के प्रशासनाधीन प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम द्वारा वित्त पोषित इकाइयों को भी बैंक 20 लाख रुपये तक रेहन-मुक्त ऋण की सुविधा देंगे। बैंक अपनी आंतरिक नीति के आधार पर अच्छे ट्रैक रिकॉर्ड वाले मझौले तथा छोटे उद्यमों के लिए रेहन-मुक्त ऋण की सीमा बढ़ाकर 25 लाख रुपये भी कर सकते हैं। आरबीआई ने कहा है कि जहां भी योग्यता बनती हो, बैंक दिये गये रेहन-मुक्त ऋण पर क्रेडिट गारंटी योजना का लाभ उठा सकते हैं। संशोधनों में प्रावधान किया गया है कि बैंक रेहन-मुक्त सीमा तक दिये गये ऋण के बदले यदि उधारकर्ता से रेहन के रूप में सोना या चांदी स्वीकार करते हैं तो इसे दिशा-निर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जायेगा।

## विशिष्ट इस्पात के लिए पीएलआई योजना 1.2 की शुरुआत



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** सरकार ने आयात पर निर्भरता कम करने के लिए विशिष्ट श्रेणी के इस्पात के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना 1.2 की सोमवार को शुरुआत की। योजना का उद्देश्य उच्च मूल्य वाले उन विशिष्ट श्रेणी के इस्पात के घरेलू निर्माण को प्रोत्साहित करना है जिनके लिए इस समय हम पूरी तरह से आयात पर निर्भर हैं। इस्पात एवं भारी उद्यम मंत्री एच.डी. कुमारस्वामि की मौजूदगी में यहां विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में योजना की शुरुआत की गयी।

इस मौके पर कई कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किये गये। श्री कुमारस्वामि ने कहा कि देश में विशिष्ट श्रेणी के इस्पात के निर्माण के लिए मजबूत और वैश्विक प्रतिस्पर्धी पारितंत्र तैयार करने की दिशा में पीएलआई 1.2 एक महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना आधुनिक और रणनीतिक इस्पात उत्पादों के लिए घरेलू क्षमता निर्माण को बढ़ावा देकर मेक-इन-इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को बढ़ावा देती है। मंत्रालय ने बताया कि पीएलआई 1.2 के तहत आज 55 कंपनियों के साथ 85 एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। कंपनियों ने 11,887 करोड़ रुपये रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जतायी। इन परियोजनाओं से वित्त वर्ष 2030-31 तक विशिष्ट श्रेणी के 87 लाख टन इस्पात निर्माण की क्षमता विकसित होने की उम्मीद है। इन 55 कंपनियों ने इलेक्ट्रिकल इस्पात, मिश्रधातु और स्टेनलेस स्टील, कोटिंग वाले उत्पाद और रणनीतिक सेक्टरों की जरूरत वाले इस्पात निर्माण की प्रतिबद्धता जतायी है।

## शेयर बाजारों में चौतरफा लिवाली

### एक महीने के उच्चतम स्तर पर प्रमुख सूचकांक

**मुंबई (वार्ता)।** अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते से उत्साहित निवेशकों की लिवाली और विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों से घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक एक महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 485.35 अंक (0.58 प्रतिशत) की बढ़त में 84,065.75 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 173.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत ऊपर 25,867.30 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों



सूचकांकों का 08 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है।

अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर दोनों देशों की ओर से 07 फरवरी को जारी साझा बयान में समझौते की मुख्य शर्तों का खुलासा किया गया। इससे बाजार में निवेश धारणा को मजबूती मिली और सभी सूचकांकों में तेजी देखी गयी। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.33 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.64 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सार्वजनिक बैंक, वित्त, मीडिया, धातु, फार्मा, रियलटी, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांकों में ज्यादा तेज रही।

एनएसई में जिन 3,304 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 2,484 के शेयर बढ़त में और 727 के गिरावट में बंद हुए। अन्य 93 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव से होते हुए अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर हरे निशान में रहे। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 7.46 प्रतिशत उछल गया। टाइटन में 2.78 फीसदी, टाटा स्टील में 2.56, अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.52, इटरनल में 1.91, बीईएल में 1.85, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.52, ट्रेंट में 1.30, एलएंडटी में 1.12 और इंडिगो में 1.08 प्रतिशत की बढ़त रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, सनफार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

पावर ग्रिड में 1.11 प्रतिशत और आईटीसी में 1.07 प्रतिशत की गिरावट रही। एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 3.89 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.76 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.41 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.44 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.25 प्रतिशत की तेजी में था।

# केंद्रीय बजट के प्रावधानों के अनुरूप योजनाएं बनाकर भारत सरकार को भेजें

### मुख्य सचिव जैन ने की विधान सभा के बजट सत्र की तैयारियों के साथ ही शासकीय योजनाओं और सुशासन की समीक्षा



भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने विभाग अध्यक्षों सहित अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव से अपेक्षा की है कि वे केंद्रीय बजट के प्रावधानों के अनुरूप परियोजनाएं और योजनाएं तैयार कर भारत सरकार को भेजें इससे मध्यप्रदेश के प्राथमिकता क्षेत्र को अत्यधिक लाभ मिल सके। मंत्रालय में सोमवार को बैठक में मध्यप्रदेश विधान सभा के बजट सत्र की तैयारियों, वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों की पूर्ति, सुशासन के बिंदुओं सहित मंत्रि-परिषद के निर्णयों के पालन की समीक्षा की। मुख्य सचिव श्री जैन ने मध्यप्रदेश विधानसभा के आगामी बजट सत्र की तैयारियों की समीक्षा कर निर्देश दिए हैं कि पिछले सत्रों के शून्यकाल सूचनाओं सहित अपूर्ण उत्तर वाले प्रश्न, आश्वासन और लोक लेखा समिति की अनुशंसाओं के लंबित मामले यथाशीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने विभागीय परामर्शदात्री समितियों की बैठक करने के साथ ही विधानसभा को विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन उपलब्ध करवाने के लिए कहा है। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि आर्थिक ग्रोथ में पूंजीगत खर्चों का अहम योगदान होता है। अपर मुख्य सचिव मनीष रस्तोगी ने बताया कि अन्य वर्षों की तुलना में इस वित्त वर्ष में पूंजीगत खर्चों में वार्षिक लक्ष्यों की पूर्ति बेहतर है। मुख्य सचिव श्री जैन ने ऐसे विभाग जिनमें अभी भी राशि उपलब्ध है, उनसे कहा है कि इस वित्त वर्ष की शेष अवधि के लिए, साप्ताहिक प्लान बनाकर वास्तविक व्यय सुनिश्चित करें।

*केंद्रीय बजट प्रस्ताव पर विमर्श*- मुख्य सचिव श्री जैन ने निर्देशित किया कि हाल में आए केंद्र सरकार के बजट के प्रावधानों के अनुरूप मध्यप्रदेश में सिटी इकोनॉमिक रीजन, डेडिकेटेड केमिकल और पेट्रोकेमिकल पार्क और मेगा टेक्सटाइल पार्क सहित अन्य परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार करे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के दिशा निर्देशों को भी समाहित कर यथाशीघ्र प्रस्ताव भेजे जाए। मुख्य सचिव श्री जैन आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय के लिए प्रस्ताव भेजने पर आयुष विभाग की सराहना भी की। मुख्य सचिव श्री जैन ने बताया कि नॉलेज और एजुकेशन सिटी, मेडिकल हब, नाइपर, फार्मास्युटिकल रिसर्च सेंटर, स्कूल और कॉलेजों के लैब, सी मार्ट, हॉस्टल, स्किल डेवलपमेंट, पशुपालन और एमएसएमई ग्रोथ फंड जैसे अनेक क्षेत्रों में केंद्र सरकार ने बजट में प्रावधान किए हैं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे यथाशीघ्र प्रस्ताव भारत सरकार को भेजें। मुख्य सचिव श्री जैन ने सलाह दी कि अधिकारी माह में कम से कम एक बार केंद्र में उनके विभाग से संबंधित ज्वाइंट सेक्रेट्री बात अवश्य करें। मुख्य सचिव श्री जैन निर्देश दिए, कि इस वित्त वर्ष की प्रगतिरत सामान्य योजनाओं में लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि भारत सरकार से संबंधित ऐसी लंबित परियोजनाओं और योजनाओं को उनके संज्ञान में लाएं जिनमें समन्वय की आवश्यकता है। मुख्य सचिव श्री जैन भारत सरकार को भेजे जाने वाले पत्रों को शत प्रतिशत आवासीय आयुक्त को भी भेजने के निर्देश दिए।

*सुशासन पर जोर*- मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि आमजन की सेवाओं और सुविधाएं राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री के बाद और अविवादित नामांतरण समय सीमा में होना ही चाहिए। मुख्य सचिव श्री जैन लोकसेवा गारंटी अधिनियम में अधिसूचित सेवाओं में नागरिकों के आवेदन समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने साप्ताहिक समीक्षा में इसे सर्वोच्च प्राथमिकता में रखने के लिए कहा है। मुख्य सचिव श्री जैन ने अधिसूचित 735 में से 135 अन्य सेवाओं को भी ऑनलाइन करने और जो सेवाएं अब प्रचलन में नहीं हैं, उन्हें पृथक करने की जरूरत बताई। उन्होंने सी.एम हेल्प लाइन के प्रकरणों के निराकरण में भी सर्वोच्च प्राथमिकता रखने के लिए कहा है।

*पीएम प्रगति में प्रदेश अग्रणी*- मुख्य सचिव श्री जैन ने पीएम प्रगति पोर्टल पर मध्यप्रदेश के बेहतर प्रदर्शन की जानकारी देते हुए अधिकारियों को धन्यवाद दिया उन्होंने इसी तरह की कार्य प्रणाली सीएम मॉनिटरिंग में अपनाने की अपेक्षा की है। मुख्य सचिव श्री जैन ने अधिकारियों से कहा कि उनके कार्यालय के सभी कार्य ई-आफिस प्रणाली पर ही हों, यह सुनिश्चित किया जाए। भौतिक रूप से फाइलों का संचालन नहीं होना चाहिए। उन्होंने मंत्रि-परिषद की विभिन्न बैठकों में लिए गए निर्णयों के पालन की समीक्षा भी की। मुख्य सचिव श्री जैन गत एक वर्ष में नई नीतियों के लागू होने, क्रियान्वयन की स्थिति और लाभ के आंकलन और अध्ययन के निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव श्री जैन ने सभी विभागाध्यक्ष से कहा कि वे उनके विभागों के निगम, मंडल और बोर्ड की समीक्षा करने के साथ ही वित्त आयोग की अनुशंसाओं की समीक्षा भी करें।

# कर्ज, अपराध और भ्रष्टाचार में डूबा मध्यप्रदेश

### मुख्यमंत्री बताएं जवाबदेही कहाँ है : जीतू पटवारी



भोपाल (स्वतंत्र मत)

भोपाल (स्वतंत्र मत)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने संबंधी दिए गए बयान पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने तथ्यात्मक प्रतिवाद प्रस्तुत करते हुए कहा है कि केवल घोषणाएँ सुशासन का प्रमाण नहीं होतीं, बल्कि प्रदेश की वास्तविक स्थिति ही सरकार के दावों की सच्चाई उजागर करती है। श्री पटवारी ने कहा कि यदि प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत है, तो निम्न घटनाएँ किस ओर संकेत करती हैं- प्रदेश में पुलिसकर्मियों की वर्दी सार्वजनिक रूप से फाड़ी जा रही है तथा थानों के भीतर हमले और गोलीबारी जैसी गंभीर घटनाएँ सामने आई हैं। मऊगंज से भाजपा विधायक प्रदीप पटेल लगभग 30 दिनों से लापता बताए जा रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर विषय है कि सत्तारूढ़ दल का जनप्रतिनिधि सुरक्षित नहीं है और सरकार स्पष्ट स्थिति बताने में असफल है। राजधानी भोपाल, जो मुख्यमंत्री कार्यालय से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, वहाँ नाबालिग बच्चियों को नशीले पदार्थ देकर शोषण किए जाने के मामले सामने आए हैं। प्रदेश के कई जिलों, विशेषकर भोपाल में, लगातार ड्रग्स फैक्ट्रियों का पकड़ा जाना संगठित अपराध की गहराई को दर्शाता है। विभिन्न प्रकरणों में सत्ता से जुड़े प्रभावशाली व्यक्तियों के नाम सामने आने से निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की आवश्यकता और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। प्रशासनिक भ्रष्टाचार को लेकर स्वयं शीर्ष स्तर के अधिकारियों द्वारा चिंता व्यक्त की जा चुकी है, जिससे शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं। जिन टोल नाकों की अवधि समाप्त हो चुकी थी, उन्हें पारदर्शी पुनः-निविदा प्रक्रिया के बजाय आउटसोर्स किए जाने से शासकीय राजस्व की संभावित हानि का विषय सामने आया है। श्री पटवारी ने कहा कि प्रदेश आज कर्ज, अपराध और भ्रष्टाचार की त्रासदी झेल रहा है। मुख्यमंत्री केवल मुख्यमंत्री ही नहीं, बल्कि स्वयं गृह मंत्री भी हैं। ऐसे में कानून-व्यवस्था, संगठित अपराध, जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा और प्रशासनिक जवाबदेही की सीधी जिम्मेदारी उन्हीं पर बनती है। यदि भाजपा का अपना विधायक सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिक की सुरक्षा का दावा कैसे किया जा सकता है उन्होंने कहा कि नक्सलवाद पर बयान देना आसान है, परंतु प्रदेश के भीतर पनप रहे अपराध, ड्रग्स नेटवर्क और भ्रष्टाचार पर कठोर, पारदर्शी और परिणामकारी कार्रवाई ही वास्तविक सुशासन का प्रमाण होगी। कांग्रेस पार्टी प्रदेश की जनता की ओर से सरकार से स्पष्ट उत्तर मांगती है- मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल के संबंध में सरकार की आधिकारिक स्थिति क्या है और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं क्या ड्रग्स नेटवर्क और संगठित अपराध पर श्वेत पत्र जारी किया जाएगा। क्या कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों की स्वतंत्र एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाएगी क्या प्रशासनिक भ्रष्टाचार और टोल प्रकरणों पर पारदर्शी कार्रवाई की रूपरेखा सार्वजनिक की जाएगी प्रदेश की जनता घोषणाएँ नहीं, बल्कि ठोस परिणाम चाहती है। कांग्रेस पार्टी प्रदेशहित में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## महिला सशक्तिकरण के संबंध में शासन द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीयः राज्यमंत्री लोधी

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ पारंपरिक खेलों का आयोजन जारी



दमोह

जिले के नोहटा स्थित पावन नोहलेश्वर धाम में आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नोहलेश्वर महोत्सव के दौरान महिला सशक्तिकरण विषय पर महिला सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें महिलाओं के सर्वांगीण विकास एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र महिलाओं को प्रमाण पत्र एवं हितलाभ प्रदान किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग, आजीविका मिशन तथा लोक स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में पांच बालिकाओं का कन्या पूजन किया गया तत्पश्चात् मंच से चार लाडली लक्ष्मी बालिकाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। महिला बाल विकास जबेरा एवं तेंदूखेड़ा अंतर्गत उल्लेखनीय कार्य करने वाली 15 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही अच्छा कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं को भी पुरस्कृत किया। राज्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण के संबंध में शासन द्वारा किए जा रहे प्रयास एवं उसकी योजनाएं जैसे लाडली लक्ष्मी योजनाएं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडली बहना योजना, आजीविका मिशन की ओर से दिए जाने वाले लोन, प्रसूति सहायता योजना आदि के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना एवं स्वसहायता समूहों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि लाड़ली बहना योजना के माध्यम से जबेरा विधानसभा क्षेत्र की 65 हजार से अधिक महिलाओं को नियमित रूप से राशि खातों में डाली जा रही है। साथ ही महिलाओं को विभिन्न चुनावों एवं सरकारी सेवाओं में आरक्षण की व्यवस्था कर निर्णय निर्माण की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। नोहलेश्वर महोत्सव के तृतीय दिवस का शुभारंभ प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी की पूजा अर्चना के साथ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तुतियों ने क्षेत्र की लोक संस्कृति एवं परंपराओं को मंच पर जीवंत किया। इसके पश्चात बुंदेलखंड के लोकगीत गायक देवी अग्रवाल एवं साधना राठौर द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को दर्शकों ने सराहा। महोत्सव के अंतर्गत बुंदेली एवं पारंपरिक खेलों का भी भव्य शुभारंभ किया गया।

## फागुन विषय पर काव्य गोष्ठी संपन्न

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मप्र लेखक संगठन के तत्वाधान में गत दिवस फागुन विषय पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें नगर के श्रेष्ठ और वरिष्ठ साहित्यकारों ने अपने-अपने काव्य सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एनआर राठौर ने कहा कि आपाधापी के इस युग में काव्य पताका को थामे रखना दमोह साहित्य जगत की बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. रघुनंदन चिले ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि साहित्यकारों को टाउन हॉल की उपलब्धि बड़ी सौगात है, इससे नगर में साहित्य, कला एवं संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। पत्रकार नरेंद्र दुबे ने कहा कि कवि या संस्कृति कर्मी जब जोड़ने की बात करता है, सेतु की बात करता है। तब सच मायने में वह राष्ट्र का काम करता है, मानवता का काम करता है। यहां पर कवियों ने यही राष्ट्रीय काम इमानदारी से किया है। संगोष्ठी का संचालन कर रहे संस्था अध्यक्ष इंजी अमर सिंह राजपूत ने कहा गोष्ठियों का अपना बड़ा महत्व होता है जिसमें साहित्यकार अपनी काव्य साधना को निखारने का उचित अवसर पाता है। डॉ. चिले जैसे प्रमोटर ने साहित्य जगत के लिए बहुत कुछ दिया है। सकल साहित्य समाज अपने वरिष्ठ साहित्यकारों का हमेशा ऋणी रहेगा। इस अवसर पर प्रो. अनिल जैन ने रचना पढ़ी झड़ते हैं पत्ते हवाओं में, जैसे हर पल झड़ती हो तुम, मेरे मन के एक-एक कोने में। मानव बजाज ने दरबारों का गान लिखूं क्या। मैं उनका फरमान लिखूं क्या। अंधे लोगों की बस्ती में। शीशे को वरदान लिखूं क्या। सदन नेमा ने भारत की शान बढ़ाईयो, तिरंगा झुकने न दईयो। डॉ संगीता पाराशर ने, धीरे-धीरे सब कुछ बदल रहा है, नई संस्कृति का वर्चस्व बढ़ रहा है। मनोरमा रतले ने शिकवा शिकायत नहीं किसी से, होली हम मानेंगे, रंग रंग जाएंगे।

## 13 को किसान सम्मेलन में आएंगे मुख्यमंत्री

### राज्यमंत्री ने कलेक्टर एवं एसपी के साथ प्रस्तावित आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

दमोह (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दमोह जिले के जबेरा के ग्राम नोहटा में 13 फरवरी को प्रस्तावित कार्यक्रम का जायजा संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के साथ लिया। राज्यमंत्री लोधी ने कहा आगामी 13 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का नोहलेश्वर महोत्सव में आगमन प्रस्तावित है। इस अवसर पर नोहलेश्वर महोत्सव के साथ-साथ जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन भी किया गया हैं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नोहटा में आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के आगमन का समय 13 फरवरी को लगभग दोपहर 2:30 से 3 बजे के बीच प्रस्तावित है जिसकी औपचारिक सूचना यथा समयानुसार दी जाएगी। उन्होंने कहा आज मेला स्थल का निरीक्षण भी किया गया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर मंच व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, बैठक व्यवस्था एवं अन्य प्रशासनिक तैयारियों को लेकर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं सभी अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम को दिव्य, भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप देने हेतु समस्त व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा मुख्यमंत्री का दमोह जिले में आगामी 13 फरवरी को आगमन प्रस्तावित है और नोहलेश्वर महोत्सव नोहटा में सहभागिता करेंगे। यहां पर एक वृहद किसान मेला, किसान प्रशिक्षण और कृषक सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसको मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे। राज्यमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व में एसपी श्री सोमवंशी और पूरे अधिकारी यहां आए हुए हैं और उसकी पूरी तैयारियों का जायजा लिया है। सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा मुख्यमंत्री का 13 फरवरी को अपरान्ह नोहलेश्वर महोत्सव में सहभागिता करेंगे। इस दौरान नोहलेश्वर महोत्सव मंदिर की विजिट और किसान सम्मेलन, प्रदर्शनी शामिल हैं।

## अवैध परिवहन करते हुए बिना नंबर का ट्रेक्टर जब्त

दमोह (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम की कारवाई लगातार जारी है। 7 फरवरी को लगभग 1.30 बजे पटेरा तहसील अन्तर्गत ग्राम कुण्डलपुर में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जांच खनिज अमला द्वारा किया गया। उक्त ग्राम मे बिना नम्बर का महिन्द्रा ट्रेक्टर द्वारा बिना रायल्टी रेत का अवैध परिवहन किया जाना पाया गया उसे जप्त कर पुलिस थाना पटेरा मे सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया है। इसके अलावा उक्त दिनांक को समय लगभग रात 11 बजे समन्ना रोड न्यू दमोह से भ्रमण के दौरान मुरम का ओव्हर लोड परिवहन पाए जाने पर डंपर जप्त कर थाना कोतवाली दमोह मे सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। खनिज अधिकारी ने बताया उक्त प्रकरणों में गौण खनिज नियमो के तहत कारवाई प्रस्तावित की जावेगी।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 1598/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमति पूजा भसीन पति श्री विशाल भसीन एवं अन्य दो निवासी जबलपुर द्वारा ग्राम गुरैया प.ह.नं. 24 ख.नं. 147/1 रकबा 0.0810 हेक्टेयर/वर्गफुट भूमि रजिस्ट्री विक्रयपत्र/वसीयतनामा/सहमति पत्र/फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि आवेदक/आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 03/02/2026 को जारी।

जारी दिनांक 03/2/2026

पेशी दिनांक 10/02/2026

**अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**


# रेलवे संपत्ति चुराने वाले आरोपी गिरफ्तार

### लगभग 37 लाख 40 हजार से अधिक की संपत्ति जप्त




भोपाल (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश पुलिस अपने ध्येय वाक्य देशभक्ति-जनसेवा के अनुरूप प्रदेश में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं नागरिकों की आस्था व संपत्ति की सुरक्षा हेतु सतत् एवं ठोस कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों में चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा करते हुए पुलिस ने लगभग 37 लाख 40 हजार रूपए से अधिक मूल्य का चोरी की सामग्री जप्त की है। थाना देवेंद्रनगर क्षेत्र में नागौद-खजुराहो रेलवे प्रोजेक्ट के तहत ग्राम फुलवारी स्थित रेलवे स्टेशन भवन से केबल, वायर, पीवीसी पाइप एवं अन्य इलेक्ट्रिकल सामग्री की चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लगभग 20 लाख रूपए की संपत्ति जप्त की है।

*विदिशा- तीन चोरी के प्रकरणों का खुलासा*- जिले के थाना सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तीन अलग-अलग चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की बोलेरो पिकअप वाहन, मंदिर से चोरी किया गया मुकुट एवं छत्र तथा चोरी किया गया बिजली तार सहित लगभग 9 लाख 20 हजार रूपए की सामग्री जप्त की है।

*शाजापुर-ग्राम जावदी स्थित हनुमान मंदिर में चोरी का खुलासा*- शाजापुर जिले के थाना मोहन बड़ोदिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम जावदी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने 600 से अधिक सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य एवं साइबर सेल की सहायता से सफलतापूर्वक खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी का माल बेचने हेतु रखने वाले एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चांदी के आभूषण एवं नगदी, चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं दो धारदार चाकू सहित कुल 4 लाख 20 हजार 570 रूपए की सामग्री जप्त की गई है।

*सीहोर-सराफा दुकान में चोरी का त्वरित खुलासा*- जिले के थाना आष्टा क्षेत्र में बुधवारा खरी खुंडी स्थित एक सोने-चांदी की दुकान से कर्मचारी द्वारा लगभग 1 किलो 390 ग्राम चांदी के आभूषण (पायल, कड़े, ब्रेसलेट एवं गले की चेन) चोरी किए जाने की घटना का त्वरित खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 1 किलो 359 ग्राम चांदी के आभूषण कीमत लगभग 4 लाख रूपए जब्त किए है। मध्यप्रदेश पुलिस आमजन की आस्था, धार्मिक स्थलों एवं निजी संपत्ति की सुरक्षा हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। नागरिक किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना अथवा डायल-112 पर दे सकते हैं।

## कृषि और पशुपालन किसानों के लिए बन रहा लाभकारी व्यवसाय

भोपाल (स्वतंत्र मत)

ग्रामीण अर्थव्यवस्था का उत्थान, शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। शासन द्वारा कृषि और पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे कृषि और पशुपालन अब न केवल लाभ का व्यवसाय बन गया है, बल्कि इससे किसानों और पशुपालकों को नई पहचान भी मिल रही है। छिंदवाड़ा जिले के चौरई विकासखंड के ग्राम बांकानागनपुर के नवीन रघुवंशी भी उन्हीं किसानों और पशुपालकों में से एक हैं। श्री रघुवंशी ने पशुपालन विभाग की राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) योजना का लाभ लेकर बकरी पालन को एक सशक्त और लाभकारी व्यवसाय के रूप में स्थापित किया है।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26

दिनांक 9/2/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शकुंतला शिव कुमार शर्मा पति श्री शिव कुमार शर्मा ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम जवाहर लाल नेहरू के भवन क्रमांक 1393/1A संपत्ति के पिन क्रमांक 1000429816 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकबा व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 927 व.फु पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती शैलेन्द्र कुमार शर्मा (मिश्रा) पिता श्री स्व. जवाहर लाल मिश्रा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**

**संभाग क्रमांक-11**

**नगर निगम, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती समता जैन पति श्री अमित जैन के द्वारा पुरवा कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक MIG-II-91 के हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त भवन श्री एन.एल.अग्रवाल पिता श्री बाबूलाल अग्रवाल के नाम पर आवंटित है। श्रीमती समता जैन पति श्री अमित जैन के प्राप्त आवेदन एवं निर्धारित दस्तावेज के आधार पर श्रीमती समता जैन पति श्री अमित जैन के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति संस्था को उक्त भवन के हस्तांतरण बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैध आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने से शिववनगर दमोहनाका MIG-II-91 श्रीमती समता जैन पति श्री अमित जैन के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति दावा मान्य नहीं होगा।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन नामिनी नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित धनवंतरी नगर जबलपुर स्थित भवन क्रमांक Sr. MIG -89 श्रीमती छमेश्वरी पाण्डेय पति श्री सूरज प्रसाद पाण्डेय को आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 11.03.2011 को निष्पादित हो चुका है। आवंटी श्रीमती छमेश्वरी पाण्डेय पति श्री सूरज प्रसाद पाण्डेय का निधन दिनांक 14.11.2025 को हो चुका है। उनके पुत्र श्री विवेक पाण्डेय पिता श्री सूरज प्रसाद पाण्डेय के द्वारा नामांतरण करने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त भवन के नामांतरण हेतु आवेदन / दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भवन नामांतरण बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैध आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**बेदखली सूचना**

मैं संतोष कुमार श्रीवास्तव व सेवा निवृत्त शासकीय शिक्षक आत्मज स्व श्री बाबूलाल श्रीवास्तव निवासी न्यू राम नगर गणेश चौक आमखेड़ा अधारताल जिला जबलपुर अपने पुत्र सुशांत श्रीवास्तव एवं पुत्रवधु श्रीमती अर्पिता श्रीवास्तव के आपसी लड़ाई झगड़े से काफी परेशान हो चुका हूं। मेरे ब्रेन का ऑपरेशन 7 फरवरी 2021 को हो चुका है मुझे इस उम्र में शांति की तलाश है पुत्रवधु अर्पिता के द्वारा चाहे जब मेरे निवास पर पुलिस बुला ली जाती है मैं और मेरी पत्नि हम दोनों वृद्ध हैं और शांति से जीवन व्यतीत करना चाहते हैं इसलिये उन्हें अपनी चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं ताकि वे कहीं और अपना निवास बनायें।

भवदीय

**राजा मिश्रा (अधिवक्ता)**

जिला एवं सत्र न्यायालय बार के पास जबलपुर, म.प्र

मो.7987791048

# युवाओं व विद्यार्थियों के लिए भविष्य निर्माण का सशक्त माध्यम है बजट






## हितकारिणी महिला महाविद्यालय में बजट पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी महिला महाविद्यालय में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट को लेकर एक सार्थक बजट पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुनील पाहवा, पूर्व प्राचार्य, जीएस कॉलेज थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीए राहुल अग्रवाल एवं विकास अधिकारी जयंत पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उप प्राचार्य डॉ. पूर्णिमा तिवारी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीलेश पाण्डेय ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अंशुल मिश्रा द्वारा किया गया। चर्चा के दौरान वक्ताओं ने बजट में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, रोजगार एवं आर्थिक विकास से संबंधित प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. सुनील पाहवा ने कहा कि बजट युवाओं और विद्यार्थियों के लिए भविष्य निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बजट में आमजन के लिय क्या क्या होना चाहिए इस पर अपने विचार रखें।

### विद्यार्थियों में बढ़ी जागरूकता

आम नागरिकों को और अधिक सुविधा मिले नि:शुल्क जो सुविधा मिल रही है। इस पर चिंता जाहिर की। सीए राहुल अग्रवाल ने बजट के आर्थिक व कर संबंधी पहलुओं को सरल भाषा में समझाया। जयंत पटेल ने आयोजन की महत्ता को बताया। डॉ पूर्णिमा तिवारी ने बजट का संपूर्ण विवरण दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. नीलेश पाण्डेय ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं में आर्थिक जागरूकता बढ़ाने में सहायक होते हैं। उन्होंने सभी वक्ताओं के व्याख्यान का सार बताया और छात्राओं से प्रश्न भी किए और उन्हें बचत करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ आयोजन का समापन हुआ। कार्यक्रम में समस्त विभाग अध्यक्ष और छात्राएं उपस्थित रही।

# मामूली विवाद पर फर्नीचर कारोबारी को चाकू से गोदकर उतारा मौत के घाट





## रांझी थाना क्षेत्र का मामला, कार-बाइक में टक्कर के बाद शुरू हुआ था विवाद

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रविवार देर रात कार और बाइक की भिड़ंत के बाद कार चला रहे एक फर्नीचर कारोबारी की अज्ञात बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना रांझी थाना क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के पास हुई। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची रांझी थाने की पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सब्जी मंडी आधारताल निवासी 34 वर्षीय आकांश साहू फर्नीचर का व्यवसाय करता था। रविवार रात आकांश साहू रविवार रात दोस्तों से मिलकर गोकलपुर से घर लौट रहा था। इस बीच जब वह रांझी क्षेत्र से गुजर रहा था तभी उसकी कार की टक्कर एक बाइक सवार युवक से हो गई। इसके बाद दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। इस दौरान बाइक सवार युवक ने कार चालक आकांश के साथ गाली-गलौज की। विवाद बढ़ा तो आरोपी ने अपने 5 साथियों का बुलाया और आकांश को घेरकर चाकू ताबड़तोड़ हमला कर भाग निकले।

### इलाज के दौरान तोड़ा दम

इस घटना के बाद आंकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद सोमवार को रांझी सीएसपी सतीश साहू टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुसिल के मुताबिक अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## बिना लाइसेंस चल रहा था बार और पब, गरूड़ दल ने किया सील

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जिला प्रशासन द्वारा गठित गरुड़ दल ने रविवार की रात दीनदयाल चौक बस स्टैंड स्थित बड़कुल रेस्टोरेंट, बिट्टू दा ढाबा एवं मदिरा बार का आकस्मिक निरीक्षण किया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुंडेश्वर धाम प्रगति गनवीर के नेतृत्व में किये गए निरीक्षण में तहसीलदार वीर बहादुर सिंह धुर्वे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद धुर्वे, आबकारी निरीक्षक अंकित जैन एवं माढ़ोताल थाने का पुलिस बल शामिल था। बड़कुल रेस्टोरेंट एवं बिट्टू के ढाबे में बिना ग्लब्स के किचन में खाना बनाने एवं साफ-सफाई का अभाव होने के कारण 5-5 हजार का और कुल 10 हजार रुपये का अर्थदंड नगर निगम की टीम द्वारा वसूल किया गया तथा बड़कुल रेस्टोरेंट के किचन से पनीरए पापड़ आदि के सैंपलिंग लेकर परीक्षण के लिये भेजे गए। बिट्टू दा ढाबे के ऊपर संचालित मदिरा बार एवं पब में बिना लाइसेंस एवं सक्षम अनुमति के संचालित बार को सील कर विदेशी एल्कोहल जब्त कर आबकारी विभाग के सुपर्द किया गया। सालाना टर्नओवर 40 लाख होने के बाद भीं मदिरा बार के पास एफएसएसएआई का लाइसेंस नहीं था।

## लोडेड पिस्टल खोंसे पकड़ा गया बदमाश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** माढ़ोताल थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सफेद रंग की टीशर्ट एवं काले रंग का जींस पहने औरिया मटर मंडी के सामने हनुमान मंदिर के बाजू से हाईवे सर्विस रोड़ में खड़ा है जो अपने पास पिस्टल रखे है कोई घटना कर सकता है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को वहां पर खड़ा एक व्यक्ति देखकर भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम नीरज जैन पिता निर्मल चंद जैन उम्र 36 वर्ष निवासी पड़वार तिराहा सूरतलाई कटंगी रोड़ माढ़ोताल बताया। तलाशी लेने पर कमर मे जीन्स पेंट में बायें तरफ देशी पिस्टल रखे मिला, पिस्टल की मैगजीन चैक करने पर एक कारतूस लोड पाया गया। पुलिस ने आरोपी नीरज कुमार जैन के कब्जे से देशी पिस्टल एवं कारतूस जब्त करते हुये पिस्टल और कारतूस के सम्बंध में पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पकडे गए आरोपी नीरज जैन के विरूद्ध जुआ, आबकारी एक्ट के पूर्व से 3 अपराध पंजीबद्ध है।

# हितकारिणी महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी महिला महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत गारमेंट क्लस्टर का अवलोकन किया गया। भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को वस्त्र उद्योग की कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रक्रिया तथा रोजगार की संभावनाओं से रूबरू कराना था। भ्रमण के दौरान छात्राओं को गारमेंट निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं-डिज़ाइनिंग, कटिंग, सिलाई, फिनिशिंग, पैकेजिंग एवं गुणवत्ता नियंत्रण-की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। क्लस्टर के प्रबंध संचालक दीपक जैन ने छात्राओं को उद्योग से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ देते हुए उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीलेश पाण्डेय, डॉ. सुनीता बजाज, प्रो. आशीष मालपानी, प्रो. फरहाना खान, डॉ. आरती एवं डॉ. अंजली उपस्थित रहीं। प्राचार्य डॉ. नीलेश पाण्डेय ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण छात्राओं के सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने में सहायक होते हैं। छात्राओं ने इस भ्रमण को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताते हुए उत्साह व्यक्त किया।




## नाले में कार पलटाकर फरार हुआ चालक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोहलपुर थाना क्षेत्र में देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब थाने के पास स्थित पुल के नीचे एक कार अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी। हादसे के तुरंत बाद कार सवार चालक और उसका साथी वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक तेज रफ्तार कार अचानक पुल से निकलते समय नियंत्रण खो बैठी और सीधे नीचे नाले में जा गिरी। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक कार सवार वहां से भाग चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही गोहलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार को नाले से बाहर निकलवाने की कार्यवाही शुरू की।



## एनईआईयू ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन ने सोमवार को घंटाघर चौराहे पर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और अभ्यर्थियों को हो रही परेशानियों को प्रमुखता से उठाया है। संगठन ने बताया कि एमपीपीएससी द्वारा इस वर्ष मात्र 155-156 पदों की रिक्तियां निकाली गई हैं, जो अभ्यर्थियों के साथ अन्यायपूर्ण है। इसके अलावा वर्ष 2019 की वे रिक्तियां, जिनकी चयन प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी, अब तक यानी 2026 तक भी नहीं भरी गई हैं। ज्ञापन में परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था पर भी सवाल उठाए गए। संगठन का कहना है कि जबलपुर में अध्ययनरत कई विद्यार्थियों को 500-600 किलोमीटर दूर परीक्षा केंद्र आवंटित किए जाते है।

# दर्जनों किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकालकर घेरा तहसील कार्यालय



## धान उपार्जन भुगतान न मिलने पर मझौली में जमकर विरोध

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

धान उपार्जन में हुए फर्जीवाड़े की जांच के चलते रुके भुगतान को लेकर सोमवार को मझौली में किसानों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकालकर मझौली तहसील कार्यालय का घेराव किया। बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तत्काल भुगतान की मांग की। दरअसल यह मामला मझौली ब्लॉक के श्री जी वेयरहाउस से जुड़ा है, जहां धान उपार्जन के दौरान फर्जीवाड़ा सामने आया था।

***लगभग 100 किसान प्रभावित-*** जांच के चलते लगभग 100 किसानों का भुगतान अटका हुआ है। जिला प्रशासन की जांच के बाद वेयरहाउस प्रबंधन से जुड़े पांच लोगों पर एफआईआर भी दर्ज की जा चुकी है, लेकिन किसानों का कहना है कि दोषियों की कार्यवाही का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। किसानों के समर्थन में भाजपा विधायक अजय विश्नोई ने भी कलेक्टर को पत्र लिखकर किसानों का भुगतान जल्द कराने की मांग की है। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर 48 घंटे के भीतर भुगतान नहीं हुआ तो जिला मुख्यालय का घेराव किया जाएगा। प्रशासन की ओर से किसानों को जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया है, लेकिन फिलहाल भुगतान को लेकर असमंजस बना हुआ है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** खमरिया थाने सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति की शासकीय अस्पताल रांझी में मृत्यु होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को नारायण चौधरी उम्र 50 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती शिव मंदिर तलैया रांझी ने बताया कि वह अशोक टेंट हाउस में वेटर का काम करता है। विगत दिन अशोक टेंट हाउस का काम दक्ष होटल के पीछे लगा था जिसमें वह एवं उसकी पत्नी विद्या बाई और उसका सौतेला बेटा अनिल बेहना काम करने गये थे। काम से गुटका लेने उमरिया मोड की ओर जा रहे थे। तभी पीछे से एक अज्ञात वाहन का चालक दोनो को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दिया जिससे दोनो को चोटे आ गयी। स्थानीयजनों ने एम्बुलेंस से रांझी अस्पताल भिजवाया। जहां पर डाक्टर ने चैक कर उसके सौतेले लड़के अनिल बेहना उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम औघट खपरी महाराजपुर मण्डला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मामले को जांच में लिया है।

# ट्रिपल आईटीडीएम में मप्र की पहली ड्रोन सॉकर लीग का आयोजन

## अलग-अलग शहरों से आई 32 टिमों ने लिया भाग, विजेता हुए पुरस्कृत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, डिजाइन एवं विनिर्माण संस्थान ट्रिपल आईटीडीएम जबलपुर में राज्य की पहली ड्रोन सॉकर लीग का आयोजन 6 फरवरी से 8 फरवरी तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह तीन दिवसीय आयोजन ड्रोन तकनीक, खेल और नवाचार का अनूठा संगम साबित हुआ। इस लीग का मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के युवाओं को ड्रोन तकनीक से जोड़ना था, विशेष रूप से उन प्रतिभागियों को जो पहली बार इस उभरते क्षेत्र में कदम रख रहे हैं। प्रतियोगिता की संरचना इस प्रकार तैयार की गई थी कि बिना किसी पूर्व तकनीकी अनुभव के भी प्रतिभागी ड्रोन तकनीक को व्यावहारिक रूप से सीख सकें। लीग के दौरान प्रतिभागियों को ड्रोन के मूलभूत घटकों, इलेक्ट्रॉनिक्स, संरचना और नियंत्रण प्रणालियों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही ड्रोन असेंबली, कैलिब्रेशन, सुरक्षित उड़ान अभ्यास, फ्लाइट लॉजिक, कोडिंग और एम्बेडेड सिस्टम्स में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कारण यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक संपूर्ण लर्निंग और स्किल-डेवलपमेंट प्लेटफॉर्म बनकर उभरा।

***टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन-*** इस तीन दिवसीय आयोजन में पूरे मप्र से कुल 32 टीमों ने भाग लिया और अपने तकनीकी कौशल, रणनीति और टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन किया। ड्रोन सॉकर के रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों में खासा उत्साह पैदा किया और छात्रों के बीच तकनीकी खेलों के प्रति नई रुचि विकसित की। प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं 15 हजार तक की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। ड्रोन सॉकर लीग के सफल आयोजन में एयरो फैब्रिकेशन क्लब के सदस्यों की भूमिका रही। आयोजन को सफल बनाने में संस्थान के निदेशक प्रो. भरतेंदु कुमार सिंह, डीन डॉ. एमके रॉय, टेक्निकल काउंसलर डॉ. शिवांश आदि सहयोग रहा ।

# पमरे इंटर डिविजनल डांस प्रतियोगिता-2026 का आयोजन




जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पश्चिम मध्य रेल द्वारा 09 फरवरी 2026 को इंटर डिविजनल डांस प्रतियोगिता 2026 का भव्य, रंगारंग एवं उल्लासपूर्ण आयोजन महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय की मुख्य आतिथ्य में रेल सौरभ अधिकारी क्लब में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न मंडलों से आए प्रतिभागियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला, प्रतिभा एवं सांस्कृतिक विविधता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन संगठन की रचनात्मक ऊर्जा, सकारात्मक सोच एवं आपसी समन्वय का सशक्त उदाहरण होते हैं। पश्चिम मध्य रेल केवल एक परिवहन प्रणाली नहीं, बल्कि एक जीवंत, संवेदनशील एवं मानवीय मूल्यों से युक्त संगठन है, जिसकी वास्तविक शक्ति उसके अधिकारी एवं कर्मचारी हैं। उन्होंने कहा कि नृत्य, संगीत, कला एवं नाट्य जैसी गतिविधियाँ व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं तथा कार्य और जीवन के बीच संतुलन स्थापित कर नई ऊर्जा का संचार करती हैं।









हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**